

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली के मिश्रण है... | मोबाइल क्षेत्र में उतरेगा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का परिवार 10

वर्ष : 13 | अंक : 68 | पटना, बुधवार, 18 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# इंतजार खत्म! बिहार में मानूसन की एंट्री, 6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बिहार में आधिकारिक रूप से दस्तक दे दी है। इस बार भी मानसून की एंट्री पूर्वी बिहार से ही हुई। किशनगंज के रास्ते राज्य में दाखिल हुआ मानसून अब तेजी से अपना विस्तार कर रहा है। इसके प्रभाव से किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल, कटिहार, भागलपुर, बांका और मुंगेर में अच्छी बारिश दर्ज की गई है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### मानसून आते ही किसानों के खिले चेहरे

राज्य के कई जिलों में पिछले कुछ दिनों से लू और तेज धूप ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। लेकिन मानसून की आमद से मौसम में बदलाव आया है और तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे सबसे ज्यादा राहत उन किसानों को मिली है जो बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। धान की रोपाई की तैयारी कर चुके किसान अब बारिश के बाद खेतों की ओर लौटते दिख रहे हैं।

### राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश के आसार

राज्य के पश्चिमी चंपारण और किशनगंज में बुधवार को अति भारी बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा भागलपुर, बांका, जमुई, अररिया, कटिहार और पूर्णिया जिले में भारी बारिश की आशंका है। आइएमडी ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। इसके अलावा राज्य के कई हिस्सों में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। इस दौरान वज्रपात के भी आसार हैं. बारिश के इस प्रभाव से राज्य के उच्चतम तापमान में गिरावट के आसार हैं। लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। फिलहाल बिहार में मानसून की एंट्री ने मौसम को सुहाना बना दिया है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में बारिश की रफ्तार कितनी बनी रहती है। पटना आइएमडी की तरफ से जारी पूवानुर्मान के अनुसार आगामी 48 घंटे के दौरान मॉनसून के पूरे बिहार में सक्रिय होने के पूरे आसार हैं। पूरे बिहार में मॉनसून के विस्तार के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।



## वज्रपात से 12 की मौत, सीएम मर्माहत

### 4-4 लाख मुआवजे का किया ऐलान

पटना। बिहार के 6 जिलों में ठनका गिरने से 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी है। इस घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक जताया है। सीएम नीतीश ने मृतक के आश्रित को 4-4 लाख रुपए अनुदान देने का आदेश दिया है। बता दें कि वज्रपात से पिछले 24 घंटे में बिहार के 6 जिलों में 12 लोगों की जान चली गयी है। सबसे ज्यादा मौतें बक्सर जिले में हुई है। बक्सर में 4, पश्चिम चंपारण में 3, कटिहार में 2, कैमूर में 1, लखीसराय में 1 एवं सीतामढ़ी में 1 मौत हो गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि यह घटना बेहद दुखद है। मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश सीएम ने अधिकारियों को दिया। लोगों से यह अपील की है कि खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी बिहार को करोड़ों रुपये की देंगे सौगात : सम्राट

पीएम मोदी 20 जून को आएंगे बिहार

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार पहुंचेंगे। पीएम मोदी का इस साल ये चौथा दौरा होगा। पीएम मोदी बिहार के सीवान में एक बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और राज्य को करोड़ों रुपये की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के इस अहम दौरे से पहले मंगलवार को सम्राट चौधरी ने बिहार के लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए साझा एक वीडियो संदेश में कहा, मैं सभी लोगों से आग्रह करना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को सीवान आ रहे हैं। आपसे आग्रह है कि लाखों की संख्या में जुटें। बिहार के विकास में देश के प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वाद मिल रहा है। लोगों से अपील है कि आप लोग इसका लाभ उठाने की कोशिश करें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, नगर विकास के क्षेत्र में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके साथ कई ऐसी योजनाएं हैं, जो बिहार को समर्पित करने का काम पीएम मोदी करेंगे, उसमें सभी लोग आएं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सम्राट चौधरी ने फिर से बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग लाखों की संख्या में जुटकर पीएम नरेंद्र मोदी की बातों को सुनने का काम करें।

### जम्मू-कश्मीर में सभी अमरनाथ यात्रा मार्ग उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को एक जुलाई से 10 अगस्त तक उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। तीन जुलाई से शुरू होने वाली श्री अमरनाथजी यात्रा में इस वर्ष सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, जिसमें 38 दिनों की तीर्थयात्रा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती भी शामिल है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिसमें 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गयी थी। प्रति वर्ष, हजारों श्रद्धालु हिमालय में स्थित गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए कठिन यात्रा करते हैं। गृह विभाग ने 16 जून को आदेश जारी कर अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया है।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, 20 एजेंडों पर लगी मुहर

## कैबिनेट फैसला : सूबे के 6 जिलों में छोटे हवाई अड्डे के निर्माण की मंजूरी



प्रातः किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। जिसमें 20 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में नीतीश सरकार ने राज्य के छह शहरों में हवाई अड्डों को उड़ान योजना के तहत विकसित करने की स्वीकृति दी है। इसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और बिहार सरकार के बीच समझौता हुआ है। इन हवाई अड्डों के विकसित होने से लोगों को आसान और सुलभ हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी, साथ ही पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में विमान पत्तन प्राधिकरण से करार का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिन एयरपोर्ट को विकसित किया जाएगा उनमें मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकि नगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा हैं। इन एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए फिलहाल 150 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक एयरपोर्ट के लिए 25-25 करोड़ का आवंटन मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा के निर्माण से राज्य और स्थानीय निवासियों को हवाई आवागमन की सुविधा मिलेगी साथ ही आर्थिक विकास में भी मदद मिलेगी। दरअसल, उड़ान योजना के तहत जिन छह हवाईअड्डों को विकसित करने का फैसला लिया गया है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य है हवाई किराए को कम करना, क्षेत्रीय हवाई अड्डों का विकास करना, और देश के दूरदराज के इलाकों को हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करना।

### पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग नियमावली 2025 गठित :

राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के लिए सरकार ने बिहार राज्य विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) संवर्ग नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी है। नियमावली के तहत सरकार के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष के नए संवर्ग का गठन किया गया है। इन पदों पर नियुक्ति सीधे राज्य सरकार के द्वारा आयोग के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर की जाएगी। सरकार ने यह निर्णय शिक्षा के प्रभावी प्रबंधन और उसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए लिया है।

### किसानों को एमएसपी पर मिलेगा दाल और तिलहन का दाम

बिहार सरकार 2025-26 से राज्य में दाल और तिलहन फसलों की सरकारी खरीद शुरू करेगी। यानी अब सरसों, चना जैसी फसलों पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिप्राप्ति होगी। इससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा और आय में इजाफा होगा। साथ ही राज्य में दाल और तिलहन की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने चना, मसूर और सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया है। चना के लिए 5650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए 6700 रुपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित की गई है।

## पटना में बनेगा फाइव स्टार होटल

प्रातः किरण

कैबिनेट ने पटना के आयकर गोलंबर के पास स्थित होटल पाटलिपुत्र अशोक की जमीन पर पीपीपी मोड में फाइव स्टार होटल के निर्माण के लिए कुमार इन्फ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड देने की भी मंजूरी दी। यह होटल 60 साल की लीज पर विकसित होगा, जिसे आगे 30 साल तक बढ़ाया जा सकता है। यह राजधानी पटना में प्रस्तावित तीन फाइव स्टार होटलों में से पहला होगा. बाकी दो होटल बांकीपुर बस स्टैंड और सुल्तान पैलेस में बनाए जाने हैं, जिनकी निविदा प्रक्रिया चल रही है। पर्यटन विभाग का यह प्रयास घरेलू और विदेशी पर्यटकों को उच्चस्तरीय सुविधाएं देने और स्थानीय रोजगार बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ज्ञात हो कि राजधानी पटना में पर्यटकों को आधुनिक सुविधायुक्त गुणवत्तापूर्ण आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तीन पाँच सितारा होटलों का निर्माण कार्य जन-निजी भागीदारी के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इस होटल के निर्माण से राज्य में आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों को उच्चस्तरीय आधुनिक आवासन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी, जिसके फलस्वरूप पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हो सकेगी। पाँच सितारा होटल के आस-पास आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि से राजस्व प्राप्ति में वृद्धि होगी, साथ ही रोजगार सृजन की संभावनाएँ भी बढ़ेगी। राजधानी में शीघ्र ही दो और फाइव स्टार होटल निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया पूरी होगी।

### पटना में बदलेगा हॉस्पिटैलिटी का चेहरा

पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह होटल पटना के प्रमुख स्थान पर बनाया जाएगा और इसकी खासियत यह होगी कि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं होंगी। हाई-एंड लग्जरी रूम, कांफ्रेंस हॉल, स्पा, जिम, मल्टी-कुजीन रेस्टोरेंट और अत्याधुनिक बैंक्वेट हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे बिहार के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को नई पहचान मिलेगी और इन्वेस्टर्स के बीच विश्वास बढ़ेगा। राज्य सरकार को उम्मीद है कि 5-स्टार होटल बनने से पर्यटन और कॉर्पोरेट सेक्टर दोनों को मजबूती मिलेगी। होटल निर्माण से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. इसमें होटल मैनेजमेंट, कुकिंग, हाउसकीपिंग, इवेंट मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही पटना में अक्सर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों, सरकारी बैठकों और राजनीतिक आयोजनों का आयोजन होता है। अब एक प्रीमियम 5-स्टार होटल के आने से विदेशी मेहमानों को विश्वस्तरीय सुविधा मिलेगी।

### अन्य फैसले :

बिहार पुलिस की स्पेशल ऑक्जिलरी फोर्स में तैनात भारतीय सेना के रिटायर्ड 1717 जवानों की सेवा अवधि को एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। ये फैसला सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ रिटायर्ड सैनिकों को सम्मानजनक अवसर देने की दिशा में अहम है।

सरकार ने सोन, कियूल, फल्गु, मोरहर और चानन नदियों में बालू पुनर्भरण की प्रक्रिया का अध्ययन कराने का फैसला किया है। इस कार्य को सीएमपीडीआई संस्था को सौंपा गया है, जिसके लिए 2.58 करोड़ की मंजूरी दी गई है। यह अध्ययन राज्य में पर्यावरणीय संतुलन और सतत बालू खनन के लिए अहम साबित हो सकता है।

## एयर इंडिया के तीन विमानों में आई तकनीकी खराबी, रद्द हुई उड़ान

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। एयर इंडिया से जुड़े विमानों में लगातार तकनीकी खराबी के मामले बढ़ रहे हैं। खास तौर पर बोइंग कंपनी के बी-787 ड्रीमलाइन विमानों में लगातार खराबी आ रही है। मंगलवार को तीन विमानों में तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद दो उड़ानों को रद्द कर दिया गया। जबकि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रहे एक विमान को सोमवार आधी रात के बाद कोलकाता एयरपोर्ट पर रोका गया। उधर, विमानों में तकनीकी खराबी को लेकर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से विस्तृत रिपोर्ट मांग ली है। बताया जा रहा है कि सैन फ्रांसिस्को आ रहे विमान संख्या एआई-180 की कोलकाता में शेडयूल्ड लैंडिंग थी। जहां से उसे मुंबई जाना था लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से यात्रियों को प्लेन से उतार दिया गया। सोमवार आधी रात के बाद रात 12:45 बजे विमान कोलकाता पहुंचा, लेकिन उड़ान शुरू करने से पहले उसके बाएं इंजन में दिक्कत आई। सुबह करीब 5:20 बजे क्रू ने ऐलान किया कि सुरक्षा के लिए सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकलना होगा। कैप्टन ने बताया कि यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा के लिए लिया गया। इतनी ही नहीं, अहमदाबाद से लंदन और दिल्ली से पेरिस जाने वाली फ्लाइट एआई143 को भी रदद किया गया। इसको लेकर एयर इंडिया की तरफ से कहा गया कि विमान में यात्रियों की संख्या कम होने के कारण उड़ान को रद्द किया गया लेकिन सूत्र बताते हैं कि उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच में कुछ खराबी नजर आई, जिसके बाद उड़ान को रद्द किया गया।

### डीजीसीए ने मांगी तकनीकी जांच की रिपोर्ट

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानों की अतिरिक्त जांच करने का निर्देश दिया था। खास तौर पर ड्रीमलाइनर बी-787/8 विमानों की अतिरिक्त जांच कराने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से एयर इंडिया और डीजीसीए के क्षेत्रीय कार्यालय से जुड़े अधिकारियों की निगरानी में विमानों की जांच की जा रही है। एयर इंडिया के पास कुल 34 ड्रीमलाइन बी 787/8 विमान हैं, जिनमें से 28 की जांच पूरी हो चुकी है। उधर, मंगलवार को डीजीसीए में अहम बैठक हुई, जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियों से विमानों में अचानक से लगातार आ रही तकनीकी खराबी पर रिपोर्ट मांगी गई। इसके साथ ही, पहले से चल रही ड्रीमलाइनर विमानों की तकनीकी जांच की स्टेट्स रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने को कहा गया। सूत्रों का कहना है कि एयर इंडिया ने जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट देने की बात कही है।

### अतिरिक्त सावधानी के चलते पड़ रहा असर

उड़ान रद्द होने के पीछे तकनीकी कारण के साथ कुछ अन्य कारण भी हैं। अतिरिक्त तकनीकी जांच के कारण कई रूट पर विमानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। क्योंकि अंतरराष्ट्रीय उड़ान से वापस लौट रहे विमानों की पहले तकनीकी जांच की जा रही है, जिसमें लंबा समय लगता है। सामान्य स्थिति में एक विमान के लौटने पर अगली उड़ान कुछ घंटों के बाद ही शेड्यूल होती है, लेकिन तकनीकी जांच में समय लगने के कारण अगली उड़ान का शेड्यूल प्रभावित हो रहा है। उधर, अचानक से समाने आ रही कुछ गड़बड़ी के चलते एहतियात के तौर पर उड़ान सेवा को रद्द किया जा रहा है।

## विमान हादसा :162 मृतकों की पहचान हुई

प्रातः किरण संवाददाता

अहमदाबाद। अहमदाबाद में विमान हादसे के पांच दिन बाद डीएनए जांच से 162 मृतकों की पहचान कर ली गई है जबकि 120 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। मंगलवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अहमदाबाद जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि मंगलवार तक 162 शवों का डीएनए मिलान कर लिया गया है। जिन 120 लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए हैं उनमें से पांच लोग विमान पर सवार नहीं थे बल्कि वह जमीन पर हादसे की चपेट में आए थे।

### जांच समिति तीन माह में सौंपेगी रिपोर्ट :

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने विमान के ब्लैक बॉक्स के डेटा से हादसे के बारे में सुराग मिलने की उम्मीद जताई। अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान हादसे की जांच के लिए केंद्र ने शनिवार को जांच समिति का गठन किया था। समिति तीन माह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



### दिवंगत पायलट सुमित सभरवाल पंचतत्व में विलीन

अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया विमान के पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के उपनगर चकला स्थित एक विद्युत शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इस दौरान कैप्टन के पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने 56 वर्षीय पायलट को बेहद गमगीन माहौल में नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## भारतीय दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट पर एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया

# ईरान में फंसे 10 हजार भारतीयों को जल्द किया जाएगा एयरलिफ्ट

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बारे में अपने आर्मेनियाई समकक्ष अराराट मिजोर्या से बात की है। वहीं, एक सूत्र ने बताया कि शिराज और इसफहन से छात्रों को याज्द में शिफ्ट किया जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इंडियन एंबेसी तेहरान में हालात पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है। इसके अलावा भारतीय छात्रों की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। कुछ मामलों में छात्रों को एंबेसी के सुरक्षित ठिकानों पर रखा जा रहा है। इसके अलावा अन्य जगहों की भी तलाश की जा रहा है। जल्द ही ईरान में फंसे 10 हजार भारतीयों को एयरलिफ्ट किया जा सकता है। इस बीच भारतीय दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट पर एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया। सभी भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है। इसमें कहा गया है कि कृपया याद रखें, घबराने की जरूरत नहीं है, सावधानी बरतें और तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखें। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्णपर लिखा कि कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो वर्तमान में ईरान में हैं। भारतीय दूतावास ने आपात स्थिति के लिए कुछ फोन नंबर भी जारी किए हैं। इधर, भारत सरकार ने कहा है कि वह इन छात्रों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। ईरान में फिलहाल करीब 10 हजार भारतीय हैं, जिनमें 6000 छात्र हैं। इसमें से करीब 600 छात्रों को तेहरान से कौम की तरफ रीलोकेट किया जा चुका है। इसके अलावा 110 छात्र उर्मिया से आर्मेनिया सीमा की तरफ जा चुके हैं।

इन लोगों को जल्द से जल्द वहां से निकाल लिया जाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद अल नाह्यान से भी बात की है। इन दोनों के बीच पश्चिमी एशिया में हालात को लेकर बात हुई। श्रीनगर से मिली रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की विभिन्न यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई करने वाले कश्मीरी छात्र वहां पर फंसे हुए हैं।

### भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील

तेहरान/नई दिल्ली। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इजरायल की ओर से किये जा रहे हमलों के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को शहर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। भारतीय दूतावास ने नागरिकों से दूतावास को अपना संपर्क विवरण और जिस स्थान पर रह रहे हैं उसका विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ जो अपने संसाधनों का उपयोग करके तेहरान से बाहर जा सकते हैं, उन्हें शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाने की सलाह दी है। सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं

## इजरायल-ईरान युद्ध : ट्रम्प ने तेहरान के लोगों से पलायन करने का किया आग्रह

प्रातः किरण

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के लोगों से शहर खाली करने का आग्रह किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ पर लिखा,ईरान को वह ह्यसौदाह्ण हस्ताक्षर करना चाहिए था जो मैंने उन्हें करने के लिए कहा था। यह शर्म की बात है और मानव जीवन की बबार्दी है। मैं बार-बार कहता आया हूं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता।हर किसी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। श्री ट्रम्प की यह पोस्ट और घोषणा तब आई जब ईरान ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर मिसाइलें दागीं जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी। बाद में इजरायल ने जबावी कार्रवाई की और तेहरान में ईरानी सरकारी मीडिया एजेंसी आईआरआईबी के लाइव प्रसारण के दौरान उस पर हमले किये। इसमें 227 से अधिक ईरानियों की मौत हो गयी जबकि अब तक इजरायल में कुल 24 लोगों की मौत हुयी है। जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बैठक की शुरूआत में श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा,ईरान का युद्ध जीतना मुश्किल है। इसलिये उसे इजरायल के साथ उन्हें तुरंत बातचीत करनी चाहिये। इससे पहले कि बहुत देर हो जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### ईरान को दुष्ट शासकों से मुक्त कराया जा रहा है : नेतन्याहू

तेल अवीव/तेहरान। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गये है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। श्री नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा ईरानी शासन के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे एक्ट के तहत 16 गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रेल लाइन पार करते एक, आरक्षित कोच से चार, रेल के पायदान से नौ आरक्षित कोच से दो को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के विरुद्ध नियम संगत कारवाई की गई।

### 21-22 जून को पटना के आईएमए हॉल में होगा एक्युप्रेशर वर्कशॉप

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना एवं श्याम एकेडमी, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 21एवं 22 जून को पटना के आईएमए हॉल में एडवांस प्रैक्टिकल एक्युप्रेशर वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। इसमें 12 राज्यों के एक्युप्रेशर चिकित्सा के दो सौ छात्र भाग लेंगे। एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त एवं कॉलेज सचिव डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि वर्कशॉप के अंतर्गत अनेक असाध्य रोगों की विशेष ज्ञान देते हुए एक्युप्रेशर चिकित्सा करने का एडवांस स्तर के प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा आधुनिक उपकरणों के प्रयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा। श्याम एकेडमी के डॉ उधम सिंह राणा हर्बल मेडिसिन के उपयोग पर विशेष प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। लाभान्वित होने वाले छात्र अपने राज्यों में स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति में अपना सहयोग करेंगे।

### अंचल कार्यालय में 165 भूमिहीन परिवारों को जमीन का बंदोबस्ती का पर्चा वितरण किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप नहर किनारे में अतिक्रमण कर रह रहे 165 भूमिहीन परिवारो को हटाया गया साथ ही उन परिवारो को चिन्हित कर प्रशासन ने उन्हे बसाने को लेकर कार्रवाई करते हुए जमीन बंदोबस्ती का पर्चा वितरण किया। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंचल कार्यालय में सभी 165 भूमिहीन परिवारो को जमीन का बंदोबस्ती का पर्चा वितरण किया गया। सभी भूमिहीन परिवारो को अंचलाधिकारी चंदन कुमार व प्रमुख वंदना राय ने संयुक्त रूप से पर्चा वितरण किया। अंचलाधिकारी ने बताया कि पाटलिपुत्र स्टेशन के निकट दीघा-रूपसपुर नहर मार्ग पर सड़क किनारे झोपड़ी बना कर रह रहे लोगो की पहचान का चिन्हित किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा पाटलिपुत्र स्टेशन के पास अतिक्रमण कर बसे लोगों को जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए सभी परिवारो को 3 डिसमिल जमीन का पर्चा दिया गया। सभी पुरानीपानापुर में जमीन का बंदोबस्ती पर्चा दिया गया। 495 डिसमिल जमीन का वितरण 165 परिवारो के बीच किया गया।

### कोथवां पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के रूप में संतोष कुमार सिंह ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत कोथवां पंचायत के मुखिया व तीन पंचायत के पंच पद के लिए होने वाले चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के तीसरे दिन मुखिया प्रत्याशी के रूप में संतोष कुमार सिंह ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को कोथवां पंचायत के मुखिया पद के लिए संतोष अपने समर्थको के साथ नामांकन करने पहुंचे। सारी प्रक्रिया पुरी करने के बाद उन्होने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। पूर्व में यहां स्थानीय विधायक रितलाल राय के पिता रामाशीष राय मुखिया थे। उनके निधन के बाद ये पद रिक्त था। उपमुखिया इसके प्रभार में थे।

### स्कूटी से शराब ले जा रहे एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शाहपुर पुलिया के निकट एक नीले रंग के स्कूटी से शराब लेकर जा रहे युवक को धड़ दबोचा। जिसके पास से 23.37 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। युवक की पहचान मनेर के छिहंतर निवासी धर्मेन्द्र कुमार के रूप में किया गया। बताया जाता है कि मंगलवार को स्कूटी सवार अपने बैंग में शराब भर कर मनरे से दानापुर की ओर जा रहा था। इसी क्रम में शाहपुर पुलिया पर की जा रही वाहन चेकिंग को लेकर उसे पुलिस ने रोका तो वो भागने को प्रयाश किया पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से काफी संख्या में टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

# बंध्याकरण या नसबंदी कराइए फिर एंबुलेंस से मुफ्त घर जाइए

## 102 एंबुलेंस के माध्यम से लाभार्थियों को निःशुल्क घर तक पहुंचाने की योजना

- पहले केवल प्रसव के बाद महिला लाभार्थी को मिलती थी मुफ्त एंबुलेंस की सुविधा
- सरकार की इस पहल से अब लाभार्थियों के लिए आर्थिक स्थिति नहीं रहेगी बाधा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और जनोपयोगी बनाने की दिशा में लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब बंध्याकरण और नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को भी निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जाएगी. मरीजों के हित में यह स्वास्थ्य विभाग की एक और बड़ी पहल है। अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बंध्याकरण अथवा नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा मुहैया करायी जायेगी। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सभी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

**केवल घर वापसी के लिए दी जायेगी सुविधा**

यह व्यवस्था पहले से ही अन्य चिकित्सा सेवाओं जैसे प्रसव के बाद महिलाओं, नवजात शिशुओं और गंभीर मरीजों के लिए दी जा रही है। अब इसी व्यवस्था के अंतर्गत बंध्याकरण ऑपरेशन और पुरुष नसबंदी के बाद मरीजों के घर वापसी के लिए भी यह सेवा दी जाएगी. सभी सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि नसबंदी के बाद सभी लाभार्थी को घर भेजने के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा का निशुल्क उपयोग सुनिश्चित किया जाए. इस कदम का उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाना तथा लाभार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना है. अब बंध्याकरण/नसबंदी के बाद लाभार्थियों और उनके परिजनों को परिवहन की चिंता नहीं करनी पड़ेगी. इससे परिवार नियोजन कार्यक्रम को और सशक्त किया जा सकेगा तथा किसी लाभार्थी की आर्थिक स्थिति इसमें बाधा नहीं बनेगी।

**पुरुषों को नसबंदी कराने के लिए करनी चाहिए पहल**

एम्स, पटना की एडिशनल प्रोफेसर और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद कहती हैं कि परिवार नियोजन के स्थायी साधन में महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी अपने परिवार को छोटा रखने का सशक्त साधन है. पुरुषों को आगे आकर अपने परिवार के आकार के बारे में पहल करनी चाहिए और अपनी खुद की नसबंदी कराकर अपने परिवार को सीमित रखने की पहल करनी चाहिए. रोहतास निवासी दीपक (बदला हुआ नाम) जिन्होंने पिछले साल नसबंदी करायी थी, कहते हैं कि यह पहल ना केवल जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में प्रभावी साबित होगी, बल्कि नसबंदी अथवा बंध्याकरण करा चुके लोगों के लिए अस्पताल से घर वापसी के लिए जरूरी सहूलियत प्रदान करेगी।

# क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता : नंदकिशोर यादव



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 59 में वार्ड पार्षद निधि से बनने वाले राय जय कृष्णा रोड से अजय आजाद के घर से अशोक राजपथ तक आरसीसी नाला एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास बिहार विधानसभा के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद नीलम कुमारी ने किया।

मीडिया कर्मी को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि क्षेत्र की विकास उनकी प्राथमिकता में है। हम लगातार क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। इस मार्ग से स्थानीय लोगों को सुगम, सुरक्षित सुविधाजनक आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पटना नगर निगम के महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, पार्षद प्रतिनिधि लड्डू चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष मोहन निषाद, सत्यदेव प्रसाद पप्पू, शंकर जायसवाल, अशोक भारती, अजय आजाद, अशोक केसरी आदि उपस्थित थे।

# गंग कला आरती मंच ने किया अर्पणा बाला को सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पवित्र गंगा तट कंगन घाट पर 05 जून से 16 जून 2025 तक आयोजित बिहार सांस्कृतिक गौरव गंग कला आरती कार्यक्रम ने न केवल गंगा आराधना को जीवंत किया है, बल्कि समाजसेवा, संस्कृति और नारी शक्ति के प्रतीकों को भी मंच पर सम्मानित किया है। इस गरिमामयी अवसर पर राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान एवं संभव संस्था की संस्थापिका-सह-सचिव अर्पणा बाला को उनके सामाजिक योगदान के लिए अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी शिवम् जी सहाय ने दी। उन्होंने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सनातनी गंगा फाउंडेशन एवं आईडीपीटीएस (क्ध्ढळ) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति, कला और लोक परंपराओं को नए रंग और मंच मिला। गंगा आरती की स्वर लहरियों और दीपों की रोशनी में जब सम्मान समारोह आरंभ हुआ, तो पूरा वातावरण श्रद्धा और गौरव से भर उठा। मीडिया प्रभारी शिवम् जी सहाय ने बताया कि अर्पणा बाला का नाम बिहार में सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में एक भरोसे का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने ह्लराम जानकी प्रगति सेवा संस्थानह्व के माध्यम से नारी शिक्षा, स्वावलंबन और ग्रामीण उत्थान पर निरंतर काम किया है। वहीं ह्लसंभवह्व संस्था के जरिए वे विशेष रूप से वंचित वर्ग की महिलाओं और बच्चों के लिए कार्य कर रही हैं। उनका मानना है कि ह्लसंस्कार और शिक्षा जब साथ हों, तो समाज का उत्थान निश्चित है। उन्होंने बताया कि पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने स्वयं अपने करकमलों से अर्पणा बाला को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ह्लगंगा केवल नदी नहीं है, संस्कृति की धारा है। और जब उसमें अर्पणा बाला जैसी सेवाभावी महिलाएं दीप बनकर जलती हैं, तो बिहार का सांस्कृतिक स्वरूप और अधिक उज्ज्वल होता है। गंग कला आरती कार्यक्रम बिहार की प्राचीन गंगा-पूजन परंपरा को आधुनिक मंच पर पुनः स्थापित करने का एक प्रशंसनीय प्रयास है। लोक कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों और सामाजिक कार्यकताओं की भागीदारी ने इसे बिहार के सांस्कृतिक कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन बना दिया है।

# बिहार सरकार के साथ गुरु तेग बहादुर जी का मानेगा 350वां शहीदी समागम

- अगस्त माह में नगर कीर्तन निकल यूपी, दिल्ली होते पंजाब जाएगी, सीएम होंगे शामिल
- प्रकाश पुंज व म्यूजियम देखने से संगत वंचित, सिख कॉरिडोर पर काम जल्द होगा शुरू



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इसमें सिख मसलों के समाधान के साथ ही गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम पर अनेक कार्यक्रम बिहार सरकार के सहयोग से करने पर विचार किया गया। सीएम के साथ बैठक के बाद प्रेस को जानकारी देते हुए श्री सोही ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ तख्तश्री पटना साहिब कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किए जाने के साथ ही इस बात पर विचार हुआ कि बिहार सरकार के सहयोग से गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी पर्व मनाया जाए। इसकी मुख्यमंत्री के द्वारा तुरत मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में एक यात्रा नगर कीर्तन के रूप में तख्तश्री पटना साहिब से शुरू की जाएगी, जिसकी सारी व्यवस्था मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देखरेख में बिहार का पर्यटन मंत्रालय करेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली और फिर पंजाब जाएगी। इसमें पंजाब की कुछ धार्मिक जत्थेबंदियों का भी सहयोग लिया जाएगा और मुख्यमंत्री बिहार से यात्रा को रवाना करने के बाद दिल्ली और पंजाब में भी मौजूद रह कर यात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही बिहार सरकार के संबंधित अधिकारियों और तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के पदाधिकारियों की यात्रा के प्रारूप को लेकर बैठकों का दौर शुरू होगा। अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री के साथ इसके अतिरिक्त तख्तश्री पटना साहिब से संबंधित अनेक सिख मसलों पर भी बातचीत हुई, जिन्हें प्रमुखता से हल करने का आश्वासन भी मुख्यमंत्री के द्वारा दिया गया। बिहार में बनने वाले सिख सर्किट पर भी बातचीत हुई। इसमें राजगीर, सासाराम, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार आदि को शामिल किया जाना है। मुख्यमंत्री विकास कार्यों खासकर कंगन घाट में मल्टी लेवल पार्किंग के बारे में भी बताया गया इसके लिए टेंडर हो चुका है लगातार सिटी एसडीओ सत्यम सहाय बनने वाले स्थल का मोना कर रहे हैं। वहीं सीएम ने प्रकाश पुंज के बारे में भी जानकारी ली इस पर श्री सोही ने कहा कि दरअसल वहां संगत काफी कम जा पा रही है। इसके पीछे बड़ा कारण है कि देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर विदेश से आने वाली संगतों को प्रकाश पुंज और उसमें बने म्यूजियम के बारे में बताया नहीं जाता है। इस कारण से संगत गुरुद्वारा गुरु के बाग तो जाती है, मगर पास में स्थित प्रकाश पुंज का दीदार नहीं कर पाती है। दूसरी कमी यह भी है कि वहां हमेशा ताला लगा रहता है, जिस कारण से संगत वहां जाने के बाद लौट जाती है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद थे।

# मातृ शिशु कल्याण केंद्र का किया गया निरीक्षण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

व्हीलर सेंटर मातृ शिशु कल्याण केंद्र, गायघाट में मंगलवार को केंद्र के अध्यक्ष डॉ शंकरनाथ के नेतृत्व में रोटरी क्लब कंकड़बाग के सदस्यों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्लब के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, अजीत कुमार सिन्हा और वार्ड 53 की पार्षद किरण मेहता शामिल हुए। इन लोगों ने परिसर की सफाई करने और सुविधा बढ़ाने का संकल्प लिया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ शंकरनाथ ने बताया कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के निर्देश पर टीम ने निरीक्षण किया है। यहां पर वृद्धाश्रम संचालित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी के तहत कार्य किया जा रहा है।

# मसौढ़ी अपराधियों के हौसले बुलंद, युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, मंदिर के पास हुई घटना से मची भगदड़

प्रात :किरण संवाददाता



मसौढ़ी !नगर मुख्यालय के डाकबंगला स्थित श्रीराम जानकी मंदिर (ठाकुरबाड़ी) परिसर में मंगलवार की सुबह लगभग 11बजे के आसपास ठेले पर जूस बेचने वाले 25 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी,वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से पैदल चलते बने। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बेल बगीचा दक्षिणी रहमतगंज निवासी सरयुग चौधरी के 25वर्षीय पुत्र राजेश चौधरी के रूप में की गई है. अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।रोजाना किसी न किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया जा रहा है।जहां दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।मसौढ़ी थाना अध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक की मौत मौके पर ही हो गई थी और शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि दो अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और ऋरछ (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी है।इस बाबत मसौढ़ी एसडीपीओ नभ वैभव ने बताया कि मृतक ठेला लगाकर अपना भरण पोषण करता था.हत्या का कारण क्या है? इसकी पड़ताल की जा रही रही है.आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है.अपराधियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी. फिलहाल घटना के बाद परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# घर में घुस कर मारपीट का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर के रहने वाले राकेश प्रसाद ने पड़ोसी युवकों पर घर में घुस कर मारपीट और छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मामला मेहंदीगंज थाना में दर्ज कराया गया है। दर्ज कराए मामले में पुलिस को बताया कि पड़ोसी शुभम और सागर घर में घुस कर बेटा-बेटी के साथ मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आयी पत्नी को भी नहीं बक्शा और उसे भी पीट दिया। सिर में चोट लगी है। अभियुक्तगण नशेड़ी प्रवृति के हैं। पुलिस ने बताया कि कांड दर्ज कर आरोप की जांच की जा रही है। इधर बाइपास थाना क्षेत्र के विहार कॉलोनी के रहने वाले मो हसैनन भी घर में घुस कर मारपीट और चाकू से हमला कर जख्मी किए जाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में मो सोनू और जेबा को आरोपी बनाया गया है। बताया कि अभियुक्तों ने माता-पिता के साथ मारपीट की और तेज हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामला आपसी विवाद का है।

**कंगन घाट से बाइक चोरी**

चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर 11 दिनों तक चले गंगा आरती के दौरान वाहन चोर सक्रिय रहा इस दौरान पूर्व में ही आधा दर्जन लोगों की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी इसके बाद फिर दो लोगों की बाइक चोरी हो गई है। इस संबंध में पीड़ित ने चौक थाना में मामला दर्ज कराया है। इसमें मालसलामी थाना क्षेत्र के रहने वाले अजीत कुमार बच्चों के साथ गंगा आरती देखने और मेला में आए थे। जब वह वापस लौटने लगे तब बाइक गायब था। खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। आलमगंज थाना क्षेत्र के गायघाट के रहने वाले रोहित कुमार भी कंगन घाट पहुंचे थे उनकी भी मोटरसाइकिल चोरी चली गई है। मेला के दौरान कंगन घाट से अब तक आधा दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी की घटना हो चुकी है।

# मंत्री श्रवण कुमार बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले से मिल लिया आशीष



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले से मिले। वह नालंदा से पटना लौट रहे थे। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले पटना साहिब आए हुए हैं। इस पर उन्होंने उनसे मिलकर आशीष लेने की इच्छा जताई। बाबा भूरीवाले जेपी पथ पर सहयोगियों के साथ पहुंचे। दूसरी ओर से मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे। इस दौरान गंगा पथ पर ही मंत्री ने बाबा भूरीवाले का सम्मान किया और उनका आशीष प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने बाबा भूरीवाले को आश्वस्त किया कि जल्द ही वे मुख्यमंत्री से बात कर और अन्य संबंधित विभाग के मंत्री व अधिकारियों से भी मिल और बात कर गुरुद्वारा बाललीला और उसके आसपास विकास की योजनाओं के संबंध में चर्चा करेंगे। साथ ही जल्द ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनकी बैठक कराएंगे, ताकि दोनों ओर से पटना साहिब में देश-विदेश से आने वाली संगतों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। हालांकि बाबा भूरीवाले के साथ रहे संगत ने कहा कि गुरुद्वारा बाललीला के बाहर अवैध रूप से वाहनों का पार्किंग होता है। साथ ही बाहर से अपने निजी वाहन से आने वाले संगत और वाहन चालकों से किराया को लेकर भी हमेशा मारपीट और झगड़ा होता रहता है। अवैध रूप से आधी सड़क पर लगे वाहन को हटाने की दिशा में स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। हाल के माह में लगातार तीन बार संगतों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, मगर पुलिसिया कार्रवाई नहीं के बराबर हो पाई है। मंत्री ने इस पर भी पहल करने की बात कही। मौके पर बाबा सुखबिंदर सिंह, सुक्खा सिंह वालिया, बाबा गुरविंदर सिंह, राजन सिंह, दीपक सिंह लांबा आदि मौजूद थे।

# कुम्हरार आरओबी पर अपराधियों ने बैग झपटा, 1.24 लाख व कागजात था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हार पुल पर बाइक सवार अपराधियों ने पंकज कुमार सिंह से बैग झपटा मार छिना और भाग निकले। बैग में एक लाख 24 हजार रुपया नगद और अन्य जरूरी कागजात रखा था। अगमकुआं थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। कृष्णा नगर के रहने वाले पंकज ने बताया कि मोटरसाइकिल से वह कुम्हरार पुल पर चढ़ ही रहे थे कि एक बाइक पर सवार दो अपराधी तेजी से नजदीक आया और बैग झपट कर छिन फरार हो गया। घटना के बाद वह शोर मचाते, इससे पहले ही पलक झपकते दोनों अपराधी फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि बैग में एक लाख 24 हजार रुपया नगद, दो मोबाइल सहित अन्य जरूरी कागजात था। झपटमारी की दूसरी घटना रामकृष्ण नगर निवासी अमन कुमार सिन्हा के साथ हुई है। बताया कि नालंदा मेडिकल कॉलेज के पास वह से मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक से एक बाइक पर सवार अपराधी ने जेब से पर्स और मोबाइल उड़ा लिया। पीड़ित ने बताया कि पर्स में 99 हजार 500 रुपया नगद था।

# चुनाव में हमारे युवा मतदाताओं तथा महिला निर्वाचकों की भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण: जिलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने आसन्न बिहार विधान सभा निर्वाचन, 2025 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों को निदेश दिया है कि वे चरणबद्ध ढंग से (फेजवाईज) शत-प्रतिशत घरों का भ्रमण करें, एक-एक मतदाता से संपर्क करें, उन्हें बूथ के बारे में जानकारी दें तथा मतदान के दिन वोट डालने हेतु प्रेरित करें। ज़िलाधिकारी ने निदेश दिया है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों यथा कल्याण विभाग, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, नगर निकाय के कर्मी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास करें। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीडीएस के कर्मी घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करेंगे तथा उन्हें मतदान के दिन स्वयं तथा अपने सगे संबंधियों के साथ वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। कल्याण विभाग के विकास मित्रों द्वारा भेद्य टोलों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम, उनके बूथ के बारे में आदि जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ जीविका दीदियों के द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठकों में लोकतंत्र में मतदान की उपयोगिता पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जीविका के अन्य सामुदायिक संगठनों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रैली का आयोजन कर महिलाओं, नव युवकों एवं अन्य मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत अत्यधिक पहुँच स्थापित करने हेतु तथा व्यापक पहुँच बनाने के ध्येय से प्लान तैयार किया गया है। इसके माध्यम से स्वीप के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चुनाव में हमारे फर्स्ट टाइम वोटर्स, युवा मतदाताओं, महिला निर्वाचकों सहित सभी नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पीडब्ल्यूडी और वरिष्ठ मतदाताओं की जरूरतों के प्रति प्रशासन जागरूक एवं सतर्क है और उनके लिए सुलभ चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण 15 स्थलों पर अधिष्ठापित वैरियेबल मैसेज साइन डिस्प्ले सिस्टम द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित वीडियो, ग्राफिक कंटेंट तथा क्रिएटिव के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि 12 अन्य स्थलों पर वैरियेबल मैसेज साइन डिस्प्ले सिस्टम अधिष्ठापित किया जा रहा है ताकि इन सबसे भी मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण चौराहों पर अधिष्ठापित 69 पब्लिक एड्रेसल सिस्टम के द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। पटना नगर निगम में क्रियाशील 105 ओपेन टीपर, 375 क्लोज टीपर तथा 332 ई-कार्ट डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाले वाहनों कुल लगभग 1,000 वाहनों में चुनाव से संबंधित जिंगल के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग 500 अधिकारियों एवं कर्मियों की टीम द्वारा पटना नगर निगम क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सभी 6 कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने नेतृत्व में नगर क्षेत्रान्तर्गत सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया है ताकि अर्बन एपैथी दूर किया जा सके। विदित हो कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 06 नगर अंचल है। हरएक अंचल में 1-1 नगर कार्यपालक पदाधिकारी, 1-1 सिटी मैनेजर तथा 1-1 चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर है।

## कृषि वर्ष 2024-25 के लिए फसल उत्पादन का तृतीय अग्रिम पूर्वानुमान जारी

# चावल, गेहूं एवं मक्का में इस वर्ष रिकार्ड उत्पादन की संभावना : विजय

### बोलें- कुल खाद्यान्न उत्पादन के 226.807 लाख मेट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के प्रमुख फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता से संबंधित तृतीय अग्रिम पूवानुर्मान जारी किए। यह पूवानुर्मान राज्य के योजना एवं विकास विभाग (अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय), द्वारा एकत्रित आँकड़ों, फील्ड निरीक्षण, किसानों से प्राप्त जानकारी तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार किया गया है। श्री सिन्हा ने जानकारी दी कि इस वर्ष राज्य में कुल खाद्यान्न उत्पादन के 226.807 लाख मेट्रिक टन टन तक पहुँचने की संभावना है, जो पिछले वर्ष से 14.73 लाख मेट्रिक टन अधिक है। यह राज्य सरकार की कृषि नीति, तकनीकी हस्तक्षेप एवं किसानों की मेहनत का परिणाम है। चावल का अनुमानित उत्पादन 94.05 लाख मेट्रिक टन, गेहूँ का 74.34 लाख मेट्रिक टन तथा मक्का का 54.17 लाख मेट्रिक टन आंका गया है। इससे स्पष्ट है कि बिहार में अनाज उत्पादन में सतत वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दलहन उत्पादन का अनुमान 4.00 लाख मेट्रिक टन तथा तेलहन उत्पादन का अनुमान 1.21 लाख मेट्रिक टन है। यह आँकड़े राज्य के पोषण सुरक्षा, खाद्य आत्मनिर्भरता और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों को दशार्ते हैं। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, तकनीकी मार्गदर्शन और अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मौसम आधारित कृषि सलाह, मृदा परीक्षण, सिंचाई सुविधाएं और फसल बीमा जैसी योजनाओं ने उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन अग्रिम अनुमानों के आधार पर कृषि प्रबंधन, फसल विविधीकरण, विपणन व्यवस्था एवं भंडारण योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाए। साथ ही, उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक तरीकों और कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और लाभ में वृद्धि करें। यह अग्रिम अनुमान राज्य के लिए सकारात्मक संकेत है, जो भविष्य में कृषि क्षेत्र की स्थायित्वपूर्ण प्रगति और किसानों की समृद्धि की दिशा में नई दिशा प्रदान करेगा।

## गरीबी में राष्ट्रीय स्तर पर आई उल्लेखनीय गिरावट में बिहार की अहम भूमिका : विजय

### बोलें- आज देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी हो रही बिहार के विकास की चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। सूबे के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि विश्व बैंक द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। यह हमारे लिए विशेष प्रसन्नता का विषय है कि बिहार उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जिन्होंने इस राष्ट्रीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की एनडीए सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मंत्री उक्त बातें मंगलवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कही। मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में आगे कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों के चलते गरीबों की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। बिहार के विकास की चर्चा आज देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी हो रही है, लेकिन विपक्ष को यह प्रगति दिखाई नहीं देती। यह उनकी संकीर्ण सोच का परिचायक है। राजद पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अगर राजद परिवारवाद जैसे विषयों पर बात करता है, तो इससे अधिक हास्यास्पद कुछ नहीं हो सकता है।


कार्यक्रम में मौजूद खाद्य उपभोक्ता मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह अनर्गल आरोपों का सहारा ले रहा है। लेकिन बिहार की जागरूक जनता उसकी हर चाल को नाकाम करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ पुनः सरकार बनाएगी, समाज के सभी वर्गों का भरोसा नीतीश कुमार पर अटूट है। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के कल्याण और उत्थान के लिए हमारे नेता नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों का सकारात्मक असर आज धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वहीं, विपक्ष की भूमिका अब केवल झूठ और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है, जिसे जनता भली-भांति समझ चुकी है।

उन्होंने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में एनडीए की स्थिति लगातार मजबूत हुई है और आगामी चुनाव में हम निश्चित रूप से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। कार्यक्रम में मंत्रीगण ने विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## परिवारवाद की बात करने वाले बिहार में आकर देखें क्या हो रहा है : तेजस्वी

### बोलें- स्पेशल अरेजमेंट कर आयोग बनाए जा रहे हैं

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर राज्य सरकार पर हमला बोला है। तेजस्वी ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अब दामाद आयोग के बाद अब जीजा और मेहरारू आयोग का गठन कर लेना चाहित। तेजस्वी यादव ने कहा कि जमाई आयोग तो बिहार में बना ही है साथ में जीजा आयोग भी बना दीजिए। जीजा आयोग में चिराग पासवान के जीजा बनेंगे। संतोष मांझी के जीजा बनेंगे और एक सांसद के पति भी बनेंगे। तेजस्वी ने कहा कि इसके साथ ही मेहरारू आयोग का भी गठन कर देना चाहिए। कहां कहां जो अधिकारी लोग अपनी धर्मपत्नी को एडजस्ट करने में लगे हुए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में बेरोजगारी है, महंगाई है, गरीबी है इसकी चिंता तो सरकार को नहीं है। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ लोगों को राशन बांटकर ही खुश हो रहे हैं। शिक्षा, रोजगार, नौकरी इन सब मुद्दों पर भी बात करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी परिवारवाद की बात करते हैं, जहां बिहार में आकर देखें कि क्या हो रहा है। स्पेशल अरेजमेंट कर आयोग बनाए जा रहे हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री बिहार आते हैं तो उनको ये सब तो दिखता नहीं है आते हैं और हमलोगों को गाली देकर चले जाते हैं। खुद के दल में क्या हो रहा है इसपर चू तक नहीं निकल रही है। उन्होंने कहा कि एक आरएसएस कोटा है हम मुख्यमंत्री से जानना चाहते हैं कि कितने मंत्री हैं जो आरएसएस कोटा से हैं जरा बता दीजिए। बिहार में जो चुनाव नहीं जीतता वो भी प्रवचन दे रहे हैं। वहीं बिहार सरकार द्वारा पांच छोटे एयरपोर्ट्स के उपयोग संबंधी प्रस्ताव पर तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि क्या होगा, क्या नहीं होगा, कौन जानता है। बिहटा एयरपोर्ट का ही विस्तार आज तक नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के संभावित चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, लोकतंत्र में सबको आने का अधिकार है। इस पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वहीं छपरा के दिघवारा में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत पर तेजस्वी ने दुख जताया और कहा कि वे पीड़ित परिजनों से मिलने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 जून को प्रस्तावित बिहार दौरे पर तेजस्वी यादव ने कहा कि ठीक है, आ रहे हैं लेकिन पहले जवाब दें कि कितनी बंद चीनी मिलें चालू करवा दीं? साथ ही प्रधानमंत्री को साइप्रस द्वारा सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर तेजस्वी ने कहा कि अच्छी बात है, लेकिन भारत में बेरोजगारी चरम पर है। देश के युवाओं का क्या हो रहा है, इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

## अपने माता-पिता के शासनकाल की चर्चा करने से क्यों बचते हैं तेजस्वी? : उमेश

■ अराजकता और जातीय हिंसा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है राजद का शासन काल

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से सीधा सवाल किया कि वे अपने माता-पिता के शासनकाल की चर्चा करने से हमेशा क्यों बचते हैं? प्रदेश अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद ने 15 वर्षों तक बिहार पर शासन किया, लेकिन यदि आज उनके पास जनता के समक्ष रखने के लिए एक भी ठोस उपलब्धि नहीं है, तो यह केवल शर्मिंदगी का विषय नहीं, बल्कि उस पूरे कालखंड की घोर नाकामी और शासनात्मक विफलता की स्वीकारोक्ति भी है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद का शासन आज भी बिहार में अपराध, भ्रष्टाचार, अराजकता और जातीय हिंसा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष में बैठकर आधारहीन आरोप लगाना आसान है, लेकिन जब सुशासन और जवाबदेही की कसौटी पर खरा उतरने का अवसर मिला, तब राजद ने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था की गर्त में धकेलने का कार्य किया। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो विकास कार्य हुए हैं, वे आज हर गांव, हर घर और हर व्यक्ति के जीवन में प्रत्यक्ष रूप से दिखते हैं। इन योजनाओं का सीधा और सकारात्मक प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। अंत में उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में हर व्यक्ति भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर था। विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित थीं और पूरा शासन-प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त था।

## सत्ता पाने की छटपटाहट में तेजस्वी लगा रहे झूठा व मनगढ़ंत आरोप : राजीव

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि जल्द से जल्द सत्ता पाने की छटपटाहट में वो राज्य सरकार पर झूठा व मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता गवाह है कि कैसे तेजस्वी यादव के माता-पिता के शासनकाल में बिहार अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा था। ना सड़क, ना बिजली ना बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यही सच्चाई थी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के 15 सालों के शासन की। कानून व्यवस्था की लचर हालत के चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर था और लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे। लालू-राबड़ी राज में हुए कुल 118 जातीय नरसंहार के इतिहास को बिहारवासी भूल नहीं सकते। उस नरसंहार में 812 निर्दोष लोगों की असमय मौत हुई। फिरौती के लिए हुए 5 हजार 243 अपहरणओं की सच्चाई को कौन झुठला सकता है साथ ही उस दौर में महिलाओं के साथ हुई करीब 12 हजार दुष्कर्म की घटनाएं लालू-राबड़ी शासन की हकीकत बयां कर रही हैं। आरोप तो यहां तक लगे रहे हैं कि मुख्यमंत्री आवास में फिरौती के रकम की डील होती थी। तेजस्वी यादव को नीतीश सरकार पर आरोप लगाने से पहले जरा अपने माता-पिता के शासन के इतिहास को भी याद करना चाहिए और राज्य की जनता से उस बदतर शासन के लिए पहले माफी मांगनी चाहिए। डर के चलते लालू-राबड़ी राज में बड़े पैमाने पर उद्योगपतियों, किसानों, छात्रों का पलायन हुआ जिससे ना केवल बिहार का विकास चैपट हुआ बल्कि कृषि व्यवस्था भी बर्बाद हो गई। अस्पतालों में लचर व्यवस्था के चलते उस दौर में एक महीने में कुल 39 मरीज ही इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाया करते थे लेकिन आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन के दौरान एक महीने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर ग्यारह हजार हो गई। अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवाईयां उपलब्ध हो रही हैं इस दौरान पार्टी मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय एवं महेश दास भी उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार ने समाज के हर वर्ग के लिए किया है काम : जदयू

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नें बिहार में समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है और इसी का परिणाम है कि समाज का हरेक वर्ग उनके शासनकाल में प्रगति एवं विकास की नई उड़ान भर रहा है। उन्होंने कहा कि जिसने राजनीति को सेवा नहीं बल्कि मेवा खाने का तरीका समझा उसे जनता ने ठुकराने का काम किया है। चुनाव के समय समाज के सभी वर्गों के कल्याण का झूठा वादा करने वाली आरजेडी ने हकीकत में शोषितों, वंचितों को अपना वोट बैंक समझा और कभी उनका कल्याण नहीं किया। सच्चाई ये है कि लालू प्रसाद यादव ने कभी भी अति पिछड़ा समुदाय को आरक्षण देने की बात नहीं सोची। लालू प्रसाद यादव ने दरअसल जननायक के विचारों के विपरित काम किया और उनके सुझाए अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने की सोची। ये तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों का ही परिणाम था कि लालू प्रसाद यादव अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। पार्टी प्रवक्ताओं ने आरजेडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव खुद कांग्रेस शासित केंद्र सरकार में सालों तक साझीदार रहे, बड़े मंत्रालयों के मंत्री रहे लेकिन उन्होंने कभी भी जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग तत्कालीन कांग्रेस सरकार से नहीं की। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों का परिणाम था कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर अति पिछड़ा समुदाय को सम्मान देने का काम किया।

## भूमि सर्वेक्षण : निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो : सचिव

### विशेष भूमि सर्वेक्षण की प्रगति की सचिव ने की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा मंगलवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने की। बैठक में निदेशालय स्तर से लेकर जिलास्तर तक सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली, उसकी गति और तकनीकी सुधारों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की निदेशक जे. प्रियदर्शिनी भी उपस्थित रहीं। सचिव ने कहा कि वर्तमान में मंत्री संजय सरावगी द्वारा जिलों में जाकर राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। इस क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी जिलावार समीक्षा में सर्वे के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में सचिव ने पहले चरण और दूसरे चरण के जिलों की जिलावार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिला बंदोबस्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले सप्ताह से सभी जिले में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाय और इसका रिपोर्ट मुख्यालय को भी उपलब्ध कराएं। सर्वेक्षण के सभी काम ऑनलाइन किया जाय। प्रथम चरण के जिलों में प्राप्त 4,05,752 आपत्ति/दावों में 3,77,199 का निष्पादन किया गया है। शेष के निष्पादन में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि अब तक प्राप्त कुल 1,94,43,072 स्वघोषणा को यथाशीघ्र अपलोड कराएं। वहीं दूसरे चरण में चल रहे सर्वेक्षण के जिलों के अधिकारियों को किस्तवार, खानापुरी एवं त्रिझसीमाना के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि सर्वेक्षण को अधिक पारदर्शी, तेज और डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य के सभी प्रमंडलों में 28 फरवरी 2025 से स्वतंत्र सर्वर की स्थापना की जा चुकी है। इससे वंशावली समेत अन्य दस्तावेजों की अपलोडिंग की प्रक्रिया सरल हुई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए और आम जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए।

निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने प्रतिदिन दो जिलों में सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए टीम का गठन किया गया है। इससे प्रतिदिन की समस्या या उपलब्धि से मुख्यालय अवगत रहेगा और कार्य की गति में सकारात्मक बदलाव संभव होगा। समीक्षा के दौरान मोना झा, मोहम्मद नवाजिश अख्तर, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, पल्लवी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सिर्फ विकास के मॉडल पर वोट देंगे बिहार के लोग : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने आगामी विधान चुनाव में राजद द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मॉडल अपनाये जाने की अटकलों पर कहा कि नकल करने से अक्ल नहीं आ जाती। तेजस्वी यादव सपा का मॉडल अपनाएं या कांग्रेस का, कोई फायदा नहीं होनेवाला। बिहार विधानसभा चुनाव में राजद सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों की करारी हार तय है। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव ने हमेशा नकल का रास्ता अपनाया, इसलिए वे नौवीं पास भी नहीं कर पाए। सभी तरह के नकलचियों का यही हाल होता है। चुनाव जीतना तो दूर वे मामूली इम्तेहान भी पास नहीं कर पाते। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव चाहे किसी मॉडल की बात करें, बिहार के लोग जानते हैं कि राजद का एक ही मॉडल है, भ्रष्टाचार और परिवारवाद। श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा का एक ही मॉडल है, ह्यसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास।

## भाकपा विधायक की छवि धूमिल करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद के सचिव राम नरेश पांडेय ने लिखित बयान के द्वारा बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन एवं दलित अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष, बेगूसराय जिले के बखरी के विधायक सूर्यकांत पासवान की सार्वजनिक छवि को तथाकथित भाजपा के कार्यकताओं ने एक अश्लील वीडियो जारी कर धूमिल करने का दुस्साहस किया है, जिसकी राज्य पार्टी घोर निंदा करती है।

बखरी के दलित/महादलित एवं आम-अवाम में भी इस निंदनीय कार्रवाई को लेकर काफी उबाल है। अश्लील वीडियो जारी करने वाले के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना बेगूसराय में कांड संख्या-30/2025 दर्ज किया गया है। लेकिन अभी तक जिला पुलिस प्रशासन ने नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त नहीं की है। इससे पूरे जिले में काफी आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

## ऊर्जा सचिव ने की डिस्कॉम अधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

# सभी क्षेत्रीय फ्यूज कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली की जांच हो : सचिव

### बोलें- उपभोक्ताओं को दी जाए शीर्ष प्राथमिकता

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी मनोज कुमार सिंह ने दोनों वितरण कंपनियों (एनबीपीडीसीएल एवं एसबीपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार व महेंद्र कुमार, सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपभोक्ता सेवा, प्री-मानसून तैयारी, फ्यूज कॉल सेंटर की स्थिति, शिकायत निवारण तंत्र और फीडर-स्तर की ऊर्जा दक्षता जैसे बिंदुओं पर विशेष निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव लगातार हर पहलू का अनुश्रवण कर उचित निर्देश दे रहे हैं ताकि इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित कोई दिक्कत न हो। ऊर्जा सचिव ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए और कार्य प्रणाली में पेशेवर दक्षता, तत्परता और जिम्मेदारी झलके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यपालक अभियंता अपने क्षेत्रों में प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य समय पर पूरा करें। 33/11 केवी लाइन, सामग्री की उपलब्धता, जिन पीएसएस पर जलजमाव की समस्या है, वहां जल निकासी पंप, मानव संसाधन और वाहनों की स्थिति की समीक्षा करना आवश्यक है ताकि मानसून से पूर्व विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने फ्यूज कॉल सेंटरों की स्थिति पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्रीय फ्यूज कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली की जांच की जाए। उपभोक्ता की कॉल को दर्ज कर उसका समाधान किया जाए और सत्यापित भी किया जाए। प्रत्येक सेंटर पर सार्वजनिक सूचना बोर्ड हो, कॉल रिसीव करने के लिए कार्यशील एंड्रॉयड फोन दिया जाए, तथा सभी केंद्रों पर जनशक्ति, सामग्री और वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित हो। श्री सिंह ने 1912 हेल्पलाइन, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान को अनिवार्य बताया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे स्वयं उपभोक्ताओं से संवाद करें और फोन उठाकर शिकायतें सुनें एवं उसका उचित समाधान करें। साथ ही प्रखंड व पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर बिल संबंधित शिकायतों का त्वरित निवारण करें। प्रत्येक स्तर पर ऊर्जा लेखांकन और राजस्व दक्षता की समीक्षा करते हुए सचिव ने कहा कि जिन फीडरों में 20% से अधिक तकनीकी या वाणिज्यिक हानि है, वहां शीघ्र सुधार हो। विच्छेदित एवं नॉन-कम्युनिकेटिंग मीटरों की भौतिक जांच कर एक सप्ताह के भीतर दोषपूर्ण मीटर बदले जाएं। साथ ही नए कनेक्शन में अनावश्यक देरी न हो। इसके अलावा हाइ लॉस एरिया को प्राथमिकता देते हुए ब्लॉक स्तर पर विशेष राजस्व संग्रह शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि एटी एंड सी लॉस में त्वरित सुधार हो और राजस्व संग्रह में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। आपातकालीन स्थिति में विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए रेस्टोरेशन स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर सभी डिस्कॉम द्वारा तत्काल तैयार कर लागू की जाए।

## मुद्दों की राजनीति नहीं करते हैं तेजस्वी यादव : नित्यानंद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा के नेता नित्यानन्द राय ने मंगलवार को राजद के नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू यादव के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान किए जाने को लेकर सवाल भी पूछा। नित्यानंद राय ने सवाल किया कि जब तेजस्वी यादव कांग्रेस के साथ थे और कांग्रेस की गोद में थे, तो उन्होंने बाबासाहेब के लिए क्या किया? केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को सोशल नेटवर्किंग मंच पर बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए लिखा, तेजस्वी यादव, आप मुद्दों की राजनीति नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की राजनीति करते हैं, परिवारवाद की राजनीति करते हैं और जंगलराज की राजनीति करते हैं, जो आपकी पहचान है और इसी पहचान को बिहार के लोग भली-भांति जानते भी हैं, समझते भी हैं। 13 करोड़ बिहार की जनता आपके झांसे में आने वाली नहीं है, आपके हकीकत से पूरा बिहार वाकिफ है। इसके बाद उन्होंने राजद को निशाने पर लेते हुए कहा, राष्ट्रीय जनता दल भीमराव अंबेडकर के नाम पर सियासत भी करती है और उनको अपमानित करने का काम भी करती है। किस तरह से बाबासाहेब की तस्वीर को लालू यादव के जन्मदिन के मौके पर उनके पैरों के पास रखकर अपमानित किया गया, उसे देश ने देखा है। उन्होंने सवाल किया, जब आप सत्ता में रहते हैं, तो बाबासाहेब याद नहीं आते और जब सत्ता से बाहर होते हैं, तो बाबासाहेब के नाम पर राजनीति करते हैं।

# श्रावणी मेला को लेकर डीएम, एसएसपी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला का सफल एवं सुचारु संपादन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने सोमवार को बैठक की तथा उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों से भी आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। बैठक में अवगत कराया गया कि 12 जुलाई से सावन शुरू है। इसलिए मेला की संपूर्ण तैयारी हेतु कार्ययोजना के अनुरूप विभिन्न कमिटियों का गठन करने तथा विभिन्न अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दायित्व का निर्धारण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला के अवसर पर कई जगहों पर अनधिकृत रूप से झूला, मौत का कुआं एवं कई अन्य खेल गतिविधि के लिए अवैध संरचना का निर्माण कर लिए जाते हैं जो गैर कानूनी है। इसके लिए सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस अवसर पर किसी भी प्रकार की गतिविधि एवं संरचना निर्माण के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए सुरक्षा के सभी मानदंडों का पालन परम आवश्यक है। बिना अनुमति के तथा बिना सुरक्षा मानक का पालन किये ही ऐसी गतिविधि एवं संरचना बनाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाबा गरीब नाथ मंदिर में भोलेनाथ पर जलाभिषेक हेतु श्रावण मास में काफी संख्या में कांवरिया पैदल चलकर आते हैं। इसलिए भीड़ प्रबंधन हेतु सीसीटीवी कैमरा से सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाती है। किंतु प्रायः देखा जाता है कि सीसीटीवी के बगल में ही बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं जिससे सीसीटीवी का कवर एरिया ढ़ंक जाते हैं। इसलिए कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था बैनर पोस्टर लगाते समय एहतियाती तौर पर सीसीटीवी को नहीं ढ़ंकें। डाक बम को चिन्हित करने हेतु रिस्ट बैंड दिए जाते हैं। किंतु कई लोग जो डाक बम नहीं होते हैं वह भी रिस्ट बैंड ले लेते हैं जो अन्यायोचित है। इसलिए निर्देश दिया गया कि रिस्ट बैंड के वितरण के दौरान यह सुनिश्चित कर लें कि अमुक व्यक्ति डाक बम ही हैं। साथ ही मंदिर में भीड़ प्रबंधन एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु यह अपेक्षा की जाती है कि मात्र डाक बम ही रिस्ट बैंड प्राप्त करें। श्रावणी मेला के अवसर पर कांवरिया के रूप में बूढ़े , बच्चे एवं बीमार व्यक्ति भी शामिल रहते हैं ,जिन्हें डीजे बजने के कारण काफी शारीरिक समस्या होती है। इसे देखते हुए श्रावणी मेला के अवसर पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।श्रावणी मेला के अवसर पर संवेदनशील जगहों पर जिम्मेदार अधिकारी की तैनाती करने का निर्देश दिया गया ताकि समुचित तरीके से विधि व्यवस्था का संधारण किया जा सके।भीड़ प्रबंधन हेतु भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को मजबूत बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर वॉच टावर ड्रॉप गेट नियंत्रण कक्ष बनाये जाएंगे तथा मंदिर के भीतर एवं बाहर सीसीटीवी द्वारा भीड़ की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। शहरी क्षेत्र के सभी चापाकल की जांच करने एवं ठीक करने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया। साथ ही मैनहोल खुला ना रहे इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को सेवा दल के सदस्यों के साथ मीटिंग करने का निर्देश दिया गया । बैठक में नगर आयुक्त विक्रम विरकर, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम श्रीमती श्रेयाश्री अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार, उदय शंकर सिंह, मंदिर के प्रधान पुजारी विनय पाठक,सहित कई अन्य अधिकारी एवं समाज सेवी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व संगीत दिवस समारोह के दूसरे दिन संगीत शास्त्र पर हुआ व्याख्यान

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय विश्व संगीत दिवस समारोह के अन्तर्गत राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन संगीत शास्त्र और बंदिश गायन विषयक सोदाहरण व्याख्यान सह शिक्षण कार्यक्रम हुआ। मंगलवार को विषय विशेषज्ञ पटना विश्वविद्यालय में संगीत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित राम सकल सिंह विज्ञान महाविद्यालय, सीतामढ़ी के प्राचार्य डॉ त्रिविक्रम नारायण सिंह उपस्थित रहें। विभागीय छात्र-छात्राओं द्वारा वन्दना प्रस्तुति के द्वारा कार्यक्रम का आरंभ हुआ। तत्पश्चात आगत अतिथि द्वय का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह झाकाव्याह्र द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजन की सराहना की। विषय विशेषज्ञ डॉ अरविन्द कुमार ने संगीत शास्त्र को रेखांकित करते हुए वेद और वैदिक संगीत के द्वारा विकसित संगीत की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भरत प्रणीत ग्रन्थ ह्णनाट्यशास्त्रह्व में जाति-गायन अपने लक्षणों के साथ स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, जिसमें राग का स्वरूप ग्राम-राग के रुप में विद्यमान है। संगीत-शास्त्र-संबंधी व्याख्यान के बाद विशेषज्ञ ने राग भूपेश्वरी में छोटा ख्याल,मध्यलय की बंदिश (झपताल) को सीखाया और अभ्यास कराया। यह सत्र प्रतिभागियों के लिए बहुविध लाभकारी रहा।

### शव आते ही गांव मचा कोहराम

कल्याणपुर समस्तीपुर उत्तर प्रदेश के यूपी अमेठी के लखनऊ हाईवे पर एक साथ गांव में तीन शव मंगलवार की सुबह रामभद्रपुर पहुंचते ही गांव में पहुंचा। शव बाप ,बेटा एवं एक पड़ोसी के पुत्र का शव एक साथ पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। काफी संख्या में दरवाजे पर लोगों का मृतकों के अंतिम दर्शन को लेकर पहुंचे। परिजनों की चिक्कार से गांव दहल उठा। गांव के वार्ड 2 अशोक शर्मा की मौत ईलाज के दौरान दिल्ली में हो गई थी। वे लंबी बीमारी से जूझ रहे थे बीमारी को लेकर पुत्रों ने दिल्ली में ईलाज करने के लिए बुलाया जहां उनकी मौत हो गई। पिता के शव को लेकर पुत्र राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा, वार्ड तीन के बलराम शर्मा के पुत्र रवि कुमार शिवाजी नगर प्रखंड के संबंधी फूलों शर्मा कंपनी का ठेकेदार व एंबुलेंस चालक दिल्ली से गाड़ी लेकर लखनऊ हाईवे के अमेठी में सड़क दुर्घटना में सभी की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही रामभद्रपुर से ग्रामीण अमेठी के लिए रवाना हुए। अमेठी में कागजी प्रक्रिया पूरी के बाद वहां से शव लेकर चले मंगलवार की सवेरे गांव में शव पहुंचते ही परिजनों की चिक्कार से गांव दहल उठा। मृतक अशोक शर्मा की पत्नी जठिया देवी का रोते रोते बुरा हाल। वहीं दूसरी ओर बलराम शर्मा की पुत्र रवि शर्मा की चिता में भाई का लड़का विकास ने मुखाग्नि दी। मां देविका रोते रोते बुरा हाल। वैसे ग्रामीणों में भी काफी मातम परसा था। तीन चिताओं को रामभद्रपुर रेलवे पल के समीप शमशान में अलग-अलग मुखाग्नि दी गई।

### मार पीट की घटना आधे दर्जन लोगों हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के लदौरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में कई लोग जख्मी हो गए। परिजनों के सहयोग से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने जख्मी की पहचान गांव के ही अंशु कुमारी ,अर्जुन कुमार ,ममता देवी ,बिरजू महतो, रिंकू देवी ,सुमित कुमार ,कौशल्या देवी शामिल है। वहीं दूसरी ओर मारपीट की घटना में मिजार्पुर गांव कृष्णा देवी ,विकास कुमार व मिल्की गांव की आरती देवी के रूप में की गई है ।जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद डॉक्टर हैदर ने दी।

### ट्रक और पल्सर बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के पुसा कल्याणपुर मुख्य पथ के लदौरा गांव के समीप ट्रक और पल्सर बाइक की आमने-सामने टक्कर हो जाने से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी युवक की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के नामापुर गांव निवासी रंजीत राम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक का ईलाज कल्याणपुर के निजी अस्पताल में कराया गया। जहां ईलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मनोज कुमार सिंह, लालू प्रसाद मल्लाह, ने पहुंचकर कर लोगों को समझा बूझकर सड़क जाम समाप्त कराया। वहीं पुलिस ने ट्रक को जप्त कर थाना ले आया। वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रक को जप्त कर लिया गया है।

# उन्नति के लिए लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक है : डॉ राजरंजन

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की हुई समीक्षात्मक बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ,दरभंगा जिला के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वार्षिक समीक्षात्मक बैठक जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार लाल की अध्यक्षता में स्नेह अगेही शिक्षण संस्थान, शुभंकरपुर के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रारंभ में मंचस्थ सह परिसर में उपस्थित कायस्थ परिवार के सदस्यों ने भगवान चित्रगुप्त महाराज के चित्र पर माल्यार्पण सह भगवान चित्रगुप्त जी की आरती के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय कुमार,प्रांतीय अध्यक्ष, बिहार ने कहा कि एक वर्ष में दरभंगा जिला अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अमिट पहचान बनाया है। संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ अभिनव एवं अद्वितीय कार्यक्रम किया।अतः इस उपलब्धि पर दरभंगा जिला के समस्त टीम को सम्मानित करते हुए गौरव अनुभव कर रहा हूँ। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री डा राजरंजन प्रसाद ने कहा कि उन्नति के लिए लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक है। संगठन में अनुशासन और सदस्यों के आपसी समन्वय की जरूरत है। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष अमिताभ कुमार सिन्हा ने कहा कि कायस्थ हमेशा से नेतृत्व प्रधान वर्ग रहा हैं। हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान की अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। मौके पर प्रांतीय मंत्री पुनीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक जिला के कार्यकर्ता अपने जिला के स्वतंत्रतासेनानियो ,साहित्यकारों व समाज सेवियो के योगदानो की चर्चा कर नयी पीढ़ी का मार्गदर्शन करें। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार लाल ने किया। समीक्षात्मक बैठक में आनंद कुमार सिन्हा, कैलाश चंद्र लाभ, सुमन कुमार,अरूण कुमार दास एवं अनिता आनंद, शेखर कुमार श्रीवास्तव,प्रमोद श्रीवास्तव, पाण्डेय रितेश सहाय, डा मनीष कुमार, किरण कुमारी, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा,अजीत कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने टेक्टार पंचायत की मुखिया वंदना कर्ण को सम्मानित किया। संचालन जिला महामंत्री प्रद्युम्न श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डी बी के एन कॉलेज, नरहन के प्रधानाचार्य डॉ राकेश रंजन सिन्हा ने किया।

# देशहित में सफल संबोधन कर लौटे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का होगा भव्य स्वागत : ईश्वर मंडल



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।संसदीय दल के प्रतिनिधित्व एवं अंतराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर से लौटें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा को मिथिलांचल की धरती पर अभिनंदन समारोह आयोजित कर सम्मानित करने का निर्णय जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल की अध्यक्षता में लिया गया। बैठक में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल ने कहा कि अंतराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंकी गतिविधियों के खिलाफ भारत से पहुंचे संसदीय दल के सफल प्रतिनिधित्व कर लौटे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के सम्मान में आगामी 22 जून को मिथिला विश्वविद्यालय के नरगौना परिसर स्थित जुबली हॉल में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जायेगा। इस अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं समाजसेवियों की टोली भाग लेगी। बैठक में जिला संगठन प्रभारी केदारनाथ भंडारी, मदन प्रसाद राय, सुनील भारती, रमाशंकर सिंह, दीदार हुसैन चांद, अजय सत्संगी, रविंद्र यादव, सुनील ठाकुर, डॉ अवन कुमार राय, सुभाष यादव, शशीकांत शाह, नागेंद्र पासवान, मनोज कुमार ठाकुर, मनोज शाह, गणेश कुमार मिश्रा, डॉ अनिल बिहारी, अशोक ठाकुर, मोहम्मद अली हसन, राजकुमार दास, हरिशंकर पासवान, भोलानाथ महतो,आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया।

# सीमा पर शराब तस्करी की कोशिश नाकाम एसएसबी की कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप



प्रात : किरण संवाददाता

जयनगर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं बटालियन ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए नेपाल से भारत में अवैध रूप से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप को जब्त कर तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। यह कार्रवाई 17 जून 2025 की सुबह लगभग 4:40 बजे कमला सीमा चौकी क्षेत्र में की गई।बीपी संख्या 270/13 से लगभग 500 मीटर भारत की ओर स्थित क्षेत्र में नियमित जाँच के दौरान एसएसबी की टीम ने गौरव सोफी ब्रांड की 180 बोतलें (प्रत्येक 300 मि.ली. कुल 54 लीटर) तथा ब्रिक्स ब्रांड की 30 बोतलें (प्रत्येक 300 मि.ली., कुल 9 लीटर) बरामद कीं। इसके अतिरिक्त एक साइकिल रिक्शा भी जब्त किया गया। मौके से अखौंहा वार्ड संख्या 14, थाना जयनगर, जिला मधुबनी निवासी 62 वर्षीय गफूर अहमद, पिता अमीर अहमद को गिरफ्तार किया गया। जब्त सामग्री एवं आरोपी को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले करने की प्रक्रिया जारी है।इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए 48वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने कहा, एसएसबी की टीम सीमा क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पर निरंतर पैनी नजर रखे हुए है। यह सफलता हमारे जवानों की सजगता और जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। भविष्य में भी एसएसबी तस्करी, घुसपैठ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करती रहेगी।यह कार्रवाई न केवल सुरक्षा तंत्र की सजगता का प्रमाण है, बल्कि यह सीमा पार से हो रही अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुई है।

# अनुमण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

## शिकायतों की जाँच कर होगी समस्याओं का निदान : एसडीएम, दीपक कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर अनुमण्डल कार्यलय परिसर स्थित एसडीएम कार्यलय के प्रकोष्ठ में अनुमण्डल स्तरीय खाध एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुश्रवण समिति की बैठक एसडीएम दीपक कुमार के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों कर्मियों ने भाग लिया। समिति के सदस्यों के द्वारा बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों से सम्बंधित राशन और रसोई गैस से सम्बंधित समेत विभिन्न जनसमस्याओं पे प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया। घरेलू रशोई गैस सिलेंडर की किल्लत, तय मूल्य से अधिक राशि लेने, ससमय रशोई गैस उपलब्ध नहीं कराने, वेंडर की मनमानी , शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं करने। जनवितरण प्रणाली को सुदृढ करने और रसोई गैस निर्बाध आपूर्ति और गैस वेंडरों के द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेने की जाँच की मांग को रखा। गैसों के वितरण को मानक स्तर पर रखने से सम्बंधित मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। पीडीएस विक्रेता द्वारा लाभुकों को कम अनाज देने की बातों को रखा गया। मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में अन्य जनसमस्याओं के निदान पर सदस्यों ने अपना अपना विचार रखा।बैठक में सदस्यों के द्वारा उठाये गये मांग और समस्याओं के निदान करने की बात कही। एसडीएम के द्वारा जिसे यथासम्भव निष्पादन करने और शिकायतों की जाँच कर करवाई करने का आश्वासन दिया गया। सम्भावित सुखाड़ और बाढ़ को लेकर सभा का आयोजन होने की जानकारी दी गई। बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी वीपीन अंशु , मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, जिला परिषद सदस्य अंजलि कुमारी, विधायक प्रतिनिधि उद्धव कुंवर,भूषण सिंह, सूर्यनाथ यादव, राज कुमार सिंह, सुरेंद्र महतो, पंकज सिंह राठोड़, अनुरंजन सिंह, कुमार राणा प्रताप सिंह, विशुनदेव भंडारी, प्रदीप पासवान,मो. साबिर अली, गुड्डू साह समेत विभिन्न राजीनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पेयजल उपयोग शुल्क वापस लेने को लेकर जयनगर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के द्वारा ईओ को सौपा गया ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव अनिल बैरोलिया , सचिव पवन यादव, उपाध्यक्ष जगदीश सराफ, पूर्व अध्यक्ष ब्रज मोहन रुंगटा चैम्बर के पदाधिकारी का एक शिष्टमंडल जयनगर नगरपंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कुमारी हिमानी से मिलकर शहरी क्षेत्र में पे जल शुल्क वापस लेने के सम्बंध मामले को लेकर ज्ञापन मांग पत्र सौपा गया। चैम्बर के द्वारा ईओ को दिए ज्ञापन में बिहार सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी विभागीय संकल्प सं०- 1287, दिनांक 25/02/2016 के आलोक में पेयजल उपयोग शुल्क वाटर यूज चार्ज नीति 2021 में स्पष्ट प्रावधान है कि ह्लराज्य के सभी नगर निकायों के प्रत्येक घरों । परिवारों को पेयजल पाइप द्वारा नल का जल उपलब्ध कराया जाना हैह्व। साथ हीं यह भी स्पष्ट है कि ह्लाभान्वित परिवारों से एक निश्चित वार्षिक राशि वसूली जाय। श्रीमान् की जानकारी में देना चाहते हैं कि जयनगर शहर के अधिकांश वार्डों में पाइप द्वारा नल - जल की कोई आपूर्ति ही नहीं है। शहरी क्षेत्र के बड़े हिस्से में एक बूंद पानी कि सप्लाई नहीं की जा रही है। साथ हीं सैकड़ों घरों में सप्लाई का कनेक्शन भी नहीं दिया गया है।पेयजल उपयोग शुल्कह्व जिसका अर्थ है उपयोग के साथ शुल्क, बिना उपयोग के शुल्क नहीं होना चाहिए। ऐसी परिस्थिति में जयनगर नगर पंचायत द्वारा शहर के सभी आम नागरिकों से ह्लपेयजल उपयोग शुल्कह्व की वसूली किया जाना न केवल आम शहरी के साथ अन्याय है बल्कि ह्लपाइप द्वारा नल से जल की आपूर्तिह्व किये बगैर वसूली किया जाना बिहार सरकार द्वारा दिये गए निर्देश का भी उलंघन होगा। अस्तु आपसे स आग्रह निवेदन है कि कृपया ह्लपेयजल उपयोग शुल्कह्व लगाए जाने वाले निर्णय को वापस लेते हुए सर्व प्रथम शहर के सभी वार्डो के घरों / परिवारों को पाइप द्वारा नल से जल की आपूर्ति एवं हर घर । परिवार को जल आपूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित किया जाय । आपूर्ति सुनिश्चित होने के बाद उपयोग शुल्क लगाने का प्रावधान उचित होगा।हमें विश्वास है कि आपके द्वारा निश्चित हीं आम आदमी के हक में न्यायोचित निर्णय होगा। मामले को लेकर ईओ ने बताया कि शिष्टमंडल को विधि सम्मत मामले की जांच कराये जाने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रवास यात्रा पर निकले राजद के प्रदेश सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है 164 विधानसभा क्षेत्र तारापुर में अभी से ही विभिन्न राजनीतिक पार्टी से चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमाने वाले कई भावी उम्मीदवारों ने अभी से ही क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान लोगों के बीच तेज कर दिया है । गौरतलब है कि 164 विधानसभा क्षेत्र तारापुर के अंतर्गत कुल पांच प्रखंड आते हैं जिसमें तारापुर ,खड़गपुर, संग्रामपुर ,असरगंज, एवं टेटिया बंबर का क्षेत्र शामिल है ।बता दें कि यह सीट पिछले कई वर्षों से एनडीए के पाले में है,जहां से लगातार जदयू इस सीट से अपना उम्मीदवार उतार कर जीत का परचम लहराता आ रहा है ।मुख्य रूप से इन दिनों भीषण गर्मी का परवाह किए बिना 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी में क्षेत्र के अतिलोकप्रिय ,सहज, सरल ,एवं हर समाज वर्ग के सुख-दुख में हर रोज लोगों के बीच रहने वाले युवा शिक्षाविद राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा ने अभी से ही क्षेत्र में चुनावी शंखनाद की शुरूआत अपने प्रवास यात्रा कार्यक्रम से शुरू किया है । श्री कुशवाहा ने अपने प्रवास यात्रा कार्यक्रम मौके पर टेटिया बंबर प्रखंड के धपरा ,तुलसीपुर ,पौकरी ,ताजपुर धपड़ी , खरोई ,एवं जितियारपुर इत्यादि जगहों पर पहुंचकर मतदाताओं के पास प्रतिपक्ष के नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा किए गए घोषणा माई बहन मान योजना की जानकारी घर-घर लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं । क्षेत्र में अभी से ही खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव की चर्चा शुरू हो गई है। जो बातें आम जनमानस से छनकर सामने आ रहा है कि इस बार तारापुर विधानसभा सीट मुंगेर जिले का हॉट सीट होगा। इस सीट से एक आईपीएस के चुनाव लड़ने की चर्चा क्षेत्र में हो रही है ।

# बिहार में हुआ दक्षिण - पश्चिम मानसून का प्रवेश, अगले 48 घंटों में होगा विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार में 17 जून को मानसून का प्रवेश हो गया है ।अगले 48 घंटों में मानसून के विस्तार के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी रही है जिसके प्रभाव से उत्तर बिहार के जिलों में अगले 48 से72 घंटे के अंदर। लक्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण , गोपालगंज, दरभंगा और समस्तीपुर जिले में अनेक स्थानों पर अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम सम्बन्धी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 18 से 22 जून तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान में दी गई है ।इस अवधि में अधिकतम तिपमिन 34से 36 डीग्री और न्यूनतम तापमान 25-26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 38.8 एवं 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 82 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 60 प्रतिशत, हवा की औसत गति 11.4 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 7.3 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 5.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया । किसानो को सलाह दी गई है कि वर्षा की सम्भावना को देखते हुए धान का बीज नर्सरी में प्राथमिकता से गिरावें। मध्यम अवधि के लिए संतोष, सीता, सरोज, राजश्री, प्रभात, राजेन्द्र सुवासनी, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु 800-1000 बर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरावें।

# दो महीने तक चलने वाले महिला संवाद का हुआ समापन, 8 लाख महिलाएं हुईं शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 18 अप्रैल से शुरू हुई महिला संवाद कार्यक्रम मुजफ्फरपुर में 18 जून को समाप्त हो रहा है ।,विदित हो की 2 महीने तक अनवरत रूप से सभी प्रखंडों में प्रत्येक दिन कार्यक्रम चला है. जिसमें जीविका दीदियों के साथ ही गैर जीविका दीदियों ने भी भाग लिया है।. 60 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में 3507 जगह महिला संवाद का आयोजन किया गया । प्रतिदिन 88 कार्यक्रम किए गए,.जिसमें औसतन ढाई सौ से 300 दीदिया और महिलाएं शामिल हुई ।महिला संवाद के दौरान महिलाओं को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किन-किन योजनाओं के जरिए लाभ पहुंचाया जा रहा है ,इसके लिए व्यापक तौर पर डिजिटल रथ के माध्यम से फिल्में भी दिखाई गई। इसके बाद सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ को दीदियों ने बताया।. सरकार की योजनाओं से जुड़ी उनकी जो जनाकांक्षाएं रही उनको भी सुना गया और लगभग मुजफ्फरपुर जिले में 97000 जन आकांक्षाओं के निवारण के लिए सभी विभाग जिला अधिकारी के नेतृत्व में प्रयासरत हैं। आकांक्षाओं के निवारण के लिए साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला अधिकारी के नेतृत्व में किया जा रहा है ,जिसमें आकांक्षाओं के निवारण के लिए दिशा निर्देश दिया जाता है। . जीविका की डीपीएम अनीशा ने बताया कि यह अब तक का सबसे बड़ा जागरूकता कार्यक्रम है ।पूरे बिहार में मुजफ्फरपुर जिले में सबसे ज्यादा महिला संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 8 लाख जीविका दीदियाँ सम्मलित हुई ।इस महिला संवाद की सबसे खास बात यह रही कि मुजफ्फरपुर जिले में जीविका द्वारा प्रमुख गतिविधियां जो जारी है ,उसकी सफलता की कहानी पूरे बिहार में दिखाई गई है।

# एसएसबी की सख्ती से नशीली दवाओं और शराब की तस्करी नाकाम, दो तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर सशस्त्र सीमा बल की 48वीं बटालियन ने भारत-नेपाल सीमा पर दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों और शराब की तस्करी की कोशिशों को विफल करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों कार्रवाइयाँ तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही हैं ।पहली कार्रवाई सीमा चौकी जानकीनगर क्षेत्र में सुबह लगभग 11:30 बजे की गई, जब सीमा स्तम्भ संख्या 277(46) से लगभग 4.6 किलोमीटर भारत की ओर गश्त कर रही टीम ने एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से ओनरेक्स सिरप की 79 बोतलें बरामद हुई, जो कोडीन फॉस्फेट और ट्रिप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड युक्त मादक पदार्थ है। पकड़े गए तस्कर की पहचान सुजय सिंह, निवासी ग्राम छतोनी, थाना बसोपट्टी, जिला मधुबनी के रूप में की गई है। जब्त सामग्री और आरोपी को कानूनी कार्रवाई हेतु बसोपट्टी थाना को सौंप दिया गया ।दूसरी कार्रवाई सीमा चौकी परसा (एफ कंपनी) के अंतर्गत दोपहर लगभग 3:45 बजे की गई। गश्त के दौरान बीपी संख्या 297 के समीप, भारत की सीमा में लगभग 70 मीटर अंदर से 16 बोतल मैक डॉवेल नंबर 1, 92 बोतल नेपाली सोफी शराब, 24 स्कूल बैग, 6 कपड़े के कैरी बैग और एक साइकिल जब्त की गई। इस मामले में अफताब अंसारी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम-चरौत, थाना-चरौत, जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त सामान को थाना मधवापुर को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है।

# बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डॉ. राजीव रंजन कुमार के द्वारा किया गया ।बैठक में कई बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर कई अहम बिंदुओ पर चर्चा करते हुए विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बाढ़ अवधि के दौरान तटबंधों की सुरक्षा हेतु टीम का गठन,बाढ़ पूर्व सामुदायिक स्थल का चयन करना ताकि बाढ़ अवधि से निपटारा हो सकें,टीम बिल्डिंग हेतु - कमियों/स्वरासेवकों श्रमिकों को सीपेज एवं पाईपिंग की उपचार विधि एवं अन्य प्रशिक्षण आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने में एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर मानव हित में कार्य करेगें,बाढ़ पूर्व जून से लेकर अक्टूबर तक माह के प्रथम सप्ताह में बैठक सभी संबंधित कर्मिगण श्रमिक तथा स्वंयसेवी के साथ किया जाएगा,चयनित दल के सभी सदस्यों का संपर्क सूत्रएक दूसरे को प्रसारित करे, ताकि आकस्मिक समय में तत्संबंधी सूचना प्राप्त कराया जा सकें,असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए सभी आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जानें हेतु प्रेरित करनाह्व तथा डर के माहौल से बाहर होने का अनुरोध करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में अंचलाधिकारी कुमार राजीव रंजन, पीओ मनरेगा कृष्ण कुमार चौधरी, कार्यपालक , बाढ़ नियंत्रण पदाधिकारी कमल नहर समेत कई पदाधिकारी और कर्मियों ने भाग लिया।

# एसडीएम ने पैक्सों को शीघ्र चावल आपूर्ति करने का दिया कड़ा हिदायत

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर प्रखंड के उफरदाहा एवं जरिसो पैक्स में अवशेष धान एवं राइस मिल में पड़ी सीएमआर की निरीक्षण करने एसडीएम मनीष कुमार झा,वरीय प्रखंड सहकारिता अधिकारी शशि कुमार तथा एफसीआई वन टेक्निकल महेश पासवान ने संयुक्त रूप से मंगलवार को किया। एसडीएम ने पैक्सों में बचे चावल की शीघ्र आपूर्ति करने का कड़ा हिदायत दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक बिहार राज्य खाद्य निगम दरभंगा को 7 पैक्स के माध्यम से चावल उपलब्ध कराने का समय बीतने पर विभागीय कार्रवाई का आगाज हो गया है। विपणन वर्ष 2024-25 धान खरीद के बाद अनुक्रमानुपात सीएमआर एसएफसी को आपूर्ति करने की अंतिम समय 15 जून 2025 को विभाग ने तय किया था। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में बेनीपुर प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र के पैक्सो में 34 लॉट चावल आपूर्ति करना बचा है। सबसे अधिक जरिसो पैक्स 22 लॉट, उफरदाहा-तरौनी 7 लॉट, मकरमपुर, हावीभौआड़,पोहद्दी तथा नगर परिषद क्षेत्र के बेनीपुर एवं मझौड़ा पैक्स में एक-एक लॉट चावल आपूर्ति करने के लिए बचा है। आपूर्ति नहीं होने के कारण विभाग की करोड़ों की राशि फंसी है। सूत्र बताते हैं कि विभाग द्वारा आपूर्ति का समय सीमा नहीं बढ़ाया गया है तो पैक्स अध्यक्षों पर राशि वसूली के साथ वैधानिक कार्रवाई किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कारोबार को लेकर दर्ज दो कांड के फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

सहरसा जिले के बनगांव थाना अध्यक्ष पिंकी कुमारी द्वारा सोमवार को की गई कार्रवाई में दो अलग-अलग कांड में फरार चल रहे दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बनगांव थाना अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने बताया कि बनगांव थाना कांड संख्या - 98/25 जो बीते 12 जून को दर्ज की गई थी। उक्त शराब कारोबारी को लेकर दर्ज मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के सफाबाद गांव निवासी स्व उमेश तांती के पुत्र नीरज कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि साथ ही बनगांव थाना कांड संख्या - 59/25 जो बीते 18 अप्रैल को दर्ज हुई थी।

# सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करें : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिला पदाधिकारी तरनजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय सह समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मो. तारिक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमन कुमार, सिविल सर्जन मिथिलेश ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. सैयद अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा/ उदाकिशुनगंज सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में पूर्व से लंबित एमजेसी, सीडब्ल्यूजेसी एवं एलपीए वाद में नियमानुसार प्रतिशपथ दायर करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मूलभूत सुविधा यथा-शौचालय, पेयजल एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं की समीक्षा की गई एवं कार्य निष्पादन में तीव्रता लाने हेतु निदेश दिया गया। विगत दिशा की बैठक के कार्यवाही प्रारूप के अनुसार सभी संबंधित पदाधिकारियों को परिवाद/लंबित मामलों के निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत महादलित टोलों में आयोजित विशेष विकास शिविर/महिला संवाद में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया।

# छात्र संवाद के साथ विश्वविद्यालय बचाओ शिक्षा बचाओ संघर्ष का हुआ आगाज

### बीएनएमयू में अराजकता के विरोध में संयुक्त छात्र संगठन ने संपर्क, संवाद और संघर्ष का दिया नारा

प्रात किरण संवाददाता



मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय एवं उसके अंतर्गत कॉलेजों में व्याप्त कुव्यवस्था, अराजकता को लेकर संयुक्त छात्र संगठनों द्वारा पूर्व निर्धारित संघर्ष का आगाज रविवार को कर दिया गया। पहले दिन सुबह ग्यारह बजे से देर शाम तक ओबीसी छात्रावास, अल्पसंख्यक छात्रावास सहित विभिन्न लॉज में जाकर छात्रों से संवाद कर वर्तमान शैक्षणिक परिवेश, कॉलेज और विश्वविद्यालय में व्याप्त कुव्यवस्था पर चर्चा की छात्र-छात्राओं का साफ शब्दों में कहा कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी धरोहर भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय को क्षेत्र के शैक्षणिक उत्थान और विकास का केंद्र बनाने के लिए स्थापित किया गया था जिसके स्थापना के उद्देश्य को सफल बनाने के बजाय विवाद का केंद्र बना कर रख दिया गया है जिसके खिलाफ संयुक्त छात्र संगठन ने यह संघर्ष का शंखनाद किया है विश्वविद्यालय बचाओ शिक्षा बचाओ में संयुक्त छात्र संगठन ने छात्रों से सहयोग की अपील की। संवाद में सामने आये कैंपस से जुड़ी कई समस्याएं छात्रावास में संवाद के दौरान विभिन्न विभागों, कॉलेजों से जुड़े छात्रों ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय परिसर में व्याप्त कुव्यवस्था, पदाधिकारियों की मनमानी, रिजल्ट गड़बड़ी के नाम पर जहां शारीरिक, मानसिक, आर्थिक शोषण की भी शिकायत की वहीं छात्रों ने कहा कि उचित पैसा खर्च होने के बाद भी वो बेहतर शिक्षा का माहौल नहीं मिल पा रहा जिसके कारण वो अपने सपने को साकार करने के बजाय उलझे रहते हैं। शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ तीनों जिलों का संपर्क, संवाद और संघर्ष होगा ऐतिहासिक संपर्क, संवाद और संघर्ष का आगाज करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि आज से शुरू यह संवाद तीनों जिलों में चलेगा जिसमें लगभग एक पखवाड़ा से अधिक समय एक जिले में संयुक्त छात्र संगठन की टीम समय देगी और समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों से संपर्क और संवाद स्थापित कर संघर्ष में सहयोग की अपील करेगी।इस दौरान वॉल राइटिंग, पर्चा, पोस्टर का भी सहारा लिया जाएगा। छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय की कुव्यवस्था पर तंज कसते हुए कहा कि सात जिलों में फैले विश्वविद्यालय के तीन जिलों में सिमटने के बाद उम्मीद जगी थी कि अब बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा लेकिन हालात और बद से बदतर हो चली है इसको बचाने और बिगड़े हालात को सुधारने के लिए ही तीनों जिला अंतर्गत सभी कॉलेजों, पीजी विभागों, हॉस्टल, लॉज, लाइब्रेरी का भ्रमण कर छात्र छात्राओं से उनकी समस्याओं को संग्रहित की योजना है वहीं स्थानीय स्तर पर विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों सहित बुद्धजीवियों से भी संपर्क की शुरूआत कर दी गई है।

तीनों जिलों में जिला एवं पुलिस प्रशासन को विश्वविद्यालय के दोहरे चरित्र से कराया जाएगा अवगत संवाद के दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि अक्सर विश्वविद्यालय अपनी अराजकता और कुव्यवस्था के खिलाफ जारी आंदोलनों में जिला और पुलिस प्रशासन को गुमराह करती है अपनी साफ सुथरी छवि दर्शाती और छात्रहित के मुद्दों पर संघर्षरत छात्र नेताओं को खलनायक दिखाती है अब यह चाल और नहीं सफल होने वाली। संघर्ष के क्रम में संयुक्त छात्र संगठन की एक टीम साक्ष्य सहित विश्वविद्यालय की कुव्यवस्था, पदाधिकारियों की मनमानी की जानकारी दे इनके दोहरे चरित्र को उजागर करने के साथ स्थानीय महत्वपूर्ण मुद्दों पर पहल की कोशिश करेगी साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन का गलत प्रयोग कर धमकाने पर भी अपना पक्ष रखेगी। नौ अगस्त को विश्वविद्यालय बचाओ शिक्षा बचाओ प्रदर्शन में साथ की अपील संवाद के दौरान संयुक्त छात्र संगठन की टीम ने कहा कि आज से शुरू हुई यह विश्वविद्यालय बचाओ शिक्षा बचाओ संघर्ष की शुरूआत नौ अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन के साथ समाप्त होगी। इस दौरान संघर्ष का कारवां मधेपुरा से शुरू हो सहरसा और सुपौल का सफर तय करेगी। छात्र नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आंदोलन निर्णायक होगी जो भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में छात्रों के हक अधिकार के साथ मजाक, कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनरों की हकमारी का मुंहतोड़ जवाब देगी। संवाद में मुख्य रूप से एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार, युवा शक्ति नेता सौरव यादव, पूर्व छात्र नेता डॉ हर्ष वर्धन सिंह राठौर, सुमित यादव आदि उपस्थित रहे वहीं बड़ी संख्या में जहां छात्रों ने भाग लिया और संघर्ष में हर संभव सहयोग की बात कही।

# आरपीएफ नें रेलयात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत सहरसा स्टेशन सोनवर्षा कचहरी पर रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार के नेतृत्व में सम्पूर्ण स्टेशन परिसर में जहर खुरानी यात्री सामान की चोरी आदि बाबत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल यात्रियो के सुरक्षित एवं सुखद रेल सफर में किसी भी अनहोनी घटना सें निजात के रेलवे के टॉल फ्री नम्बर पर सुचित करने हेतु सतर्क किया गया। आरपीएफ द्वारा जंक्शन सें खुलने वाली तथा आने वाली सभी ट्रेन का सघन तलाशी अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विगत दिनों निरीक्षक प्रभारी धनंजय कुमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाते हुए रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत जिसमें अनाधिकृत चेन पुलिंग अनाधिकृत डिब्बे में यात्रा करना महिला बोगी में यात्रा करना एवं अनाधिकृत रेलवे क्षेत्र में प्रवेश आदि मामलों में कूल छह व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# मिथिला के गीत संगीत एवं भगैत गायन के संरक्षण व संवर्धन को लेकर प्रयास जारी

### संगीत से समाधान कार्यक्रम सहरसा सुपौल से शुरू कर सम्पुर्ण मिथिला में चलाया जाएगा : अखिलेश मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश मिश्रा ने जाने माने प्रसिद्ध गायक पद्मभूषण उदित नारायण से मिलकर मिथिला में खासकर कोशी प्रमंडल में संगीत संस्कृति में भगैत एवं लोक संगीत के सुरक्षा हेतु हरसंभव प्रयास में सहयोग देने को कहा है। श्री मिश्रा ने संगीत में पढ़ाई जाने वाली पंचगछिया धराना, यदु झा, मांगैन खवास, शारदा सिन्हा के साथ साथ पंडित लक्ष्मी नाथ गोसाई और बाबा कारु खिरहर आदि जैसे संतों के उत्कृष्ट भजनों का संग्रह और संरक्षण के लिए लंबी बातचीत हुई। श्री मिश्रा ने बताया कि उदित जी ने कहा अभी कुछ दिन पहले पंडित लक्ष्मी नाथ गोसाई जी का भजन इन्होंने गया है। समाज कल्याण में संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसमें संतों की तो बात ही निराली है। सही मायने में सभी चार वेदों में सामवेद सबसे महत्वपूर्ण है। महाकवि विद्यापति अपने भजनों से भोलेनाथ को प्रसन्न किया और वरदान नहीं लेने पर नौकर बनकर सहर्ष स्वीकार करने जैसा उदाहरण मिथिला को छोड़कर कहीं और देखने को नहीं मिलता है। पंचायत परिषद के द्वारा जो संगीत से समाधान नामक कार्यक्रम सहरसा सुपौल से शुरू कर सम्पुर्ण मिथिला में चलाया जाएगा। जिसके केन्द्र में मिथिला के लाल रविन्द्र महेन्द्र को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में परंपरा ठाकुर से भी पुर्ण सहयोग मिलेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि सहरसा में एफ एम रेडियो की शुरूआत इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने मिथिला वासियों से आग्रह किया कि लोग अपने क्षेत्र के पुराने नये कवियों, गीतकारों, गायकों, कीर्तन मंडलियों और कलाकारों की सुची अखिल भारतीय पंचायत परिषद, मयूर विहार फेस वन के पते पर भेजने या हरि शंकर तिवारी मिडिया राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के वाट्सएप पर भेजने या संपर्क करने को कहा है। खासकर भगैत और भजन के साथ साथ एतिहासिक मिथिला के नायकों के गाथा, गीत, नाटक और नौटंकी लिखने एवं अभिनय करने वाले लोगों से इस महायज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया है।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के महिला प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के महिला प्रकोष्ठ कि एक बैठक गौतम नगर गंगजला वार्ड नंबर 16 में जिला प्रभारी अनुजा मिश्रा कि अध्यक्षता एवं अर्चना झा के संचालन में आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोशी प्रमंडल प्रभारी शैलेश कुमार झा एवं प्रदेश महासचिव अंशु झा कि उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में सामाजिक एकजुटता, सहयोगात्मक व्यवहार के साथ साथ महिला सशक्तिकरण, एवं राजनैतिक स्तर पर महिलाओं के भागीदारी पर चर्चा कि गई। महासभा के जिला प्रभारी अनुजा मिश्रा ने कहा कि समाज में अगर एकजुटता लानी है तो हमसबो को आपसी सहयोगात्मक व्यवहारों को बढ़ाना होगा। जिसके लिए ग्रामीण स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों के मुहल्ला स्तर पर बैठक आयोजित कर इकाई का गठन करना होगा। वर्तमान समय में सभी दलों द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण कि बातें तो कि जा रही है लेकिन जब भागीदारी कि बातें आती है तो महिलाएं सिर्फ वोट बैंक बनकर रह जाती है। प्रमंडलीय स्तर पर राजनैतिक पार्टियों द्वारा ब्राह्मण समाज को मिलने वाली भागीदारी लगभग नगण्य के बराबर है और उसमें भी महिलाओं को मिलने वाली भागीदारी शुन्य है। बैठक के माध्यम से उन्होंने सभी राजनैतिक पार्टियों से अपील कि है कि कोशी प्रमंडल मुख्यालय सहरसा से आगामी विधानसभा में महिलाओं कि उम्मीदवारी होनी चाहिए। बैठक में मधु झा, रेणु देवी, रीता झा, प्रतिमा देवी, रिंकू झा, रितु देवी, संगीता कुमारी, नीलम देवी, अर्चना कुमारी, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# जमीनी विवाद में पिता की हत्या के बाद भी नहीं थम रहा अत्याचार, दीपक सदा ने एसपी से की न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा सलखुआ प्रखंड अंतर्गत कवैया मुसहरी वार्ड नंबर 4 निवासी दीपक सदा ने एक बार फिर पुलिस अधीक्षक सहरसा को आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। दीपक ने कहा कि कुछ दिन पूर्व उनके पिता राजेंद्र सदा की जमीनी विवाद में मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर दीपक सदा ने सलखुआ थाना में आवेदन देकर 9 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था, जिसमें से कुछ आरोपी अभी जेल में बंद हैं। लेकिन अब दीपक सदा ने आरोप लगाया है कि सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी की मिलीभगत से कई मुख्य अभियुक्त, जिनमें दीपक यादव, परमानंद यादव, विकास यादव और धीरज यादव प्रमुख हैं, ने पैसे और सिफारिश के बल पर अपना नाम केस से हटवा लिया है। ये सभी अब खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को लगातार धमका रहे हैं। दीपक का कहना है कि ये आरोपी रात के समय उनके घर में घुसकर मानसिक और शारीरिक यातनाएं दे रहे हैं। दीपक यादव, विकास यादव और धीरज यादव खुलेआम धमकी देते हैं झबाप को मार डाला, अब तुम्हारी बारी है। दीपक सदा ने यह भी बताया कि विवादित जमीन को लेकर एक केस राजकुमार सदा से चल रहा है, जिसे ये आरोपी जबरन उठवाने का दबाव बना रहे हैं। उनकी पत्नी भी हाल की मारपीट में घायल हुई हैं और मां अभी तक पति की मौत के सदमे से उबर नहीं पाई हैं। दीपक सदा ने एसपी से गुहार लगाई है कि उनके पिता के हत्या के मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे उनका परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि सभी आरोपियों की पुनः जांच कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और परिवार की सुरक्षा हो सके।

# सशक्त पंचायत, समृद्ध बिहार की दिशा में एक सार्थक प्रयास कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

सहसा राज्य स्तरीय पंचायत राज विभाग बिहार द्वारा आयोजित पंचायत विकास सूचकांक पी ए आई 2.0 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला होटल मौर्या पटना में उपविकाश आयुक्त सहरसा, एडीएम सह जिला पंचायत राज्य पदाधिकारी के साथ साथ मुखिया अर्चना आनन्द ग्राम पंचायत वीरगांव, मुखिया राहुल झा ग्राम पंचायत मुरादपुर आई टी माधव झा, जिला प्रोग्रामर धीरज कुमार को सहरसा जिला की ओर से भाग लेने का अवसर मिला। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में विकास के नए मानकों, पंचायतों की रैंकिंग पद्धति और सतत ग्राम विकास से जुड़े विषयों पर गहन विचार -विमर्श हुआ। वही कार्यशाला के माध्यम से न केवल योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की समझ विकसित हुई, बल्कि अपने पंचायत क्षेत्र वीरगांव को आदर्श बनाने हेतु कई प्रेरणादायक सुझाव भी प्राप्त हुआ।

# नवज्योति महिला जीविका ग्राम संगठन द्वारा आयोजित की गई महिला संवाद कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के मधुबन गांव में पूर्व पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेहता के निवास स्थान पर नवज्योति महिला जीविका ग्राम संगठन द्वारा मंगलवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मनोरंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और सरकार के समक्ष खुलकर अपनी बात रखी। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मनोरंजन कुमार सिंह ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम विकास की राह का वाहक बन रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम..सशक्त, जागरूक और भागीदारीपूर्ण बिहार की ओर एक मजबूत कदम है। इस मंच के माध्यम से महिलाएं अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं और विकास की संभावनाओं को तलाश रही हैं साथ ही महिलाएं अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सरकार तक सीधे पहुंचा रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम सरकार के साथ महिलाओं के सीधे संवाद का अनूठा माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान महिला संवाद जागरूकता वाहन के डिजिटल स्क्रीन पर लोक कल्याणकारी योजनाओं की सफलता पर आधारित 3 फिल्में प्रदर्शित की गई। फिल्मों में राज्य सरकार की तरफ से क्रियान्वित महिला आरक्षण, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), नशामुक्ति अभियान, बाल-विवाह, मुख्यमंत्री मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, लक्ष्मी बाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन आदि को प्रदर्शित किया गया। महिलाओं को जागरुक करने के लिए लीफलेट का वितरण किया गया। इसके अलावे महिलाओं के बीच मुख्यमंत्री की तरफ से सूबे की माताओं/बहनों को संबोधित पत्र का भी वितरण किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों ने सामुदायिक निवेश निधि और प्रारंभिक निवेश निधि से प्राप्त ऋण पर ब्याज दर घटाने की मांग को पुरजोर तरीके से रखा। इसके साथ ही दीदियों ने जीविका भवन, ग्राम संगठन भवन, निर्माण की भी इच्छा जताई है। दीदियों ने पाइपलाइन से गैस की सुविधा उपलब्ध कराने, प्रदूषण से मुक्ति की भी मांग की। इसके साथ वे गांवों में सामुदायिक पुस्तकालय, सामुदायिक भवन, खेल मैदान, पार्क और विवाह भवन की उपलब्धता की भी मांग जोर शोर से उठाई। महिलाओं ने संवाद कार्यक्रम के दौरान वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी की मांग की हैं। खासकर वृद्ध महिलाओं ने वृद्धा पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग को प्रमुखता से उठाई। महिलाओं ने गांव में सिलाई केंद्र की स्थापना तथा उत्पादों की बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## संवाद के माध्यम से सरकार तक पहुंचेगी महिलाओं की आवाज

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा महिलाओं को सशक्त और उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए शुरू किया गया महिला संवाद कार्यक्रम अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है । जिले में अब मात्र 24 ग्राम संगठनों में ही कार्यक्रम आयोजित किया जाना शेष है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाएं भागीदारी कर रही हैं और अपनी समस्याएं और आकांक्षाएं साझा कर रही हैं। जीविका के संचार प्रबंधक, सुधा दास ने जानकारी दी कि जिले में निर्धारित 1468 ग्राम संगठनों में से 1444 में महिला संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। शेष 24 ग्राम संगठनों में आयोजन के साथ ही 18 जून को कार्यक्रम का समापन हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए वीडियो फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और गाँव की अन्य महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। सुधा दास ने बताया कि अब तक 3 लाख 61 हजार से अधिक लोग महिला संवाद कार्यक्रम में भाग ले चुके है। इनमें 2 लाख 43 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और 1 लाख 18 हजार से अधिक अन्य ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल है। इन कार्यक्रमों में ग्रामीण जीवन, समाज और राज्य के विकास पर गहन चर्चा हो रही है। महिला संवाद के दौरान महिलाओं से अब तक 40,327 सुझाव और आकांक्षाएं प्राप्त हुई है। इन सुझावों को मोबाइल एप्लिकेशन पर दर्ज किया गया है, ताकि राज्य के विकास और योजनाओं के कार्यान्वयन में इनका उपयोग किया जा सके। सभी सुझावों का विभागवार वर्गीकरण कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं और आकांक्षाओं को समझते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# स्निग्धा सिंह ने नीट में लहराया परचम, प्रथम प्रयास में हासिल किए 551 अंक

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा थानीय व्यवहार न्यायालय के वरीय अधिवक्ता और एजीपी अभय कुमार सिंह की भतीजी स्निग्धा सिंह ने नीट 2025 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 551 अंक प्राप्त किए हैं। जिसके बाद उनका ऑल इंडिया रैंकिंग 11,653वां स्थान रहा है। जबकि सामान्य श्रेणी उन्हें 5,133वां रैंक मिला है। स्निग्धा के पिता संजय कुमार सिंह एलआईसी के अभिकर्ता हैं। जबकि माता सरिता सिंह राजेंद्र मध्य विद्यालय कायस्थ टोला में शिक्षिका हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं बल्कि गांव और शहर का प्रसिद्ध पुराने मुहल्ला कायस्थ टोला भी गौरवान्वित हुआ है। उन्हें बधाई देते चाचा-चाची, भाई-भाभी, बहन सहित पूरे परिवार ने इस सफलता पर खुशी जताई है। अधिवक्ता अभय कुमार सिंह ने बताया कि स्निग्धा की मेहनत, लगन और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उनकी सफलता पर क्षेत्रवासियों ने भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। उन्हें बधाई देने का तांता लगा रहा। कायस्थ टोला स्थित आवास पर जाकर शुभकामना देने में वरीय अधिवक्ता अमोद कुमार सिंह, अधिवक्ता ज्योति कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अखिलेश कुमार वर्मा, पम्पल कुमार सिंह, कुमार जयंत, अमित कुमार, जवाहर यादव, राजीव रंजन, संतोष मुंशी आदि थे।

# दो बाइक के आमने-सामने के टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) थाना क्षेत्र पुरैनी के एस एच 58 पर दुर्गा फ्यूल सेंटर के सामने सोमवार की शाम में दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बिहारीगंज थाना क्षेत्र के परिहारपुर वार्ड 11 निवासी ब्रह्मदेव शाह का पुत्र पीकू कुमार (26 वर्ष) पुरैनी से अपने घर परिहारपुर की ओर बाइक से जा रहा था। तथा दूसरी ओर पुरैनी थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के बाघवा दियारा वार्ड 14 निवासी मोहम्मद गफ्फार का पुत्र आरिफ आलम (28 वर्ष) जो योगिराज अपने घर बाघवा दियारा ओर जा रहा था। इतने में दुर्गा फ्यूल सेंटर पुरैनी के सामने दोनों बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। जिसमें आरिफ आलम के सिर में गंभीर चोट लग गई। दुर्घटना के बाद तुरंत 112 की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैनी में भर्ती कराया जहां आरिफ आलम की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# उपस्थित नहीं थे, बावजूद शिक्षकों ने ई शिक्षा कोष पर दर्ज की उपस्थिति

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ई शिक्षा कोष पर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले 13 शिक्षकों से जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार ने जवाब मांगा है। जांच में सामने आया कि इन शिक्षकों ने मई 2025 में फर्जी फोटो अपलोड कर उपस्थिति दर्ज दिखाई है। यह विभागीय आदेश के खिलाफ है। जिसके कारण मणि भूषण भारती, सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय पहाड़पुर, सैयद वसीम अशरफ, प्राथमिक मकतब भौरहा, पंकज कुमार, स्नेही उच्च विद्यालय सबैला, स्नेहिल कुमारी, त्रिपुर प्लस टू उच्च विद्यालय जम्हारा, शशि भूषण, रामादेवी उच्च विद्यालय भद्दी, धर्मेंद्र कुमार, नव प्राथमिक विद्यालय पश्चिमवारी कपासिया, विभीषण कुमार, प्राथमिक विद्यालय सखुआ, मोहम्मद अबू नसर फारूकी और शबाना परवीन, उर्दू प्राथमिक विद्यालय लाहौना, अंजनी कुमार, नव प्राथमिक विद्यालय मोरकाही दक्षिण, बीवी रुखसाना खातून, तरन्नुम परवीन और इशरत जहां, प्राथमिक मकतब भौरहा शामिल हैं से जवाब मांगा गया है। डीईओ ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इसके बावजूद उन्होंने ई शिक्षा कोष पर उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने पूछा है कि क्यों न विभागीय कार्रवाई की जाए। शिक्षकों को तीन दिन के भीतर जवाब देना होगा। समय पर जवाब नहीं देने पर एकतरफा निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि सरकारी विद्यालयों का समय सुबह 6.30 से दोपहर 12.30 तक है। इस दौरान शिक्षकों को दो बार उपस्थिति दर्ज करनी होती है। पहली बार सुबह 6.30 बजे विद्यालय के 500 मीटर के दायरे में ऐप से और दूसरी बार दोपहर 12.30 बजे स्कूल से निकलते समय। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कई शिक्षक अपना मोबाइल साथी शिक्षक को दे देते हैं। इसके बाद फर्जी फोटो अपलोड कर उपस्थिति दर्ज की जाती है।

## जनगणना के आँकड़ों से उठ सकता है राजनीतिक समस्या

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत जैसे बहुजातीय, बहुभाषायी, और बहुसांस्कृतिक देश में जनगणना केवल एक जनसांख्यिकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सामाजिक संरचना को जानने-समझने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। वर्ष 2026-27 में होने वाली आगामी जनगणना को लेकर गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी हो चुका है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक और तकनीकी रूप से नया होगा। पहली बार यह पूरी तरह डिजिटल होगा और साथ ही लोगों को स्वगणना यानि की सुविधा भी दी जाएगी। इस जनगणना की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें जातीय आंकड़े भी संकलित किए जाएंगे और यह काम केन्द्र और राज्य सरकार की मान्य जातीय सूचियों से मिलान कर किया जाएगा। यानि जो जातियां सूचीबद्ध होंगी, केवल वही गिना जाएगा। इससे एक नई सामाजिक और राजनीतिक हलचल की संभावना बढ़ गई है। जनगणना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण में पहाड़ी राज्य (उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख), जिसमें 1 अक्टूबर 2026 तक जनगणना पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण में मैदानी राज्य, जिसमें 1 मार्च 2027 तक जनगणना की प्रक्रिया पूरा किया जाएगा। डिजिटल ऐप के माध्यम से कर्मचारी सीधे डेटा संग्रह करेंगे, वहीं लोग खुद भी मोबाइल पर अपने परिवार की जानकारी भर सकेंगे, जिसे बाद में सरकारी कर्मचारी जाकर सत्यापित करेंगे। इस बार जनगणना में तकनीकी माध्यमों का भरपूर उपयोग किया जाएगा, जैसे- जियो टैगिंग, हर घर को जियो से टैग किया जाएगा जिससे स्थान की पुष्टि हो सके। मोबाइल ट्रैकिंग, जनगणना कर्मचारियों की गतिविधि की निगरानी। कोडिंग प्रणाली- हर प्रश्न को कोड से जोड़ा जाएगा जिससे डेटा का विश्लेषण और वर्गीकरण सटीक हो। रियल टाइम डेटा अलर्ट, एप में ऑटोमेटिक अलर्ट सिस्टम होगा, जिससे गलत आंकड़ों को तुरंत पकड़ा जा सके। यह सभी उपाय इस उद्देश्य से किया गया है कि डेटा पारदर्शी, प्रामाणिक और तत्काल हो। भारत में पहली बार नागरिकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे खुद अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से अपने परिवार की जनगणना जानकारी भर सकेंगे। यह सुविधा शहरी शिक्षित वर्ग के लिए अधिक उपयोगी होगी। इससे प्रगणकों का कार्यभार घटेगा। नागरिकों में स्वतंत्रता और पारदर्शिता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाना होगा ताकि ग्रामीण एवं तकनीक से दूर तबकों तक इसकी पहुंच बन सके। इस बार का सबसे बड़ा और संवेदनशील मुद्दा है जातीय जनगणना। अब तक जनगणनाओं में केवल एससी और एसटी की गिनती होती थी, लेकिन इस बार ओबीसी और सामान्य वर्ग की जातियों की भी गणना की जाएगी। केन्द्र और राज्य सरकार की ओबीसी, एससी, एसटी सूचियों से मिलान कर ही जातियों को गिना जाएगा। इसका उद्देश्य है कि सटीक जातीय आंकड़े इकट्ठा करना। नीतियों और आरक्षण को वास्तविक आंकड़ों के आधार पर बनाना। जातीय असमानताओं को पहचानना और कम करना। 2011 की जनगणना में 46 लाख जातीय उपनाम सामने आए थे, जिससे डेटा निष्कर्ष देना संभव नहीं हो सका था। इसलिए अब कोडिंग और लिस्टिंग के आधार पर जातियों की संख्या सीमित किया जाएगा। राजस्थान जैसे राज्य में जहां जातिगत राजनीति की गहरी जड़ें है, जनगणना के यह आंकड़ा सियासी समीकरण बदल सकता है। गुर्जर, जाट, मीणा, बिश्नोई जैसे प्रभावशाली समुदायों की हिस्सेदारी को लेकर नया दावा उठ सकता है। पहले से 50% आरक्षण की संवैधानिक सीमा पार हो चुका है, ऐसे में ओबीसी वर्ग के अंदर उपवर्गीकरण की मांग तेज हो सकता है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर भी नया सवाल उठेगा कि सामान्य वर्ग में कितने लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

## अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष

डॉ. जितेन्द्र सिंह

केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाइयों को छूएगा। यह सपना दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा। आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है ध्य यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है। यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को नए सिरे से परिकल्पना की है। साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी से सृजित नहीं कर रहे हैं - वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है। भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नजर रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लौटने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। ये काल्पनिक लाभ नहीं हैं, बल्कि - ये लाखों लोगों के जीवन में आया वास्तविक, उल्लेखनीय सुधार है। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है, और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं - अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं।

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती

**जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है? इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है,**





**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**


इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है? इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था।

एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है। जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है। ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरू किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है।

# भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर क्यों

**या फिर अदृश्य शक्ति भी बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियाँ, या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं-ना कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं। ये वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर, और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आँखें मूँदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं-बेटा, तेरा समय बदलने वाला है, तू अगले जन्म में साधु बनेगा, या तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये संत, साधु, भविष्यवक्ता नदारद होते हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई दिव्य दृष्टिहै, तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतनाएँ सिर्फ प्रेम विवाह के उपाय, दुश्मन को वश में करने की विधि या विदेश यात्रा कब होगी जैसे प्रश्नों तक ही सीमित हैं?**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार**

वो जो कहते हैं, ऊपर वाले से सीधा संपर्क है, उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर अदृश्य शक्ति भी बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियाँ, या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं-ना कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं। ये वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर, और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आँखें मूँदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं-बेटा, तेरा समय बदलने वाला है, तू अगले जन्म में साधु बनेगा, या तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये संत, साधु, भविष्यवक्ता नदारद होते हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई दिव्य दृष्टिहै, तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतनाएँ सिर्फ प्रेम विवाह के उपाय, दुश्मन को वश में करने की विधि या विदेश यात्रा कब होगी जैसे प्रश्नों तक ही सीमित हैं? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियाँ बटोरीः इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती !ह्व यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस ह्यऔद्योगिक प्रणालीह्व पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है। आजकल हर गली-मोहल्ले में एक बाबा ब्रांड है-किसी का टैगलाइन है भाग्य बदलिए, तो कोई कहता है समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को ह्यईश्वर का अवतारह्व घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब ह्यअवतारह्व अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर प्रेस नोट चस्पा कर दिया जाता है-बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें। विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवार्नुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं NDRF या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है-इनकी भविष्यवाणी एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी, जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है। दुख की बात यह है कि ये बाबा और गुरु, आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी ह्यजेनरिकह्व होती है-अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, देश में बड़ी घटना होने वाली है, भूकंप या महामारी की संभावना है-अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह वाटरप्रूफ भविष्यवाणी होती है-गलत हुई तो कहा जाएगा तुम्हारी श्रद्धा कम थी, सही हुई तो देखा, बाबा ने पहले ही बताया था! बाजार ने भी इन बाबाओं की दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग ज्यादा होती है। कोई बाबा यूट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है, कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास लङऊ कैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं-४३ जब देश को ह्यदिव्य चेतावनी चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है। यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहाँ विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक जरूरत है, वहाँ संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी बाबा की ह्यफेसबुक लाइवह्व पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक कॉरपोरेट माया बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है। भविष्यवाणी की आड़ में जो व्यावसायिक ढांचा खड़ा हुआ है, वह न केवल जन-संवेदनाओं से खिलवाड़ करता है, बल्कि आपदा के समय नागरिकों को दिग्भ्रमित भी करता है। जब किसी नदी में बाढ़ आती है, तो ठऊ्रअ और मौसम विभाग तो चेतावनी जारी करते हैं, लेकिन भगवा पोशाकधारी बाबा लोग चुप रहते हैं। जब ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तब न तो किसी ज्योतिषी का वीडियो वायरल होता है, न ही कोई भविष्यवक्ता ग्रीन रूम से बाहर आता है। सवाल यह भी है कि इनका ह्यसीधा संपर्क किससे है? क्या वह संपर्क केवल उन्हीं दिनों काम करता है जब दस लाख का यज्ञ, एक करोड़ का चढ़ावा, या विशेष पूजा आयोजित की जाती है? क्या ईश्वर को संपर्क में लाने के लिए भी ह्यडेटा पैकह्व रिचार्ज कराना पड़ता है? यह कटाक्ष नहीं, कटु सत्य है कि धार्मिक विश्वास अब एक टेलीकॉम योजना जैसा हो गया है-पैसा दो, नेटवर्क भरोसेमंद होगा। एक आम नागरिक के नजरिए से देखें, तो यह धोखा है। क्योंकि जब जनता किसी संकट में होती है, तब उसे सही, सटीक, और वैज्ञानिक जानकारी चाहिए होती है-न कि दाढ़ी वाले किसी स्वयंभू ईश्वर के प्रवचन। इस पूरे परिदृश्य में कुछ संतुलित, विद्वान और सच्चे अध्यात्मविद अपवाद हो सकते हैं, जो वास्तव में समाज सेवा और आत्मकल्याण की बात करते हैं। लेकिन बहुसंख्यक मंचों पर जो चल रहा है, वह एक भविष्य बेचने का उद्योग है-जिसमें भविष्य के नाम पर वर्तमान की चेतना को शिथिल किया जा रहा है।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजरायल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे ह्यऑपरेशन राइजिंग लॉयनह्व नाम दिया गया है। यानी इजरायल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाशचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, जब तक इजरायल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है। इजरायल ने 13 जून, 2025 को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजरायल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन ह्यमोसादह्व के जरिए ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजरायली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजरायली डिफेंस सिस्टम ने इजरायल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए। इधर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, आज 61वां दिन था। फलतः इजरायल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजरायल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम 235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देश हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो देनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमरीका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमरीका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमरीका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजरायल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था। ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। । ईरान इजरायल से करीब 1800 किमी. की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजरायल को अमरीका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमरीका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमरीका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है।

# जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## जिला परिवहन कार्यालय में वर्षों से पदस्थापित लिपिक संजय राव का तत्काल स्थानांतरित

● भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति, किसी भी सूरत में गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा : जिला पदाधिकारी

● रोस्टर ड्यूटी समाप्त होने के उपरांत भी गृह रक्षकों के कार्य पर बने रहने के बिन्दु पर जिला समादेष्टा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी से शोकॉज

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। लोक साक्षात्कार एवं विभिन्न माध्यमों से जिला परिवहन कार्यालय के संदर्भ में विभिन्न शिकायतें जिला पदाधिकारी को प्राप्त हुईं, जिसके आलोक में 16 जून की देर संध्या जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संजय राव, लिपिक द्वारा वर्ष 2018 से पदस्थापित रहने की बात कही गयी। जिला पदाधिकारी ने तत्काल उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए भूमि सुधार कार्यालय, बगहा में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी क्रम में महेश सिंह होमगार्ड द्वारा दो वर्षों से जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित रहने की जानकारी दी गयी। जिला पदाधिकारी ने जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी को महेश सिंह सहित इस तरह के सभी होमगार्ड का तत्काल रोस्टर ड्यूटी समाप्त करते हुए वैसे गृह रक्षक जो कभी भी जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित नहीं रहे हैं, की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिए। रोस्टर ड्यूटी समाप्त होने के उपरांत भी गृह रक्षकों के कार्य पर बने रहने के बिन्दु पर जिला समादेष्टा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को एमवीआई द्वारा किये जा रहे कार्यों की लगातार समीक्षा एवं अनुश्रवण करने, उनकी एक्टिविटी पर नजर बनाकर रखने तथा फिल्ड में किये जा रहे कार्य से संबंधित फोटोग्राफ्स, लोकेशन आदि की जानकारी लेते रहने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी को जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक एवं अन्य कर्मी के द्वारा गड़बड़ी करने की साक्ष्य के साथ शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी द्वारा आरोपों की जांच हेतु तुरंत त्रिसदस्यीय कमिटि का गठन किया गया। इस कमिटि में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी एवं एसपीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी को सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने कमिटि को 14 दिनों के अंदर जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जा रही है। किसी भी सूरत में गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा, सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने डीटीओ सहित सभी कर्मियों को चेतावनी देते हुए सचेत रहकर दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार एवं जिला स्थापना उप समाहर्ता मो० अली अहमद उपस्थित थे।

# नियमित योगाभ्यास ही हमारे पूर्वजों के स्वस्थ-शतायु जीवन का आधार:गरिमा

## महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय योग महोत्सव का महापौर ने किया उद्घाटन

● अपने विद्यार्थी छात्र छात्राओं के साथ प्राचार्य के नियमित योगाभ्यास को महापौर ने बताया उच्च आदर्श का निर्वहन

● आगामी 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन मुख्य प्रदर्शन से पूर्व दैनिक कार्यक्रम किए गए निर्धारित

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार की सुबह महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय योग महोत्सव का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमारे पूर्वजों के स्वस्थ-शतायु जीवन का आधार रहा है। यह हमारे मनीषी पूर्वजों की वैज्ञानिक खोज और हम सबके लिए गर्व का विषय है। स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए योग विज्ञान को एक महत्वपूर्ण और कैरियर आधारित विषय के रूप सरकार द्वारा शामिल करना स्वागत योग्य है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) रवींद्र कुमार चौधरी सर का स्वयं अपने विद्यार्थी छात्र छात्राओं के साथ नियमित योगाभ्यास करना एक उच्च आदर्श का निर्वहन है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. (डॉ) रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि हमें अपनी कर्मठ महापौर गरिमा देवी सिकारिया की कार्यकुशलता पर गर्व है। उनके कर्मठता को हमारे जिले के विभिन्न मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नियमित साझा होने से हमारी महापौर श्रीमती सिकारिया ने बेतिया नगर निगम ही नहीं पूरे चंपारण और बिहार भर में बड़ी लोकप्रियता हासिल कर ली है। इससे पूर्व कॉलेज के बर्सर प्रो. (डॉ) पीके चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी युवा महापौर गरिमा देवी सिकारिया एक विदुषी महिला नेतृ हैं। उनके कुशल नेतृत्व में हमारा नगर निगम प्रशासन जनता की निरंतर सेवा कर रहा है। समारोह का संचालन कर रहे कॉलेज के योगाचार्य पवन कुमार चौधरी ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक,स्वास्थ्य और एकाग्रता को संरक्षा प्रदान करता है। आज नई शिक्षा नीति के दौर में योग विज्ञान को एक रोजगार परक विषय के रूप अधिसूचित करने के निर्णय की कोई भी प्रशंसा कम होगी।

### स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष बने सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी

दरभंगा। स्थाई लोक अदालत की पूर्णपीठ कार्यशील,अब जनोपयोगी सेवाओं की समस्याओं के निदान में होगी सहूलियत। स्थाई लोक अदालत का सुचारुरुप से संचालन के लिए स्थाई लोक अदालत का अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, गैर न्यायिक सदस्य पद पर आदित्य नाथ झा और विश्वनाथ सिंह ने योगदान कर कार्य प्रारंभ कर दिया है।इसके साथ हीं जिला में स्थाई लोक अदालत क्रियाशील हो गई है।अब सभी कार्यदिवस पर जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित वादों की सुनवाई होगी।इसके तहत मुख्य रुप से बिजली, पानी, स्वास्थ्य, टेलीफोन, नगरनिगम,यातायात, यथा वायू,जल,रेल परिवहन,बीमा समेत बिभिन्न जनोपयोगी समस्याओं पर सुनवाई और निर्णय का क्षेत्राधिकार स्थाई लोक अदालत को प्राप्त है।

## संक्षिप्त खबरें

### केसीटीसी कॉलेज में छात्रों को मिली राहत, कैंटीन का हुआ उद्घाटन

रक्सौल। स्थानीय अनुमंडल में बिहार विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई केसीटीसी कॉलेज में छात्रों को अब राहत मिलेगी, क्योंकि कॉलेज में कैंटीन की शुरूआत कर दी गई है। जिसका विधिवत उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य प्रो. संत साह और केंटीन के संचालक के माता- पिता के द्वारा फीता काट कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कैंटीन की इस शुरूआत से कॉलेज कैम्पस के सारे कर्मियों के साथ छात्र- छात्राओं को भी काफी खुशी मिली। प्रो. संत साह ने कहा कि कॉलेज मे कैंटीन की अति आवश्कता थी, इसकी शुरूआत हो जाने से यहां के बच्चे और कॉलेज कर्मियों को खाने-पीने का सभी सामान कैम्पस मे ही उचित मूल्य पर मिलेगा। मौके पर प्रो. पंकज श्रीवास्तव, अजय शर्मा, गौरी देवी, कुमार अमित, प्रो. प्रदीप श्रीवास्तव, प्रो. प्रो. जीच्छु पासवान, प्रो. प्रेम प्रकाश, अंकित कुमार, काजल सिंह, चंचल कुमारी, अनामिका देवी, शशि तिवारी, नीरज सिंह उज्जवल मिश्रा, चैतन्य कुमार रोहित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे

### धान का बिचड़ा गिराने में जुट गए किसान

प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में खरीफ की सबसे महत्वपूर्ण फसल धान की खेती के लिए किसानों ने कमर कस ली है तथा अपने-अपने खेतों में धान का बिचड़ा गिराना शुरू कर दिया है। वैसे तो किसान प्रत्येक वर्ष रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा गिरते थे लेकिन बार भीषण गर्मी और बारिश नहीं होने के कारण किसानों को धान का बिचड़ा गिराने में कठिनाई हो रही है। फिर भी फसल उपज में देरी ना हो इसके लिए किसान महंगे दामों में डीजल खरीदकर पंप के सहारे पानी पटवन कर बिचड़ा गिरा रहे हैं, जिससे उनके लागत में बढ़ोतरी आ सकती है। तत्पश्चात स्थानीय किसानों ने बताया कि इस माह के अंतिम सप्ताह तक लगभग लगभग सभी किसानों का बिचड़ा गिर जाएगा तथा अगले माह के अंतमी सप्ताह से धान की रोपाई शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा बाजारों में भी बीज की दुकानों पर बीटी बावन, मोती, मंसुरी, हाइब्रिड आदि किस्म के धान के बीजों की मांग अधिक है।

### पंचायत भवन में आयोजित की गई ग्राम सभा सह जन सुनवाई कार्यक्रम

नयानगर (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत नयानगर पंचायत के सिंगारपुर पंचायत भवन में मंगलवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्राम सभा सह जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मधेपुरा के ज्ञापक 483दिनांक 4 अप्रैल 2024-2025 के आलोक में नयानगर ग्राम पंचायत में मनरेगा के द्वारा वित्तिय वर्ष 2024-2025 में संचालित योजनाओं की जाँच समाजिक अंकेक्षण साधन सेवियों द्वारा किया गया। अंकेक्षण दल 6 दिवसीय प्रवास ग्राम पंचायत में करते हुए मनरेगा द्वारा सभी संचालित योजनाओं का जाँच किया गया। अंकेक्षण दल योजनाओं के जाँच से संतुष्ट नजर आए। तत्पश्चात मंगलवार को पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विन्देस्वरी शर्मा ने किया। अंकेक्षण दल द्वारा बताया गया कि वृक्षारोपण की कुछ योजना में वृक्षों की संख्या कम पाई गई। पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा बताया गया कि 15 दिनों में वृक्षों की आवश्यक संख्या पूर्ण करा दी जाएगी। मौके पर टीम लीडर शुभद्रा देवी, पुष्पा देवी, रानी मनीषा, ज्योरी सदस्य मुकेश झा, नरेस दास व ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत भवन में आयोजित की गई ग्राम सभा सह जन सुनवाई कार्यक्रम

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबनी के आयुष चिकित्सक डॉ : अशोक कुमार गुप्ता को शोकॉज

## एसडीएम, बगहा के औचक निरीक्षण में कर्तव्य से थे अनुपस्थित

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। कर्तव्य के प्रति स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं जनमानस के कल्याण हित में घोर लापरवाही को लेकर सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबनी के आयुष चिकित्सक, डॉ0 अशोक कुमार गुप्ता से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की .मांग की है। इसके साथ ही इनका एक दिन का वेतन भी अवरूद्ध किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में इनके विरूद्ध आरोप गठित कर विभागीय कार्यवाही संचालन हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जायेगी। ज्ञातव्य हो कि अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार द्वारा दिनांक-15.06.2025 को देर रात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबनी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता कर्तव्य से अनुपस्थित पाये गये। इनसे लगातार सम्पर्क करने का प्रयास करने पर भी सम्पर्क नहीं हो सका। \उक्त के आलोक में एसडीएम, बगहा द्वारा जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को कर्तव्य से अनुपस्थित डॉ0 अशोक कुमार गुप्ता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पत्र लिखा।

इस परिप्रेक्ष्य में जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को शोकॉज करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुबनी के आयुष चिकित्सक, डॉ0 अशोक कुमार गुप्ता से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

# देव म्यूजिकल ग्रुप सह गीत संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र का किया गया उद्घाटन

● फरकिया में सांस्कृतिक विकास हेतु केंद्र होगा मिल का पत्थर साबित किरण देव यादव

● उद्घाटन समारोह में सूर लय लाल की बही त्रिवेणी, बांधा समां

प्रात : किरण संवाददाता




खगड़िया। माल गोदाम रोड अवस्थित स्टैंड चौक पर देव म्यूजिकल ग्रुप कार्यालय का शुभारंभ किया गया, जिसे पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने तिरंगा फीता जोड़कर उद्घाटन किया। स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के प्रोपराइटर देवेंद्र पटेल ने किया तथा मंच संचालन देश बचाओ अभियान के प्रवक्ता गुड्डू ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि किरण देव यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक विकास हेतु देव म्यूजिकल ग्रुप भविष्य में गीत संगीत नृत्य एवं सूर लय ताल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में फरकिया में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है समुचित मंच एवं प्रदर्शन करने की मौका का। फरकिया के कई लोकप्रिय गायक गीतकार वादक कलाकार राष्ट्रीय क्षितिज पर परचम लहरा रहे हैं। देव म्यूजिकल ग्रुप शिक्षा के साथ सांस्कृतिक विकास करने हेतु छात्र नौजवानों कलाकारों को देव म्यूजिकल ग्रुप में जुड़ने का अपील किया। यहां प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि ग्रुप एवं देश बचाओ अभियान द्वारा संगीत बचाओ, सांस्कृतिक धरोहर बचाओ, स्वच्छ मनोरंजन बचाओ, नारों के साथ अश्लील गायन एवं प्रदर्शन पर अंकुश लगाने का अपील किया जाएगा तथा मुकेश रफी किशोर लता के जयंती पुण्यतिथि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी जिसमें सांस्कृतिक धरोहर बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छ सुंदर मधुर संगीत के अस्तित्व को बचाने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में सुशील कुमार, साजन अली, सुजीत कुमार, विनोद राज, सुबोध राजा, जितेंद्र कुमार, गोपाल कुमार, सुमन कुमार, कलाकारों ने गीत संगीत नृत्य प्रस्तुत कर सूर लय ताल की त्रिवेणी बहाकर समां बांधा एवं तालियां बटोरे। वक्ताओं ने कहा कि ग्रुप द्वारा भव्य आर्केस्ट्रा कार्यक्रम विभिन्न मौके पर आयोजित किया जाएगा। कलाकारों ने कहा कि स्वच्छ सुंदर मधुर मनोरंजक सांस्कृतिक माहौल बनाने का उद्देश्य के तहत देव म्यूजिकल ग्रुप सह संगीत प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न मुद्दे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# जिले के बड़े डिफॉल्टर टैक्स पैक्स के अध्यक्षों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश

## सीएमआर आपूर्ति में बरती गयी अनियमितता को लेकर जिला पदाधिकारी ने दिया आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। बिहार सरकार के द्वारा किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मौसम के अनुसार अनाजों की अधिप्राप्ति की जाती है।

इसी क्रम में 15 जून 2025 तक धान अधिप्राप्ति की तिथि निर्धारित थी। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा समीक्षा करने के दौरान पाया गया कि अभी भी कई एक संख्या में पैक्स के द्वारा धान अधिप्राप्ति करने के उपरांत सीएमआर की आपूर्ति नहीं की गयी है।

इसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के तीनों अनुमंडलों के सबसे बड़े डिफॉल्टर यथा बगहा अनुमंडल के बैराटी बरिअरवा पैक्स, बेतिया सदर अनुमंडल के रतनमाला पैक्स एवं नरकटियागंज अनुमंडल के बरवा पैक्स का निरीक्षण संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से कराया गया।

जांचोपरांत अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उक्त पैक्सों के विरूद्ध अनियमितता संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिवेदनों पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा आज 17 जून की संध्या तक इन डिफॉल्टर पैक्सों के अध्यक्षों के विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सख्त हिदायत दी गयी है कि यह निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को सभी पैक्सों का स्वयं से भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है।

# जन्मजात होंठ-तालु कटे बगहा की सोनपरी को मिला आरबीएसके का साथ

## नि:शुल्क इलाज के बाद अभिभावकों के चेहरे पर दिखे संतुष्टि के भाव

● जन्मजात कटे होंठ-तालु से पीड़ित 16 बच्चों का हुआ सफल ऑपरेशन

● इस योजना में उपलब्ध है बच्चों की 42 बीमारियों का नि :शुल्क इलाज

प्रात : किरण संवाददाता











बेतिया,जिले के बगहा-1 निवासी रवि कुमार की 5 महीने की बच्ची सोनपरी जन्मजात कटे होंठ-तालु से पीड़ित थी। बढ़ते समय के साथ सोनपरी के चेहरे की विकृतियाँ बढ़ती जा रही थी जिससे घरवाले काफी परेशान थे। बच्ची के भविष्य को देखते हुए उसके पिता रवि ने कई डॉक्टर से सम्पर्क किया परन्तु भारी खर्च के बोझ ने प्राइवेट में सर्जरी कराने के हौसले को पस्त कर दिया। जब उनके घर आशा बच्चों के टीकाकरण की जानकारी लेने आई, संयोग से बच्ची के माता-पिता ने बच्ची को दिखाया और इलाज के बारे में सलाह माँगी। आशा ने बच्ची को लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर आरबीएसके चिकित्सको से सम्पर्क करने को कहा। वहाँ डॉक्टर से दिखाने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी होने पर सोनपरी को पूर्वी चम्पारण के रक्सौल डंकन हॉस्पिटल में 23 मार्च को भर्ती किया गया। उसके बाद राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क सर्जरी कराई गई। 27 मार्च को वह अपने घर लौटी। डंकन हॉस्पिटल में बच्ची और अभिभावक को रहने, खाने-पीने व इलाज की निःशुल्क व्यवस्था का लाभ प्राप्त हुआ। आरबीएसके के डॉ रंजन मिश्रा ने बताया कि बच्ची के होंठ की सर्जरी हो चुकी है। अब कुछ महीने बाद उसके तालु की दूसरी सर्जरी भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जन्मजात कटे होंठ-तालु से पीड़ित जिले के 16 बच्चों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। जिले में किसी भी प्रखंड में अगर कटे होंठ-तालु, हृदय में छेद या कोई अन्य जन्मजात रोग से पीड़ित बच्चे हों तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा या आँगनबाड़ी केंद्र से सम्पर्क करें। बच्ची के पिता ने बताया की वे अन्य लोगों को भी सरकार की इस योजना की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार को नजदीकी क्षेत्र में इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर धन्यवाद दिया। कम उम्र में सर्जरी कराने पर मिलता है अधिक लाभः जिले के सीएस डॉ विजय कुमार ने बताया की कटे होंठ की सर्जरी 3 से 6 महीने की उम्र के बीच व तालु की सर्जरी 1 वर्ष होने के बाद होने पर ज्यादा लाभ मिलता है, रिपोर्टों के अनुसार इस सर्जरी में, कटे होंठ को बंद करने के लिए टांके लगाए जाते हैं। वहीं इस दौरान बच्चे की उचित वजन वृद्धि और पोषण के लिए बारीकी से निगरानी की जाती है, और यह सुनिश्चित किया जाता है कि भोजन करते समय सांस लेने से संबंधित कोई समस्या न हो। वहीं सर्जरी के बाद, बच्चे को कुछ दिनों तक नरम आहार दिया जाता है।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर से नेपाली नाबालिग युवती बरामद, मानव तस्कर गिरफ्तार

रक्सौल। इंडो-नेपाल बॉर्डर रक्सौल में मानव तस्करी रोधी इकाई एसएसबी 47 वीं वाहिनी एवम् प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण व न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन अस्पताल की संयुक्त अभियान के तहत एक व्यक्ति के साथ एक नाबालिग नेपाली लड़की को नेपाल से भारत आते समय संदेह के आधार पर रोक कर पूछ ताछ किया गया, जिसमें नाबालिग लड़की ने बताया कि एक वर्ष पहले स्टार मेकर एप से से इस व्यक्ति से दोस्ती हुई और फिर दोस्ती प्यार में तब्दील हुई, व्यक्ति दो बार मिलने काठमांडू आया है, तीसरी बार कल आया आया और अपने साथ इंडिया के दिल्ली ले जा रहा हैं। बिना घर वालों को बताए हुए कॉल सेन्टर में नौकरी लगाने की बात कही थी, फिर उसके बाद शादी करते। लड़की का उम्र लगभग 13 वर्ष है,जो नेपाल की राजधानी काठमांडू की रहने वाली हैं। वहीं ले जाने वाला आरोपी थाना तुरकौलिया, जिला पूर्वी चम्पारण का रहने वाला हैं। आरोपी व नाबालिग लड़की को अगली प्रक्रिया करते हुए हरैया थाना रक्सौल को सुपुर्द कर व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मौके पर मानव तस्करी रोधी इकाई सहायक सब इंस्पेक्टर खेमराज, निर्भय कुमार, आर्यलक्ष्मी, प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, विजय कुमार शर्मा, न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन अस्पताल आरती कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।



### एसएसबी 71 बटालियन द्वारा नाबालिग लड़की की रेस्क्यू के साथ एक आरोपी भी धराया

मोतिहारी। बरेला चेक पोस्ट से भारत के तरफ से नेपाल की ओर जाते हुए एक व्यक्ति के साथ एक नाबालिग लड़की को संदेह के आधार पर पूछ ताछ के लिए लिया गया, जिसकी सूचना एसएसबी 71 वीं के इंस्पेक्टर राजनंदन कुमार द्वारा प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण को दिया गया। मौके पर टीम पहुंच कर लड़की की काउंसलिंग किया तो खुलासा हुआ कि ये व्यक्ति करीब कुछ दिनों से फोन के माध्यम से लड़की से बात कर रहा था और लड़की को शादी व प्यार का झांसा देकर लड़की के परिवार वालों को बिना बताए घर से भागकर छोड़ादानों लाया। नाबालिग लड़की की उम्र लगभग 15 वर्ष है, जो सीतामढ़ी की रहने वाली हैं। वही भगाने वाला व्यक्ति कई दिनों से अपने साथ उसे रखा हुआ था और आज मौका मिलते ही नेपाल ले जा रहा था, छोड़ादानो, पूर्वी चम्पारण का रहने वाला है। जिसके ऊपर एस एस बी 71 वीं बटालियन पिपराकोठी, बरहरवा एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण के संयुक्त करवाई में बरेला चेक पोस्ट उपनिरीक्षक टकरा राम द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मौके पर एस एस बी 71 वीं बटालियन इंस्पेक्टर राजनंदन कुमार, सब इंस्पेक्टर राम कृष्ण ओझा, सिपाही श्याम कुमार यादव, अशोक चौहान, नवरत्न, प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चकदहवा सोलर प्लांट से बैट्री इन्वर्टर चोरी करते तीन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के हवाले किया

बगहा। इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के झंडवा टोला, चकदहवा और बीन टोली में सोलर प्लांट से बिजली सप्लाई किया जाता है। विगत तीन वर्षों से झंडवा टोला के पावर प्लांट का बैट्री खराब होने के कारण यहां के लोग अंधेरे में गुजर बसर कर रहे हैं। यहां तक कि लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए नेपाल का रुख करना पड़ता है। आलम यह है कि लोग दिन के उजाले में हीं खाना बना लेते हैं। इसी बीच तीन माह पूर्व फर्जी बिजली कर्मी बन कुछ शातिर पहुंचे और नया बैटरी लगाने की बात कह प्लांट में लगे 120 बैटरी समेत इनवर्टर उठा कर लेते गए। ग्रामीण इस बात का इंतजार कर रहे थे कि शीघ्र हीं बिजली विभाग नया बैटरी लगवा देगा जिसके बाद अंधेरे में रहने की उनकी मजबूरी खत्म हो जाएगी। लेकिन लोगों की नींद तब उड़ गई जब उक्त फर्जी कर्मी दुबारा बीन टोली में स्थित सोलर प्लांट का बैट्री और इनवर्टर निकालने पहुंचे। ग्रामीणों ने इनको घेर लिया और झंडवा टोला का बैट्री और इनवर्टर नया लगाने का मांग किया। मामला बिगड़ता देख तीन कर्मी पिकअप लेकर फरार हो गए। जबकि ग्रामीणों ने तीन लोगों को पकड़ कर पूछताछ करना शुरू किया। इस बीच जब ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से संपर्क किया तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर बताया कि पूर्व में और आज बिजली विभाग का कोई कर्मी बैटरी लेने के लिए नहीं गया है। फिर क्या था ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर गई पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। थाने पर बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे तो पूछ ताछ में यह बात सामने आई कि ये सभी कबाड़ी का काम करते हैं। लिहाजा पुलिस न सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। ग्रामीण गुलाब अंसारी ने बताया कि गांव के हरिद्वार सिंह को गारंटर बनाकर बेतिया से आए फर्जी बिजली कर्मियों ने झंडवा टोला के पावर प्लांट से 120 बैट्री समेत इनवर्टर गायब कर दिया। दिलासा दिया कि यह खराब बैटरी जाने के उपरांत हफ्ते भर में नया बैटरी और इनवर्टर आकर लग जाएगा। इधर हमलोग विगत तीन माह से बैट्री और इनवर्टर लगने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच सोमवार की शाम पिकअप पर सवार होकर तकरीबन आधा दर्जन लोग आए और बिजली विभाग का कर्मी होने की बात कह बीन टोली में स्थित सोलर प्लांट का बैट्री और इनवर्टर ले जाने की बात करने लगे। लिहाजा ग्रामीण जमा हुए और बगल के झंडवा टोला से पूर्व में ले जाए गए बैट्री को बदलने की मांग की। पूछताछ के दौरान जब हमने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की तो उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि पहले और अभी बिजली विभाग का कोई कर्मी बैटरी लेने नहीं गया है। जिसके बाद हम ग्रामीणों ने पुलिस को फोन किया और पकड़े गए शातिर चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता अमित कुमार द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी संख्या 65/25 दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## तकनीकी विभाग सड़क सुरक्षा संबंधित शेष कार्य को अविलंब पूर्ण करें : डीएम, दीपेश कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा। जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक में सड़क सुरक्षा अंतर्गत वर्णित प्रावधानों के अनुपालन हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सहरसा एवं सिमरी बख्तियारपुर, परियोजना निदेशक एनएचएआई 107,327 ई द्वारा ब्लैक स्पॉट्स संबंधित सूची एवं चिन्हित स्थलों पर आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक करवाई की गई है। संबंधित तकनीकी विभागों को सड़क सुरक्षा संबंधित शेष कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत कतिपय स्थलों पर सड़क सुरक्षा नियम के अवहेलना संबंधित मामला संज्ञान में आने के फलस्वरूप जिला परिवहन पदाधिकारी एवं यातायात उपाधीक्षक को संयुक्त रूप से ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, ऐसे तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार आर्थिक दंड अध्यारोपण की भी कारवाई की जाएगी।परिवहन कार्यालय द्वारा राजस्व संग्रहण समीक्षा क्रम में यातायात नियमों के उल्लंघनकताओं के विरुद्ध आवश्यक कठोर कार्रवाई एवं आर्थिक दंड अध्यारोपण हेतु नियमित रूप से चेकिंग अभियान क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया है। हिट एंड रन अंतर्गत परिलक्षित मामले से सम्बंधित प्रभावित व्यक्ति को मुआवजा भुगतान समीक्षा क्रम में कुल 116 मामलों में मुआवजा भुगतान होने के संबंध में जानकारी दी गई, शेष मामलों को भी यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। नन हिट एवं रन मामलो अंतर्गत वर्तमान में एक मामला निष्पादित किया गया है। बैठक में एन एच 327 ई अंतर्गत सत्तर कटैया प्रखण्ड क्षेत्र के बिहरा एवं पटोरी में संदर्भित परियोजना के वर्तमान प्रगति की समीक्षा गई एवं परिलक्षित बाधाओं के समुचित निदान एवं पटोरी में शेष कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी तकनीकी पदाधिकारी को दिया गया है। आज आयोजित बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सहरसा सिमरी बख्तियारपुर अनुपस्थित पाए गए है, जिसके कारण संबंधित कार्यपालक अभियंता से कारण पृच्छा किया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत, एसडीओ सदर श्रेयांश तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी अभिनव भास्कर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# पदभार ग्रहण करते हुए कहा क्राइम कंट्रोल पर होगा फोकस , जनता दरबार जारी



जमुई के नये पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है ।समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 35 वें एसपी के रूप में श्री दयाल का एसडीपीओ सतीश सुमन , डीएसपी मुख्यालय मो. आफताब अहमद , डीएसपी रक्षित सुरेश प्रसाद आदि पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यभार संभालने के बाद श्री दयाल मौजूद पुलिस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की और अतिविशिष्ट बिंदुओं पर संवाद किया। नव भारग्राही पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने इस दरम्यान जमुई के लिखनहारों से भी मुलाकात की और उनका शालीन अभिवादन स्वीकार किया। नवागत एसपी ने लिखनहारों से कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता लंबे समय से लंबित मामलों का निपटारा करना और नक्सलियों के साथ अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना है। नक्सलवाद और अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नक्सल और अपराध की रोकथाम को लेकर रणनीति जो बनी है , उस पर तेजी से काम होगा और अवांछित तत्वों को किसी भी हालत में बक्सा नहीं जाएगा। बेहतर पुलिसिंग के साथ बेहतर विधि व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जनता दरबार जारी रहेगा। नागरिकों की समस्याओं पर खास नजर रहेगी। वे पूर्वाह्न में नियमित रूप से कार्यालय में बैठेंगे और जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। आर्थिक अपराध पर भी लगाम लगाया जाएगा। अवैध कारोबार की किसी को भी छूट नहीं दी जायेगी। आर्थिक अपराध के खिलाफ रणनीति तय कर दोषी लोगों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नक्सलियों और असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में कानून को हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। जनता को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए और अधिक बेहतर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लिखनहारों के साथ जिला के निवासियों से सकारात्मक सहयोग की अपील की। अंकित करने वाली बात है कि विश्वजीत दयाल मुजफ्फरपुर में नगर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित थे। वहां से उनका पदस्थापन जमुई पुलिस अधीक्षक के पद पर किया गया है। उन्होंने जमुई एसपी का सम्पूर्ण प्रभार ग्रहण कर लिया है। वे जांबाज , पराक्रमी और दिलेर पुलिस पदाधिकारी के रूप में नामित किए जाते हैं।

# पंचायत उप निर्वाचन को ले जिलाधिकारी ने की बैठक , दिए गए कई दिशा- निर्देश

## प्रखंड विकास पदाधिकारियों से प्रतिदिन के नामांकन का दैनिक प्रतिवेदन लेने का निर्देश दिया गया

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत उप निर्वाचन तथा नगर पंचायत एकमा के उप मुख्य पार्षद के रिक्त पद पर चुनाव को लेकर समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई जिले के 19 प्रखंडों में होनेवाले पंचायत उप निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिला पंचायती राज पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों से प्रतिदिन के नामांकन का दैनिक प्रतिवेदन लेने का निर्देश दिया गया। सभी बीडीओ को इवीएम की आवश्यकता का आकलन कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। कार्मिकों का चयन कर मतदान प्रक्रिया हेतु सुव्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने का भी निर्देश दिया गया।



सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को विधि व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

बैठक में नगर पंचायत एकमा के निर्वाचन हेतु इ- वोटिंग के लिए यह भी निर्देश दिया गया कि 22 जून तक मतदाताओं का निबंधन कराते हुए निबंधन के उपरांत सभी संबंधित मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने सम्बन्धी प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

### मामलों के निष्पादन के लिए जिलों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक कारवाई का दिया गया निर्देश

छपरा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। इस बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना एवं प्रावैधिक विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, योजना एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, उद्योग विभाग, भवन निर्माण विभाग, एवं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव द्वारा सभी जिलों को योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर संवाद, महिला संवाद एवं डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त आकांक्षाओं- आवेदनों के तार्किक निष्पादन हेतु सभी जिलों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्य में लाएं गति:सचिव

प्रातः किरण संवाददाता



लखीसराय।समाहरणालय लखीसराय स्थित ठक्क के सभा कक्ष में बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाती है। इस बार तृतीय मंगलवार को उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, योजना एवं विकास विभाग, पर्यटन विभाग नगर परिषद इत्यादि की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव,अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज- रए सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना का लाभ हर हाल में आम लोगों तक पहुँचना चाहिए। यह भी निर्देश दिया गया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्य में गति लाएं। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी लखीसराय,मिथिलेश मिश्र के साथ विशेष कार्य पदाधिकारी लखीसराय ओम प्रकाश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन शशि कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग शंभु कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद लखीसराय, सूर्यगढ़ा एवं बड़हिया सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव की बैठक में शामिल हुए जिलाधिकारी और अन्य पदाधिकारी

छपरा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। इस बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना एवं प्रावैधिक विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, योजना एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, उद्योग विभाग, भवन निर्माण विभाग, एवं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव द्वारा सभी जिलों को योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

# 47 वीं जूनियर बालिका नेशनल हैंडबॉल के लिए 21 सदस्यीय बिहार टीम घोषित

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम नवादा जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित 47 वी जूनियर बालिका नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार टीम का चयन मंगलवार के शाम एक माह से चल रहे आवासीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति एवम प्रशिक्षक ने किया।

21 सदस्यीय बिहार टीम की घोषणा करते हुए बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि बिहार हैंडबॉल संघ बगैर सरकारी संसाधन के 25 जूनियर बालिका हैंडबॉल खिलाड़ियो को सारण के संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा



लौवा बनियापुर एवम मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा में आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया। शिविर में कोच के संग खिलाड़ियो ने जमकर जीत के लिए पसीना बहाया। चयनित बिहार टीम के खिलाड़ियो सहित कोच , मैनेजर को खेल पोशाक दिया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सह प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष डा अनुज कुमार, उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रसाद , संयोजक अलखदेव यादव , नवादा जिला हैंडबॉल सचिव डा आर पी साहू , बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , साईं कोच प्रेमदासा , आयोजन सचिव राकेश रंजन, संयुक सचिव श्रवण कुमार बरनवाल सहित अन्य थे।21 सदस्यीय बिहार टीम में...तृप्ति कुमारी ( कप्तान), मुस्कान कुमारी , निधि कुमारी , पम्मी कुमारी , दूजा कुमारी सभी सारण , प्रेमलता कुमारी , जानवी कुमारी , करिश्मा , सिमरन (सभी नवादा) , सोनी कुमारी , सोनाली कुमारी( उपकप्तान), मानसी , सिमरन (सभी पटना), कोमल वैशाली, रुचि मुंगेर, गोल्डी कैमूर, पल्लवी मोतिहारी ,प्रियंका शेखपुरा से शामिल है। टीम कोच संजीव कुमार पटना , सहायक कोच नितेश कुमार जबकि टीम मैनेजर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा की कल्पना कुमारी है।

# बड़हरा के सभी मंडलों मे विकसित भारत संकल्प सभा का किया जायेगा आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा विधायक ने सभी मंडल अध्यक्षो एवं पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्मों की तैयारी की बैठक की।

आरा/बड़हरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र मे मोदी सरकार के 11 वर्ष की सफलता पर संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है ।उसी कार्यक्रम के तहत बड़हरा विधानसभा मे आगामी कार्यक्रमो को लेकर बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उनके आवास पर सभी मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया ।बैठक में तय हुआ कि विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन सभी मंडलो मे किया जाएगा ।उक्त सभा के लिए मंडलवार तिथि, स्थान और ,मय तय किया गया। सलेमपुर मंडल मे सभा का आयोजन महामाया मंदिर परिसर मे 19 जून को 11 बजे से होगा। 20 जून को कोईलवर उतरी मंडल का सभा महकमपुर डुमरिया में 11 बजे और पाँच बजे शाम को बड़हरा मंडल का सभा रामशहर मे किया जाएगा।

21 जून को बबुरा मंडल का सभा काली मंदिर परिसर बबुरा में सायं पाँच बजे से होगा ।वहीं सिन्हा और सरैया दोनो मंडलो का सभा एक साथ 22 जून को सिन्हा में किया जाएगा ।सभी सभाओ के लिए जिला से विभिन्न प्रभारी बनाए गए है ।बड़हरा विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण का काल रहा। आज विकसित भारत का अमृत काल में हम सभी भारतीयो का अपने देश को विकसित बनाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। संकल्प सभा के तहत क्षेत्र के कार्यकताओं और आम जनता को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा।

जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी ई.धीरेन्द्र सिंह ने आगामी कार्यक्रमो की जानकारी दी। उन्होने बताया कि संकल्प सभा के अलावा, पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने हेतु शक्तिकेन्द्र चौपाल लगाया जाएगा। 21 जून विश्व योग दिवस पर सभी स्थानो पर योग दिवस मनाया जाएगा ।23जून को डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी स्मृति दिवस सभी बूथों पर मनाया जाएगा ।

# पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नें लूट हत्या व संपत्ति हड़पने को लेकर एसपी से की न्याय की गुहार

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के बिहरा वार्ड नंबर 6 निवासी पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र नारायण शर्मा ने थाना में आवेदन देकर रात्रि के समय डकैती की नीयत से गृहभेदन कर जान मारने का प्रयास किए जाने वाले लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मेरी आयु 85 वर्ष है। मेरे दो पुत्र हैं जिसमें एक हैदराबाद में तथा दूसरा कनाडा में रहता है ।हमलोग पति पत्नी गांव में ही रहते है। मेरी पत्नी हृदय रोग से ग्रसित है। उनको पेशमेकर लगा हुआ है। साथ ही वृद्ध होने के कारण कई गंभीर बीमारी से रोग ग्रस्त हैं ।उन्होंने बताया कि 13 जून को रात्रि में अचानक से अविनाश कुमार उर्फ राजू अपने नौकर शंकर एवं सात आठ अन्य अपराधियों के साथ घर में घुसकर भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू किया और कहा कि आज तुम दोनों मर जाते हो तो तुम्हारा संपत्ति भी मेरा ही होगा ।उनकी गलत मंशा देखकर मेरे द्वारा हल्ला किए जाने पर उन लोगों ने जान मारने की नीयत से मेरे सर पर लाठी से प्रहार किया। वहीं दूसरी बार प्रहार के कारण कान का निचला भाग फट गया और मैं गिर गया। मेरी पत्नी विमला देवी को भी उन लोगों ने धक्का देकर गिरा दिया ।इस क्रम में उन लोगों ने मेरा ब्रीफकेस जिसमें खेती-बाड़ी से हुए आमदनी का करीब चौदह हजार रूपया जरूरी कागजात थोड़े बहुत कपड़े थे। वहीं दूसरी मेरी पत्नी के ब्रीफकेस में जरूरी कपड़े चार हजार रुपए कुछ गहने थे उठा लिया और गाली गलौज कर धमकी दी।

# माई बहिन मान योजना से ज़िंदगी मुस्कुराएगी : मिन्नत रहमानी



### योजना के प्रचार प्रसार के लिए घर घर जा रहे कांग्रेस नेता

प्रात : किरण संवाददाता

सुपौल । सुपौल में कांग्रेस की ऐतिहासिक माई बहिन मान योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है । हर रोज सैकड़ों महिलाओं के द्वारा इस योजना के तहत पंजीकरण कराया जा रहा है । कांग्रेस का संकल्प है सशक्त महिला, सशक्त बिहार ।

उक्त बातें कहना है सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी का । सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रहमानी के द्वारा जन संपर्क कर महिलाओं का पंजीकरण कराया जा रहा है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व महिलाओं को समर्पित ह्लमाई बहिन मान योजनाह्व की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की बहनों-बेटियों को हर माह 2500 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में दी जाएगी ।उनके नेतृत्व में चल रही जन-जागरूकता से क्षेत्र में नई उम्मीदें जन्म ले रही हैं।

रहमानी ने कहा कि ह्लकांग्रेस ने हमेशा महिलाओं की सेवा, सुरक्षा और स्वावलंबन को प्राथमिकता दी है। गैस सिलेंडर की कीमतों को सीमित रखने से लेकर बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य की योजनाओं तक, कांग्रेस ने कदम दर कदम बहनों का साथ निभाया है। वहीं बीजेपी की सरकार ने रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर महिलाओं की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस शासित कई राज्यों में पहले से यह सहायता योजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं, और बिहार में भी कांग्रेस जो वादा करती है, उसे निभाती है।

माई बहिन मान योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं – यह आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# मढ़ौरा में सुपर सोनू बस ने छः लोगों को कुचला,दो की मौत चार घायल

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा। मढ़ौरा- अमनौर मुख्य मार्ग पर कर्णपुरा के पास सुपर सोनू बस ने मंगलवार को दोपहर रोड किनारे पेड़ की छांव में बैठे करीब आधा दर्जन लोगों को कुचल दिया। एक महिला और एक पुरुष ने मौके पर ही अपना दम तोड़ दिया जबकि चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गीता देवी नामक एक 40 वर्षीय महिला और अमनौर जान निवासी सिकंदर यादव 30 वर्षीय



की मौत होने की सूचना है जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उठाकर इलाज के लिए मढ़ौरा रेफरल अस्पताल लाई जहां डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में जितेंद्र यादव, रविंद्र राय, लाल बाबू राय, पवन शर्मा, राणा शर्मा आदि का भी नाम शामिल है। इधर इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास एसएच- 73 को चौकी और बास बल्ली लगाकर लगभग दो घण्टे तक जाम रखा। बाद में सीओ अंबपाली यादव व इंस्पेक्टर बिपिन कुमार वहां पहुचे और जरूरी सरकारी मुआवजा देने का आश्वासन दिया और उग्र ग्रामीणों को समझा बुझाकर शाम 4 बजे के बाद रोड जाम को हटवा दिया।

### तेजस्वी पहुंचे शहीद देव किशोर साह के घर,परिजनों से मिलें, दिया मदद का आश्वासन

बनियापुर। प्रखड़ के बनियापुर बबुराई टोला राम धनाव गाव मे बिहार प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पिछले दिनों अचानक हार्ट प्रॉब्लम मे हुई मौत मे शहीद देव किशोर साह के आवास पहुंचे,उन्हे श्रद्धांजलि दिया।

साथ ही परिजनों से मिलकर उन्हे हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने मृतक के आश्रित पत्नी को लालू प्रसाद यादव के तरफ से आर्थिक मदद मे लिफाफ युक्त राशि भी हस्तांतरित किया।

साथ ही परिजनों के मांग पर शहीद के नाम पर उप स्वास्थ केंद्र खोलने, शहीद की पत्नी को सरकारी नौकड़ी,शहीद के नाम पर भिट्ठी डाढ़ी बाढ़ी बनियापुर सड़क,प्रखंड मुख्यालय मे शहीद किशोर साह का स्मारक बनाने के नाम पर आश्वासत किया ।

# सीएम नीतीश की जनप्रतिनिधियों के हितों में की गई धोषणाओं को लेकर की गई प्रशांस

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर मुखिया संघ की बैठक 11 बजे दिन में आरा एक्योजिटिका होटल पुर्वी गुमटी के पास हुई ।जिसमें बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय शामिल हुए ।इस बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री के द्वारा मुखिया के साथ त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों के हित की जो घोषणाएं किए उसके लिए भोजपुर मुखिया संघ ने मुख्यमंत्री का भूरी भूरी प्रशंसा किया और साथ में भोजपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने प्रशंसा के साथ ये भी कहा कि हमलोगों की मांग और बहुत कुछ है ।उस पर भी माननीय मुख्यमंत्री जी को ध्यान देना होगा नहीं तो फिर से आंदोलन के लिए हमलोग तैयार रहेंगे ।उक्त बैठक में पधारे प्रदेश अध्यक्ष श्री मिथलेश कुमार राय को शॉल और बुके देकर स्वागत किया गया और उनके नेतृत्व की प्रशंसा की गई ।तत्पश्चात अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा कि संगठन के प्रयास से त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों को जो सफलता मिला है ये संगठन के सक्रिय साथियों को जाता है ।वे अपने संबोधन में मुख्यमंत्री जी का प्रशंसा किया ।साथ ही संगठन पर विशेष चर्चा किया ।और कहा कि त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों की हक की लड़ाई के लिए मै सदैव तत्पर रहूंगा ।केवल आपलोग की स्पोट की जरूरत है ।बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन जिलाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने किया ।बैठक में संबोधन करने वालो में मुखिया संघ भोजपुर सचिव अभय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,उपाध्यक्ष उमेश कुमार कुशवाहा,मुकेश कुमार प्रसाद,मनोज कुमार सिंह,संजीव कुमार सिंह उर्फ मिया सिंह,मुन्ना यादव मुखिया संघ भोजपुर महासचिव लालमुक्ति पासवान प्रखंड अध्यक्ष सहार रामसुभग सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तरारी गौरी शंकर सिंह,कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह,कटेया प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार यादव मुखिया,मुखिया सुजीत कुमार सिंह,अजय कुमार,सरस्वती देवी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह,शंभूनाथ सिंह,महेंद्र प्रसाद सिंह,राजू ओझा,उपेंद्र ओझा,भूपेंद्र कुमार सिंह,रंजीत कुमार,शिवजी सिंह , ध्रुव राय,अवध किशोर राम,महेंद्र प्रसाद,प्रभावती देवी, मधु कुमारी, शांति देवी, संजय चौधरी,संजय सिंह,कपिल उपाध्याय,बिमलेश कुमार,अर्जुन यादव आदि थे।

## इसुआपुर में तेजस्वी यादव का हुआ स्वागत

इसुआपुर। भकुरा भिठ्ठी -शिवगंज मुख्य सड़क स्थित प्रखंड के बंगरा गांव के शिव मंदिर के पास मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का राजद कार्यकताओं ने बनियापुर जाने के क्रम में फूल माला तथा अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष हाजी अमजद खान, सुनील शास्त्री, रामबाबू राय, मोहम्मद हाफीज सुमित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माँझी के निलंबित थानाध्यक्ष को दी गई भावभीनी विदाई

माँझी। मंगलवार को माँझी थाना परिसर में पहुँचे दर्जनों लोगों ने माँझी के निलंबित थानाध्यक्ष अमित कुमार को अश्रुपूरित नेत्रों से भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँझी के डेढ़ वर्षों से अधिक के कार्यकाल में माँझी के लोगों ने जो प्यार व स्नेह दिया उसे मैं आजीवन भूल नही पाऊँगा। उन्होंने कहा कि मेरी एक चूक पर सारण के एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने मुझे निलंबित किया है मैं उनके निर्णय का सम्मान करता हूँ। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी पुलिस पदाधिकारियों के आदेश का सहर्ष पालन करता रहूँगा। मुझे जब भी कोई जिम्मेवारी सौंपी जाएगी उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। उन्होंने माँझी में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों के सतत सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया। मौके पर मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता ई सौरभ सन्नी ने निलंबित थानाध्यक्ष द्वारा अपने सीमित कार्यकाल में आम जनता के हित में किये गए कार्यों की चर्चा की तथा कहा कि माँझी के लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे। विदाई के दौरान एसआई नसीम अहमद,सुखदेव यादव,मुन्ना ओझा,मुल्तान खान,हेमन्त सिंह,धनंजय सिंह,भरत माँझी,पिन्टू कुमार,चन्दन कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## तेज रफ्तार की कहर ने एक बार फिर मासूम बच्चे को अज्ञात वाहनों ने रौंदा

सहरसा। सहरसा जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित तीरी गांव के समीप एक दर्दनाक हादसा हो गया। भोज से लौट रहे एक मासूम बच्चे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मासूम नीरज कुमार अपने कई परिजनों के साथ बगल के ही गांवों से भोज खाकर लौट रहा था सड़क किनारे पेशाब करने लगा तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो रहा था। मगर पुलिस ने पकड़ लिया और गाड़ी को जप्त किया। घायल बच्चे को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चार घंटे बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में रोबोट तकनीक से हुआ बिहार के 95 वर्षीय मरीज के दोनों घुटनों का सफल ऑपरेशन

पटना : सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में ऑथोर्पेडिक एवं जॉइंट्स रिप्लेसमेंट सर्जरी टीम ने बिहार निवासी 95 वर्षीय तैय्यब अली के दोनों खराब घुटनों का रोबोट तकनीक से सफल ऑपरेशन कर न केवल उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने में सफलता हासिल की है बल्कि लंबे समय से बिस्तर पर पड़े रहने के कारण होने वाली पीड़ा से भी राहत प्रदान की है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में ऑथोर्पेडिक एवं रोबोटिक जॉइंट्स रिप्लेसमेंट विभाग के प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर एवं एचओडी, डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि जब बिहार से मरीज हमारे पास आया तो उस समय वह अपने पैरों पर खड़ा नही हो पा रहा था, मरीज पूरी तरह से बिस्तर पर ही सिमित था इसलिए पेशाब एवं पॉटी करने के लिए उन्हें दूसरी व्यक्ति की मदद लेनी पड़ती थी। ठीक से जाँच करने पर पता चला कि मरीज के दोनों घुटने गंभीर रूप से खराब हो चुके थे। मरीज की उम्र ज्यादा होने की वजह से परिजन सर्जरी के लिए तैयार नहीं हो रहे थे लेकिन अच्छे से समझाने पर परिजन मरीज की सर्जरी के लिए मान गए। मरीज की हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा भी जाँच की गई। पूरी तरह से फिट होने पर रोबोट तकनीक की मदद सेसर्जरी करके मरीज के दोनों घुटनों को एक साथ बदल दिया। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज ने चलना-फिरना शुरू कर दिया। चार दिन बाद मरीज ने थोडा-थोडा सीडियों पर भी चढ़ना शुरू कर दिया। मरीज ने बिना किसी सहारे के चलकर पेशाब और पॉटी करना शुरू कर दिया। स्वास्थ्य होने पर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया। अब मरीज एक सामान्य जीवन जी रहा है।

डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि रोबोट तकनीक बुजुर्ग लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें छोटा सा चीरा लगाया गया इसलिए ब्लडलोस कम हुआ और मरीज ने रिकवरी बहुत तेजी से की। रोबोट तकनीक की मदद से इम्प्लांट की पोजीशन भी बहुत अच्छे से हुई। मरीज के दोनों घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी में लगभग 2 घंटे का समय लगा यह सर्जरी मरीज के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा देती है ।

# विश्व सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को सुनने जसौली अवश्य चलें: संजय झा

प्रातः किरण संवाददाता

- ऐसे नेता जिसने भारत के मान सम्मान स्वाभिमान के साथ कभी समझौता नहीं किया ,देश के मान को बढ़ाया ऐसे नेता को सुनने सारण से अपार जन समूह चलना चाहिए :ललन सिंह
- देश के प्रधानमंत्री सौगात लेकर आए हैं सारण प्रमंडल के लोगों के लिए बधाई और शुभकामना :दिलीप जायसवाल

छपरा कार्यालय। छपरा शहर के राज भवन विवाह भवन की सभागार में एनडीए गठबंधन सारंग के एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल केंद्रीय मंत्री ललन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत किये बैठक के अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं मनसंचालन जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने किया एवं अंगद अतिथियों का स्वागत भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि देश के मान सम्मान को बढ़ाने का काम देश के सबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया बिहार में हर क्षेत्र में विकास में उन्होंने सौगातो की बाहर ला दी जिन्होंने देश का मान सम्मान बढ़ाया ऑपरेशन से दूर से देश के स्वाभिमान की रक्षा की ऐसे देश के प्रधानमंत्री और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता सिवान के जसौली में आ रहे हैं सारण वासियों से आग्रह है कि आप सभी बड़ी संख्या में सिवान के जसौली चलें भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री बिहार आए तो सौगात लेकर आए फिर एक बार सहारनपुर मंडल के लिए सौगातो की बहार आने वाली है प्रधानमंत्री के लिए सारण बसु का बधाई शुभकामना तो बनता है सारन वासियों से आग्रह है कि लाखों की संख्या में सारण से आप सिवान पचरुखी जसौली चले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार के भाषण को अवश्य सुनें

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा प्रधानमंत्री ने देश के स्वाभिमान के साथ कभी समझौता नहीं किया बाकी सभी ने विदेशी शक्तियों के आगे सर झुकाने का काम किया और नरेंद्र मोदी ने किसी भी विदेशी शक्ति के आगे अपने सर को झुकना नहीं दिया और देश के मान सम्मान की रक्षा की और जब भी देश की स्वाभिमान की बात आई तो घर में घुस कर मारने का काम भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किया । ऐसे प्रधानमंत्री सिवान के जसौली में आ रहे हैं सारण के साथ-साथ पूरे बिहार के लोग उनके सुनने के लिए देखने के लिए चलना चाहिए मैं आप सबको निमंत्रण देने आया हूं कि आप सब सिवान के जसौली चले जसौली चले बिहार सरकार के मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सारण से लाखों की संख्या में लोग सिवान की जनसभा में शिरकत करेंगे भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह के द्वारा एक बड़े पुष्प भव्य माला से अंगत अतिथियों का स्वागत किया गया। धनबाद ज्ञापन सारण पंचमी के बृजमोहन सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करने वाले सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक मुख्य सचिव तक जनक सिंह डॉक्टर सीएन गुप्ता विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव विधान पार्षद सच्चिदानंद राय पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ज्ञानचंद माझी रणधीर सिंह बैजनाथ सिंह विकल्प दिनेश सिंह महामंत्री विवेक कुमार सिंह धर्मेंद्र शाह निरंजन शर्मा प्रवक्ता सुशील कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्षों ने किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 20 जून को सिवान मे होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज छपरा मे राज पैलेस विवाह भवन मे ठऊअ कार्यकर्त्ता के बैठक मे पहुंचे जदूयू रास्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार सरकार मंत्री मंटू सिंह का भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने बड़ा माला और अंग वस्त्र से किया इस अवसर पर सांसद जनार्दन सिग्रवाल एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव विधायक जनक सिंह विधायक डॉ उठ गुप्ता पूर्व विधायक रणधीर सिंह पूर्व विधायक धूमल सिंह गौतम सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह जदयू अध्यक्ष अल्ताफ राजू महामंत्री विवेक सिंह धर्मेंद्र साह मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह मंटू बाबा भूलन जी अजय नाथ पूरी मोनू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे

## नगर निगम कै अर्थ दंड के बावजूद अतिक्रमण कायम

गया नगर निगम के नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने मंगलवार को शहर में वेंडिंग जोन व पार्किंग स्थल की चिन्हित करने हेतु जायजा लिया गया है।यह निरीक्षण अस्थायी अतिक्रमण और वेंडिंग जोन में दुकानदारों की व्यवस्था को लेकर किया गया था। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वेंडिंग जोन को व्यवस्थित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं, जिसमें अतिक्रमण हटाना और स्ट्रीट वेंडर्स को वेंडिंग जोन में ही जगह देना शामिल है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वेंडिंग जोन में केवल उन्हीं दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जाएं जिन्हें पहले से ही आवंटन किया गया है। यह निरीक्षण शहर में यातायात व्यवस्था और स्वच्छता को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। सड़कों पर अस्थाई अतिक्रमण को लेकर निगम के द्वारा डेडीकेटेड टीम गठन किया गया है। जो निरंतर वार्डों एवं मुख्य पथों पर भ्रमणशील रहते हुए सड़क पर अतिक्रमण किए हुए लोगों को जागरूक करने के साथ साथ निर्धारित अर्थ दंड वसूलेगा।

# वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को दी जा रही तात्कालिक सहायता की जानकारी



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। गया समाहरणालय परिसर में संचालित वन स्टॉप सेंटर में जीविका के पी सी आई इंडिया के तरफ, से एक्सपोजर विजिट करवाया गया है। इस टीम में कुल 21सदस्य शामिल थे।

वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी ने बताया कि इन लोगों को वन स्टॉप सेंटर के क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दिया गया।

वन स्टॉप सेंटर के अंतर्गत एक ही छत के नीचे महिलाओं को तात्कालिक सहायता एवं काउंसलिंग सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, अल्पकालीन आश्रय की सुविधा उपलब्ध करवाया जाता है।वन स्टॉप सेंटर में आये हुए प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में बहुत सारे सवाल भी किये गये है। उनके सभी सवालों का जवाब वन स्टॉप सेंटर की टीम में शामिल केस वर्कर अर्चना सिन्हा, परामर्शी शगुफ्ता प्रवीण, सामाजिक कार्यकर्ता कुमारी चंद्रमणि संगीता, सामाजिक कार्यकर्ता अभिरुचि,जी एन एम रीता कुमारी, कार्यालय सहायक अमित कुमार के द्वारा संबंधित सवालों का जवाब दिया गया है। आये हुए प्रतिभागियों के द्वारा भी बताया गया कि महिलाओं को रोजगार से जोड़ने में घरेलू और सामाजिक स्तर पर क्या क्या परेशानी आती है। सेंटर प्रशासक के द्वारा बतलाया गया कि फिल्ड में आने वाली समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है।वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक के द्वारा बतलाया गया कि वन स्टॉप सेंटर में आने वाली हिंसा से पीड़ित महिलाओं और लड़कियों को बिहार सरकार और केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम ह्जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेनह्के कर्मियों द्वारा किया जाता है।

वन स्टॉप सेंटर, गया जी में प्रतिभागियों के प्रशिक्षण के दरम्यान महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक अजय कुमार, जीविका के ए० डी० मैनेजर राकेश कुमार,पी० सी० आई० इंडिया से कोमल,पी०सी०आई इंडिया से सीटी ग्रेजुएशन ऑफिसर मो० आबिद,पी० सी० आई० फिल्ड से कार्डिनेटर प्रवीण कुमार तथा वन स्टॉप सेंटर के सभी कर्मिगण उपस्थित थे।

# सुर सलिला गया जी ट्रस्ट ने आयोजित किया सांस्कृतिक गायन कार्यशाला

**पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के नेतृत्व में हुआ कार्यशाला**

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी में इन दिनों शास्त्रीय संगीत गायन को समृद्ध बनाने हेतु सांस्कृतिक संस्था सुर सलिला गया जी ट्रस्ट द्वारा एक सप्ताह तक सांस्कृतिक गायन कार्यशाला पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के नेतृत्व में आयोजित है।इस कार्यशाला में दर्जनों छात्र-छात्राएं जहां अन्य प्रदेशों से आकर संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।

वही बिहार के लगभग 30 बच्चे भी शामिल हैं. अन्य प्रदेश से जो छात्र हैं उनमें प्रमुख रूप से डा0गरूण मिश्रा(आजमगढ़,) डा0 दिव्या दत्त(चंदौसी) सूर्यकांत वर्मा(गाजीपुर) सभी उत्तर प्रदेश,कारबी चटर्जी (कोलकाता)प.बंगाल, प्रियंका ठाकुर,रंजन गुप्ता,पियूष मिश्रा,युवराज सिंह,(चंडीगढ) छवि अग्रवाल, संदीप मोहन्ती,डा0 राम नारायण झा (दिल्ली)नितीश पाण्डेय,धनेश चंद्रवंशी(खैरागढ़),चमन दास साहू सभी छत्तीसगढ,रिशिका कुमारी,आयंश,कुमार रवि (झारखंड) सहित कनिष्का सिन्हा(नवादा) सहित संगीता शर्मा,सौम्या,खुशी (गया जी). सभी प्रशिक्षणार्थी पूरी तल्लीनता से कार्यशाला का लाभ उठा रहे हैं.इस कार्यक्रम के संयोजक संगीतज्ञ पंडित राजन सिजुआर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ही बारी-बारी से सभी प्रशिक्षणार्थियों को खुले मंच पर गुरूवर पंडित साजन मिश्रा जी के समक्ष कार्यशाला में सीखे गए गूर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा,उक्त प्रदर्शन के आधार पर ही प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा.प्रशिक्षण के सांध्य-सत्र में क्रमानुसार विशेष प्रतिभागियों को अपनी संगीत कला का प्रदर्शन करने तथा उन्हें और बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. साथ ही गुरु-शिष्य प्राचीन परंपरानुकूल व्यवहार अपनाने की सीख भी दी जाती है।

# हम पार्टी ने फतेहपुर प्रखंड में 22 जुन के परिवर्तन सभा के लिए चलाया गया जनसम्पर्क

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।परिवर्तन जनसभा हेतु हम पार्टी का जनसंपर्क अभियान तेज आगामी 22 जून को फतेहपुर प्रखंड के राम सहाय उच्च विद्यालय में परिवर्तन जनसभा एवं विधानसभा स्तरीय कार्यकताओं का आमंत्रण है। जिसमें स्थानीय स्तर पर हो रहे विकास पर विशेष रूप से फोकस करते हुए, वैसे दलित बस्ती जिनका कच्चे का मकान है,कपड़े का मकान है ,वहां नाली गली की संपर्क पथ का अभी तक विकास नहीं किया गया है ।जिसके कारण आज भी नरकिय स्थिति में जीवन जीने को विवस है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष मांझी के साथ सभी विधायक भी शामिल होंगे। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हिंदुस्तानी एवं मोर्चा बुथ स्तर एवं पंचायत स्तर और प्रखंड स्तर पर संगठित ढांचा को मजबूती दे रहा है। आगे परिवर्तन जनसभा के माध्यम से बिगड़े 10 साल से असिन जनप्रतिनिधि जो कहते हैं कि फतेहपुर में सभी रोड नाली गली का निर्माण मेरे द्वारा किया जा चुका है ये गरीबों के साथ भद्दा मजाक है ।पार्टी के प्रवक्ता है ई नंदलाल मांझी जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी रामप्रसाद मांझी राकेश कुमार संतोष सागर राजेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता गुरपा, घड़गोह,पूर्णिबाथन बरघाट कांटी सहित कई गांवों का भ्रमण किया है।

# हनुमान मंदिर में होगा अखंड कीर्तन का आयोजन, तैयारियां पूरी



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बेनीपुर मुख्य पद पर स्थित मवेशी हॉस्पिटल के समीप स्थित हनुमान मंदिर में आगामी 21 जून से 24 घंटे का अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन होगा। उक्त बातों की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज स्वर्णकार, सचिव राम जी शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम प्रसाद, उपाध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 21 जून से कुर्था हनुमान मंदिर में भव्य अखंड कीर्तन का आयोजन होगा।जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं का पहुंचने की उम्मीद है।ऐसे में मंदिर कमेटी द्वारा अभी से ही अखंड को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन 27 जून को, तिन दिनों तक होगी जगन्नाथ कथा

प्रातः किरण संवाददाता

गयाः इस वर्ष इस्कान गया मंदिर द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा और जगन्नाथ कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, २४ जून से २६ जून तक परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज सुबह ८ बजे जगन्नाथ जी के लीलाओं के ऊपर कथा करेंग। दिनांक 27 जून को शाम 4 बजे श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आरंभ होगा। इस पावन अवसर पर 35 फीट ऊँचे हाइड्रोलिक रथ को लाइट और फूलों से सुंदरता पूर्वक सजाया गया है, जिसमें प्रभु श्री जगन्नाथ विराजमान होंगे। यह रथ यात्रा गयाजी की मुख्य सड़कों से होकर निकलेगी।

यात्रा का रूट - इस्कॉन गया मंदिर से जयप्रकाश झरना , काशीनाथ मोड , सिविल लाइन्स , केदारनाथ मार्किट , रोड, गोल पत्थर , टेकरी रोड , बाटा मोड, स्वराजपुरी रोड , महारानी बस स्टैंड , गेवाल बीघा होते हुए इस्कॉन मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी भक्ति प्रकट करेंगे। भक्तजन हर्षोल्लास के साथ रथ को खींचते हुए इस धार्मिक उत्सव का आनंद लेंगे।

रथ यात्रा के समापन पर शाम को भव्य प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें स्वादिष्ट पुलाव, राजमा, मिक्स वेज, गुलाब जामुन, जलजीरा आदि परोसे जाएंगे।यह जानकारी इस्कान गया मंदिर के अध्यक्ष श्री जगदीश श्याम दास द्वारा प्रदान की गई है। हम सभी श्रद्धालुओं और नगर वासियों से हार्दिक अनुरोध करते हैं कि वे इस पावन आयोजन में भाग लेकर इसे सफल एवं मंगलमय बनाएं।

## पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में किया मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के खाप चेरकी की रहने वाली यासमीन खातून ने पति एकराम खान एवं सोनी खातून पर मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न को लेकर मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि मेरा पति हमेशा मेरे साथ मारपीट करता है और दहेज में रूपए पैसे आदि मायके से मांगने की बात करता है. इनकार करने पर एकराम खान एवं सोनी खातून ने मिलकर मेरे साथ बेरहमी से मारपीट किया है. महिला ने पुलिस से मामले को लेकर न्याय का गुहार लगाया है. इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि महिला के शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है. जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## घर के दरबाजे से टेम्पू हुआ गायब ,जांच में जुटी पुलिस

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर टोला बेलाडीह से चोरों ने घर के सामने लगे टेंपु गायब कर दिया. घटना को लेकर टेंपु मालिक अनीश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि अपने घर के पड़ोस में एक पेड़ के नीचे प्रतिदिन की तरह अपना टेंपु खड़ा किया था. जब सुबह में 4:00 बजे शौच आदि के लिए खेत की ओर जाने लगा तो देखा अपनी जगह पर टेंपु नहीं खड़ा है काफी खोजबीन करने के बाद जब कुछ पता नहीं चल सका तो इसकी शिकायत पुलिस में किया है. इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि टेंपु चोरी की शिकायत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्जी कर छानबीन शुरू कर दिया है.बताते चले कि पुलिस के इस लापरवाही के लगातार थाना क्षेत्र में दिन दर दिन घटना बढ़ती जा रही है ।और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर सोइ हुई है,क्षेत्र में हो रहा है लगातार घटनाओं से लोगों में काफी नाराजगी है और पुलिस के कार्य शैली पर सवालिया निशान खड़ा हो रही है लोगों का कहना है कि पुलिस शराब बालू के अलावे दलालों के सहारे कम कर रही है लेकिन उचित कार्रवाई करने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं

## मोटर साईकिल की डिक्की से उचक्कों ने उड़ाया दो लाख

शेरघाटी।शहर में चोरी की घटनाओं में हुआ तब्दील बताते चले कि बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकाशी कर घर जा जा रहे व्यक्ति के डिक्की से उच्चको ने उड़ाए 2 लाख रुपये जानकारी के मोताबिक पीड़ित महिला सुमिता देवी पति कमलेश यादव, ग्राम उदन बीघा के रहने वाली महिला बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गोला बाजार से दो लाख रुपए की निकासी की गई। वादिनी ने बताया कि वह अपने पुत्र आशिष कुमार के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा से लगभग डेढ़ बजे दिन में दो लाख रुपए निकालकर मोटर साईकिल की डिक्की में रखकर जा रहे थे। बीच रास्ते से कपड़ा खरीदने के लिए रंगोली कपड़ा दुकान के पास रुके। रुपए छोड़कर कपड़ा दुकान की ओर मुड़े इसी क्रम में एक मिनट के अन्दर चोर डिक्की का ताला तोड़कर दो लाख रुपए निकाल कर फरार हो गए। घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद है। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस छापेमारी कर रही है,मालूम हो कि बीते माह पूर्व भी बैंक ऑफ इंडिया से पैसा के निकासी कर घर जा रही एक महिला से भी यह घटना हो चुकी है,लेकिन पुलिस इससे भी सबक नही सिख रही है और कार्रवाई के बदले आश्वाशन देती नजर आती है।


## गया जी में भाजपा शहर द्वारा केंडिल मार्च की घोर निन्दा



गया जी। अहमदाबाद में हुए हादसे में मारे गये लोगों के प्रति केंडिल मार्च का आयोजन किया गया था जिसका कोंग्रेस कार्यलय सचिव अशोक प्रसाद भारती ने घोर निन्दा करते हुए कहा कि गया जी एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार के कार्यकर्ताओ द्वारा टावर चोक पर केंडिल मार्च निकाला गया था जहां मृत्यु आश्रित परिवार लोग सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर क्या सोच रहे होंगे यह अशोभनीय है और निंदनीय है भाजपा हसते हुए कार्यकर्ता पर करवाई होनी चाहिए।ऐसे घटना आगे नही होनी चाहिए। कार्यालय सचिव अशोक भारती ने अपने और कोंग्रेस कि तरफ से अहमदाबाद में हुए हादसे पर मृत्क परिवार जनो के साथ खड़ी है । और इस दुख घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त करती है। खीजरसराय प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजीत कश्यप आदि थे।

# कॉग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बलराम शर्मा के निधन से सम्पूर्ण कॉग्रेस परिवार मर्माहत एवं शोकाकुल :डॉ गगन मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी ।गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता बलराम शर्मा के ब्रैन हेमरेज के उपरांत उन्हें अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराने के कुछ घंटे बाद उनकी मृत्यु होने की खबर सम्पूर्ण गया जिला मे फैल गई है। आज गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के नेता, कार्यकर्ता स्थानीय कार्यालय राजेंद्र आश्रम में उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख, इश्वर से प्रर्थना किया गया की इस दुःख की घड़ी में इनके परिवार कों सहन शक्ति प्रदान करे, तथा अपने चरणों में इन्हें स्थान दे।

मौन रखने वालों में गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिद्धू,, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, डॉ गगन कुमार मिश्रा,डा देवकी सरयार जिला कार्यकारी अध्यक्ष शहाबुद्दीन रहमानी,उदय मांझी, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद समद, मोहम्मद शमीम,मुन्ना मांझी, शिव कुमार चौरसिया, श्रीकांत शर्मा, टिंकू गिरी, कमलेश चंद्रवनशी, सत्येंद्र नारायण सिंह, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, रविराज रमन, सत्येंद्र पाठक, रणजीत सिंह, भुवन राम, धीरज कुमार, केदार प्रसाद आदि शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। नेताओ ने कहा कि स्व बलराम शर्मा मृदुभाषी, हरदिल अजीज, सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने आजीवन कॉंग्रेस पार्टी के समर्पित नेता रहे है।

# एनडीए सरकार में बिहार बना प्रगति का प्रतीकः हर क्षेत्र में हो रहा चहुंमुखी विकासः प्रकाश राम पटवा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। जनता दलयू के व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने कहा कि एनडीए सरकार के शासनकाल में बिहार आज तेजी से बदल रहा है। वर्षों तक विकास की राह तकते इस राज्य में अब हर दिशा में सकारात्मक परिवर्तन साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल दिखावटी नहीं बल्कि धरातल पर हो रहा असल विकास है, जो जन-जन को लाभ पहुँच रहा है। पटवा ने बताया कि सड़क निर्माण के क्षेत्र में जो क्रांति आई है, वह बिहार के इतिहास में अभूतपूर्व है। आज गांव-देहात से लेकर नगर और महानगर तक चौड़ी, मजबूत और शानदार सड़कों का जाल बिछ चुका है। इससे न केवल आवागमन में सहूलियत हुई है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिला है। बिहार के रेलवे ढांचे में भी जबरदस्त बदलाव हो रहा है। नई रेल लाइनों का निर्माण, स्टेशनों का आधुनिकीकरण, रेल ट्रैक का विद्युतीकरण और अब तो हाईस्पीड ट्रेनों का परिचालन यह साबित करता है कि बिहार अब इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी पीछे नहीं है। श्री पटवा ने बताया कि राज्य में निवेश का वातावरण बेहद अनुकूल हो चुका है। अब बड़ी कंपनियाँ बिहार का रुख कर रही हैं, और कई क्षेत्रों में फैक्ट्रियाँ स्थापित हो रही हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे न केवल बेरोजगारी दर में कमी आ रही है, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ रही है।उन्होने यह भी बताया कि बिहार सरकार द्वारा स्टार्टअप नीति, उद्योग सहयोग केंद्र, बिजनेस इनक्यूबेशन जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को स्वरोजगार की प्रेरणा मिल रही है। बिहार का युवा अब नौकरी मांगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बन रहा है। नीतीश-मोदी युगल नेतृत्व से बिहार को नई पहचान पटवा ने कहा कि यह समग्र विकास संभव हो पाया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच, नीतिगत निर्णयों और जनहितकारी योजनाओं के कारण। उन्होंने अंत में कहा कि जनता अब बदलाव को सिर्फ देख नहीं रही, बल्कि महसूस कर रही है। विकास अब सिर्फ कागजों में नहीं।

# हरित सफर अभियान : ट्रांसफॉर्मेटिव पाथवे पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




गया।पर्यावरण संरक्षण और सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में ब्लेसिंग्स संस्था द्वारा हरित सफर अभियान के तहत ट्रांसफॉर्मेटिव पाथवे पर केंद्रित एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में 100 से अधिक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष रूप से सशक्त और समावेशी बना दिया है।

इस अवसर पर गया नगर निगम के महापौर गणेश पासवान जी एवं वार्ड 26 के पार्षद मोहन श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं। उन्होंने पर्यावरणीय जागरूकता में महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ह्हरित भविष्य की कल्पना महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरी है।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. प्रियंका यादव ने की, जिन्होंने ट्रांसफॉर्मेटिव पाथवे की अवधारणा और उसकी स्थानीय प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम नीतियों को जमीन से जोड़ें और स्थानीय समाधान को प्राथमिकता दें।

इस आयोजन का एक और प्रमुख आकर्षण रहे ह्यक्लाइमेट एजेंडा (वाराणसी) से आए मनीष , जिन्होंने कार्यशाला का मार्गदर्शन करते हुए जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक परिवहन और नागरिक सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की है ।इस कार्यशाला में न केवल महिलाओं, बल्कि युवाओं, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर शहरी पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी को साझा किया है ।ब्लेसिंग्स संस्था की यह पहल हरित सफर को एक जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो गया शहर को एक हरित, समावेशी और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प ले चुकी है।

## लोजपा रा के राष्ट्रीय सचिव ने अतरी प्रखंड के विभिन्न प्रखंडों के शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया

गया जी ।लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव शह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा मे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहड़ा प्रखंड के खजूरी ग्राम मृतक विजय यादव को दिल्ली मे एक्सीडेंट निधन हो गया था उनके परिवार से मिलते हुऐ एवं अतरी प्रखंड के केवटी ग्राम के महेश प्रसाद यादव के पुत्र को दिल्ली मे एक्सीडेंट मे निधन हो गया था उनके सब परिवार से मिलते हुऐ और उसी ग्राम मे शशिकांत प्रसाद यादव के भाई रमाकांत प्रसाद यादव को मृत्यु दिल्ली एक्सीडेंट में हो गया था उनके सब परिवार मिलते हुऐ एवं अतरी प्रखंड के हिलखोर ग्राम के अवधेश सिंह के पुत्र को रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया उनके परिवार से मिलकर शोक सांत्वना देते हुऐ साथ बीजेपी प्रखंड मण्डल अध्यक्ष अतरी अरुण कुमार सिंह, जस्वीर सिंह, लोजपा इंदल पासवान, निर्भय कुमार, सोहन ,आदि लोग शामिल हुए हैं।

## मृत यात्रियों के आत्मशान्ति के लिए शोकसभा आयोजित

गया जी ।जन शिक्षण संस्थान गया के केंद्रीय कार्यालय निकट जिलाधिकारी आवास गया में 12 जून को एयर इंडिया की अहमदाबाद गुजरात से लन्दन जाने वाली हवाई जहाज की उड़ान भरने के बाद दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त हुए मृत यात्रियों के आत्मा की शान्ति हेतु रेणुका पालित की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन किया गया है। इसमें सभी के परिजनों एवं उनके आश्रितों को इस दुखद घड़ी में धैर्य एवं साथ रखने हेतु इश्वर से प्रार्थना की गयी है ।इस अवसर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में रेणुका पालित मैडम (समाजसेवी), ममता पालित (पूर्व अध्यक्ष) जन शिक्षण संस्थान गया, डॉ. रीतू रानी, रविन्द्र कुमार सिन्हा, धीरेन्द्र कुमार अशोक शर्माधर्मेन्द्र कुमार सहित संस्थान के अनुदेशक एवं अनुदेशिका शामिल थे।

बिहार अब बीमारू राज्य नहीं रहा कई परियोजनाएं शुरू हुई हैं जिसके चलते बिहार अब नई ऊंचाइयों को छू रहा हैं- डॉ मनिष पकंज मिश्रा

## बिहार वासियों अधिक से अधिक संख्या में सिवान सभा मे पहुंचे : डॉ मनीष पकंज मिश्रा

गया जी ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आगामी 20जून को सुबह 10 बजे बिहार की धरती पर देश के सर्वमान्य नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन सिवान के जसौली में विशाल जनसभा का आयोजन होने जा रहा हैं जिसमें सिवान, सारण,गोपालगंज सहित बिहार के कोने कोने से लाखों की संख्या में उनके ओजस्वी भाषण को सुनने आ रहे हैं ।पिछले 11 वर्षों में 52 वीं बार बिहार आ रहे हैं और बिहार को कई नई सौगात भी देने जा रहे हैं और 9 महीनों में छठी बार बिहार की जनता इनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं बिहार अब बीमारू राज्य नहीं रहा कई परियोजनाएं शुरू हुई हैं जिसके चलते बिहार अब नई ऊंचाइयों को छू रहा हैं पिछले 11 वर्षों में भारत अब नया भारत बना है वर्ल्ड बैंक ने एक रिपोर्ट जारी किया कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं 11 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा हैं जिसमें गरीब,पिछड़ों दलितों के लिए कई कल्याणकारी योजना से इनका जीवन सरल बना आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ।मैं गयाजी सहित बिहार के लोगों से अपील करता हूं कि आप इस पल का साक्षी बने और ओजस्वी भाषण सुने।

## भाजपा ने किया संकल्प से सिद्धि तक अभियान का कार्यक्रम

कुर्था (अरवल) मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाजपा ने संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कार्यक्रम ग्राम नरही में किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों, जनहितैषी फैसलों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस उपलब्धि से देश का प्रत्येक नागरिक गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा है। देश की ज्यादातर आबादी गांवों में बसती है। इसके मद्देनजर मोदी सरकार ने बजट का रुख और विकास का मुख गांवों की ओर मोड़ा है। इससे ग्रामीण इलाकों की तस्वीर और तकदीर बदल रही है।

## कुर्था में आई मानसून की पहली बारिश गर्मी से लोगों को मिली राहत



कुर्था (अरवल) लगातार उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को उसे समय राहत मिली जब मंगलवार को कुर्था में तेज बारिश हुई जिसके बाद लोगों को उमेश भरी गर्मी से राहत मिल गई। हालांकि विगत कई दिनों से आसमान से उगल रही आग के वजह से लोगों का आम जन जीवन मानव पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया था लोग गर्मी से खाता परेशान दिख रहे थे। लेकिन जैसे ही मंगलवार को मूसलाधार बारिश हुई तब लोगों को थोड़ी से राहत मिली हालांकि बारिश होते ही प्रखंड क्षेत्र के कुर्था नगर पंचायत के कई सड़कों व गलियों की पोल भी खुल गई ।जहां बारिश होते ही बजबजाती नालियां सड़कों पर बहने लगी हालांकि लोगों को गर्मी से निजात तो मिली लेकिन नगर पंचायत के विभिन्न गलियों में बजबजाती नालियां लोगों को परेशान करके रख दी ।बता दे की कुर्था नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 समेत कई घरो में गंदगी के अंबार के अलावे जगह-जगह नाली जाम है




सेंसेक्स
81583.30 पर बंद
निफ्टी
24853.40 पर बंद

सोना
97,440
चांदी
96,000

# चीन-अमेरिका की लड़ाई में भारत की लगी लॉटरी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच में चल रहा ट्रेड वॉर भारत के लिए अच्छी खबर लेकर आया है। भारत के व्यापार में मई 2025 में कुछ अच्छे बदलाव देखने को मिले हैं। कॉमर्स मिनिस्ट्री के अनुसार, मई में भारत का कुल निर्यात 71.12 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल के मुकाबले 2.77 फीसदी ज्यादा है। पिछले साल मई में यह आंकड़ा 69.20 अरब डॉलर था। इससे व्यापार घाटा भी कम हुआ। मई में व्यापार घाटा कम होकर 6.62 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल यह 9.35 अरब डॉलर था। वहीं बात अगर अमेरिका के साथ निर्यात की करें तो यहां भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन से अमेरिका को होने वाला निर्यात मई 2025 में 34.5 प्रतिशत गिर गया। वहीं अमेरिका को भारत का निर्यात




17.3 प्रतिशत बढ़ गया है। हालांकि पूरी दुनिया के मामले में चीन के एक्सपोर्ट में कुछ तेजी आई है। चीन का कुल एक्सपोर्ट थोड़ा सा बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया और यह 316.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

**स्वामीनॉमिक्स = अमेरिका के साथ** चीन की तरह सख्ती दिखाए भारत, ट्रेड डील में ट्रंप पर ऐसे दबाव बनाकर करें सौदेबाजी

### भारत समेत दूसरे देशों से बढ़ाया निर्यात

अमेरिका के साथ निर्यात में आई गिरावट की कमी को पूरा करने के लिए चीन ने दूसरे देशों के साथ नजदीकी बढ़ानी शुरू कर दी है। चीन ने यूरोपियन यूनियन, आसियान और भारत को होने वाला निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़कर 11.13 अरब डॉलर हो गया है। इससे डंपिंग का खतरा बढ़ गया है। डंपिंग का मतलब है कि कोई देश अपने सामान को दूसरे देश में सस्ते दामों पर बेचता है।

**ट्रेड वॉर का मिला फायदा-** अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। टैरिफ को लेकर बातचीत ट्रेड वॉर का एक अहम मुद्दा है।


### आयात में आई कमी

अब बात अगर आयात की करें तो यह थोड़ा सा घटकर 60.6 अरब डॉलर हो गया है। लेकिन, बिना तेल और बिना सोने का आयात 12 प्रतिशत बढ़कर 41.2 अरब डॉलर हो गया है। जीएसटी डेटा से भी यह पता चलता है। आयात पर इलस्ट्र कलेक्शन 72.9 प्रतिशत बढ़ गया है। यह मई 2024 में 24,510 करोड़ रुपये था, जो इस साल बढ़कर 42,370 करोड़ रुपये हो गया है। दो सेक्टर में सबसे ज्यादा बदलाव दिखा। इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 27.5 प्रतिशत बढ़कर 9.1 अरब डॉलर हो गया। मशीनरी और कंप्यूटर का आयात 22 प्रतिशत बढ़कर 5 अरब डॉलर हो गया। भारत का चीन और हांगकांग से होने वाला आयात 22.4 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया।

## मोबाइल के कारोबार में उतरेगा अमेरिकी राष्ट्रपति का परिवार

● **ट्रंप ब्रांड को भुनाने की एक और कोशिश**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का परिवार अब मोबाइल फोन निर्माण के नए कारोबार में उतरेगा। इसका नाम ट्रंप मोबाइल होगा। यह कदम तब उठाया गया है जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च साविधानिक पद पर हैं। उनकी इस बात को लेकर आलोचना हो रही है कि वे अपनी निजी व्यावसायिक हितों के लिए सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। इसे ट्रंप ब्रांड की लोकप्रियता को भुनाने की एक और कोशिश करार दिया जा रहा है। ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष और डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप ने कहा कि ट्रंप मोबाइल अमेरिका में



निर्मित फोन बेचेगा और देश में ही एक कॉल सेंटर संचालित करेगा।

इस नई मोबाइल फोन और सेवा को टी1 मोबाइल नाम दिया गया है। इसकी घोषणा मध्य पूर्व में कई रियल एस्टेट सौदों के बाद हुई है, जिसमें कतर में एक गोल्फ परियोजना भी शामिल है। पिछले महीने उनके परिवार ने वियतनाम में गोल्फ कोर्स, होटल और रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए 1.5 बिलियन डॉलर का साझेदारी समझौते को मंजूरी दी थी। हालांकि, इन सौदों की शुरुआत ट्रंप के निर्वाचन से पहले हो गई थी। व्यवसायों में ट्रंप के नाम से जुड़ाव पर अमेरिका के व्यापारिक और राजनीतिक हलकों में विवादों का नया दौर शुरू हो गया है। गौरतलब है कि मोबाइल फोन कंपनियों की नियामक संस्था फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने उन मीडिया संस्थानों की जांच शुरू की है, जिन्हें ट्रंप नापसंद करते हैं।

## अन्न भंडारण में 20 लाख टन की अतिरिक्त क्षमता हासिल

● **तीन साल तक के लिए किया जा सकता है भंडार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अन्न भंडारण सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत देशभर में कुल 19.5 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो यानी भंडारगृह बनाए हैं। इन आधुनिक भंडारगृह की मदद से भंडारण तीन साल तक के लिए किया जा सकता है। पूरी तरह से स्वचालित और आधुनिक सुविधाओं से लैस भंडारगृहों ने अन्नों की बर्बादी को भी कम किया है।

केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 40 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 25 लाख टन क्षमता के लिए निविदा की प्रक्रिया जारी है। इस पीपीपी मॉडल के तहत लीप एग्री लॉजिस्टिक्स (बड़ौदा) प्राइवेट लि. ने भी केंद्र सरकार की ओर से 50,000 टन गेहूं के भंडारण के लिए स्टील साइलो परियोजना स्थापित की है। केंद्र सरकार के प्रयासों के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पीपीपी मॉडल में स्टील साइलो का निर्माण कर रहा है, ताकि खाद्यान्न को लंबे समय तक सुरक्षित रखा

# गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की दूसरी बार रिकॉर्ड बिक्री

**मई में सभी श्रेणी के कुल 2012969 वाहन बिके**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई, 2025 में सालाना आधार पर 0.8 फीसदी घटकर 3,44,656 इकाई रह गई। इस गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की बिक्री मई में अब तक दूसरी बार सबसे ज्यादा रही। एक साल पहले की समान अवधि में 3,47,492 पीवी बिके थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने सभी श्रेणी के कुल 20,12,969 वाहन बिके। यह मई, 2024 में बिके



19,76,674 वाहनों से 1.8 फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, रेपो दर में फरवरी से अब तक एक फीसदी की कटौती और सामान्य से अधिक मानसून से वाहन क्षेत्र पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

**पीवी की घरेलू बिक्री में मारुति शीर्ष पर-** यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। कंपनी ने मई में कुल 1,35,962 यात्री वाहन बेचे। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एक साल पहले के 43,218 की तुलना में 52,431 यात्री वाहन बेचे।

# अब घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा टैरिफ, टाटा के शेयर को बेचने की होड़

**मुंबई।** टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार, 17 जून को एक बार चर्चा में हैं। दरअसल, ब्रिटेन और अमेरिका ने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक ट्रेड डील पर हस्ताक्षर किए। डील की रूपरेखा के अनुसार, इस महीने के अंत से यूके ऑटो निर्यात में 1,00,000 वाहनों के सालाना कोटे पर यूएस टैरिफ 27.5 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा। कंपनी के शेयर आज शुरुआती कारोबार में 2 प्रतिशत तक टूटकर 677 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गए थे।

**क्या है डिटेल-** बता दें कि 25 प्रतिशत टैरिफ के बिना यूके से यूएस में प्रवेश करने वाले अन्य प्रोडक्ट्स की सूची बाद में तय की जाएगी। ऑटो टैरिफ लगाए जाने से पहले, यात्री वाहनों पर मानक यूएस आयात शुल्क 2.5 प्रतिशत था। इसका मतलब




है कि नई टैरिफ दर पारस्परिक टैरिफ से कम होगी, लेकिन वे पहले की मानक दर से अधिक होगी। मंगलवार को निफ्टी 50 इंडेक्स पर यह शेयर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में से एक था, क्योंकि इसकी यूके इकाई जगुआर लैंड रोवर ने चालू वित्त वर्ष के लिए कम मार्गदर्शन जारी किया था।

**अंडमान में हो सकता है 2 लाख करोड़ लीटर कच्चे तेल का भंडार**

# 5 गुना बढ़ जाएगी भारत की जीडीपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को कहा कि अंडमान सागर में कच्चे तेल और गैस का यह बड़ा भंडार दिखा है। यहां खनन से अच्छे संकेत मिल रहे हैं और भारत को अंडमान सागर में करीब दो लाख करोड़ लीटर कच्चे तेल का भंडार मिल सकता है।

**भारत की जीडीपी करीब पांच गुना तक बढ़ेगी-** उन्होंने कहा कि अगर यह अनुमान सही निकला तो इससे भारत की जीडीपी करीब पांच गुना तक बढ़ सकती है। यह पेट्रोलियम भंडार हाल ही में गुयाना में मिले (11.6 अरब बैरल) कच्चे तेल के रिजर्व जितना हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अंडमान में तेल की खोज इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगर यह प्रयास सफल होता है, तो भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।

**हमारी एनर्जी की जरूरतें एक झटके में होंगी पूरी-** माना जा रहा है कि इसके मिलने के बाद हमारी एनर्जी की जरूरतें एक झटके में पूरी हो जाएंगी। अगर अंडमान में खोज सफल होती है, तो भारत ऑयल इंपोर्ट्स को काफी हद तक कम कर सकता है और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकता है।

**होर्मुज का रास्ता बंद होने से महंगे पड़ेंगे तेल व गैस-** ईरान और इजरायल के बीच युद्ध भारत के लिए भी नुकसानदायक है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि युद्ध के कारण, भारत पर आर्थिक संकट का खतरा बढ़ रहा है। खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताएं हैं।

### दोनों देशों से व्यापारिक रिश्ते

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का माल निर्यात किया और 44.19 करोड़ डॉलर का आयात किया। वहीं, इजरायल के साथ 2.15 अरब डॉलर का निर्यात और 1.61 अरब डॉलर का आयात किया है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच स्थित है, जो खाड़ी के देशों (इराक, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात) से समुद्री मार्ग को अरब सागर और उससे आगे तक जोड़ता है। यह जलडमरूमध्य अपने सबसे संकरे बिंदु पर केवल 33 किमी चौड़ा है। यहां प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल तेल और तेल उत्पाद जहाजों पर लादे जाते हैं।

## नीट में मोशन के स्टूडेंट्स को मिली शानदार सफलता 7 विद्यार्थियों ने बनाई टॉप 100 में जगह

**कोटा, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट-यूजी)-2025 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कामयाबी का परचम लहराया है। मोशन के सात स्टूडेंट्स ने टॉप 100 केटेगिरी रैंक में जगह बनाई है।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि एनटीए का सर्वर डाउन चलने के कारण रिजल्ट कम्पाइल करने में देरी हो रही है। शनिवार शाम तक मिले परिणाम के मुताबिक इस बार नीट एग्जाम में मोशन के स्टूडेंट केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 7 हासिल की है।

# बस 15 लाख की थी जरूरत...

**लोन लेकर दो भाइयों ने इस पैसे से बना दिया 300 करोड़ का ब्रांड**


**नई दिल्ली, एजेंसी।** रजत जैन और मोहित जैन ने अपनी मेहनत और लगन से जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। वे किमीरिका वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। साल 2012 में दोनों भाइयों ने 15 लाख रुपये के लोन से इस कॉस्मेटिक ब्रांड को शुरू किया था। महज 10 साल बाद ही यह ब्रांड 100 करोड़ रुपये के टर्नओवर तक पहुंच गया। अब इसका टर्नओवर करीब 300 करोड़ रुपये है। रजत जैन और मोहित जैन इंदौर के रहने वाले हैं। 2022 में उन्होंने पता नाम से एक ऐप भी बनाया। यह ऐप लंबे और कठिन पड़ेस को छोटे और आसान कोड में बदल देता है। कम जानकारी होने के बावजूद दोनों भाइयों ने कॉस्मेटिक और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी अलग जगह बनाई है। आइए, यहां रजत जैन और मोहित जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। रजत जैन और मोहित जैन दो भाई हैं। वे मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं।

# आयात घटने से व्यापार घाटा कम होकर 21.88 अरब डॉलर

**इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात बढ़ा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल तनाव, अन्य वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारत से निर्यात में लगातार दो महीने तक बढ़ोतरी के बाद फिर गिरावट आई है। देश से वस्तुओं का निर्यात मई, 2025 में सालाना आधार पर 2.17 फीसदी घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 39.59 अरब डॉलर था। आयात घटने से व्यापार घाटा मई, 2024 के 22.51 अरब डॉलर से कम होकर 21.88 अरब डॉलर रह गया।

उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने कुल 60.61 अरब डॉलर की वस्तुओं का आयात किया गया। यह आंकड़ा मई, 2024 के 61.68 अरब डॉलर की तुलना में 1.7 फीसदी कम है। कच्चे तेल और सोने का आयात घटने से यह गिरावट आई है। इस दौरान देश से 32.39 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात किया गया, जबकि आयात 17.14 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 71.12 अरब डॉलर पहुंच गया।



**इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 54 फीसदी बढ़ा-** इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात मई में 54.1 फीसदी बढ़कर 45.7 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 30.32 फीसदी घटकर 5.6 अरब डॉलर रहा। चावल, लौह अयस्क, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग और कपड़ों की कुछ श्रेणियों के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई। चाय, कॉफी, मसाले, सभी प्रकार के वस्त्र, रसायन, समुद्री उत्पाद और फार्मा के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली।

### क्रूड-सोने का आयात 26.14 फीसदी तक घटा

मई में कच्चे तेल का आयात 26.14 फीसदी घटकर 14.75 अरब डॉलर रह गया। इसी दौरान 2.5 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 12.6 फीसदी की कमी दर्शाता है।

### अमेरिका और चीन को 25 प्रतिशत तक बढ़ा निर्यात

भारत से मई में जिन देशों को निर्यात बढ़ा, उनमें अमेरिका, चीन, सिंगापुर, बेल्जियम, रूस और जर्मनी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया और मॉरीशस जैसे देशों को निर्यात में भी प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक, भारत से अमेरिका को निर्यात मई में 16.93 फीसदी बढ़कर 8.83 अरब डॉलर पहुंच गया।

# ईरान अब नहीं रहा दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाला देश, इजरायल में इससे 75 गुना महंगा तेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान अब दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाला देश नहीं रहा। इसकी जगह लीबिया ने ले ली है। ग्लोबलपेट्रोलप्राइसेज डॉट कॉम के मुताबिक दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल



लीबिया में 2.35 रुपये लीटर है। जबकि, ईरान में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 2.44 रुपये है। इसके बाद नंबर वेनेजुएला का है, जहां पेट्रोल की कीमत 2.99 रुपये लीटर है। चौथे नंबर पर अंगोला है। अंगोला में पेट्रोल 27.98 रुपये लीटर बिक रहा है। आंकड़े 9 जून को अपडेट किए गए थे। बता दें इजरायल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत भारतीय करेंसी में 181.06 रुपये लीटर है।

### कच्चे तेल की कीमतों में आग

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आग लगी है। आज तेजी के बावजूद कच्चा तेल 75 डॉलर प्रति बैरल के नीचे है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक ब्रेंट क्रूड के अगस्त वायदा में 0.30 पर्सेंट की बढ़ोतरी है और यह 73.45 डॉलर प्रति बैरल पर है। डब्ल्यूटीआई का जुलाई वायदा भी 0.42 पर्सेंट चढ़कर 72.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

### पेट्रोल-डीजल के नए रेट अपडेट

इस बीच भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट अपडेट कर दी हैं। आज भी यहां पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

# खत्म हो गया टी20 से बाबर आजम का करियर...

## पाकिस्तान में जमकर बवाल, पीसीबी को कूदना पड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम के टी20आई टीम में भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नेशनल हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के डायरेक्टर आक़िब जावेद ने इस बारे में अपनी राय दी है। बाबर को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20आई सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। पिछले साल दिसंबर से उन्होंने कोई टी20आई मैच नहीं खेला है।

**बाबर आजम को बाहर करने पर बहस –** पीसीबी युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहता है, क्योंकि बाबर आजम के स्ट्राइक रेट और टीम पर इसके असर को लेकर बहस चल रही है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप में बाबर ने पाकिस्तान टीम का नेतृत्व किया था, जहां टीम अमेरिका और भारत से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। आकिब जावेद का कहना है कि अगर बाबर अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो वे टीम में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को यह भी याद दिलाया कि उन्हें पता है कि कौन सा फॉर्मेट उनके लिए सबसे अच्छा है और वापसी करना आसान नहीं होगा। बाबर आजम अब बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे।

**अच्छा प्रदर्शन करने पर वापसी होगी –** आकिब जावेद ने कहा है कि बाबर आजम और दूसरे सीनियर खिलाड़ी जिन्हें बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है, उनका टीम में स्वागत है। उन्होंने पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए कहा, चाहे बाबर हो या कोई और खिलाड़ी, खेल सबके लिए खुला है। अगर बाबर या कोई और अच्छा प्रदर्शन करता है, तो वे अपनी जगह बना लेंगे - प्रदर्शन के दम पर कोई भी आगे बढ़ सकता है। आकिब ने खिलाड़ियों को साफ संदेश दिया है कि उन्हें पता है कि कौन सा फॉर्मेट उनके लिए सबसे अच्छा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे कई चुनौतियां हैं और उन्हें उनका सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

**कई खिलाड़ियों को किया बाहर –** बाबर के अलावा, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को भी आगामी टी20आई सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। सेलेक्टर्स और हेड कोच माइक हेसन ने बाबर, रिजवान और शाहीन को बता दिया है कि उन्हें आगामी टी20आई सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्हें आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे पर ध्यान देने के लिए कहा गया है।

# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में इस दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई के समान : स्टुअर्ट ब्रॉड

**मुंबई, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी। ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट में कहा, 'वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं। उन्होंने जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, 'जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।

# अवैध सट्टेबाजी ऐप्स को प्रोमोट करने में फंसे युवराज सिंह, हरभजन सिंह...

## ईडी ने शुरू की जांच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स की जांच तेज कर दी है। इस जांच में कई बड़े नाम सामने आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेटर हरभजन सिंह, सुरेश रैना और युवराज सिंह के साथ-साथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और सोनू सूद से भी पूछताछ की जा रही है। यह जांच जैसे प्रतिबंधित प्लेटफॉर्म के प्रचार से जुड़ी है। ईडी का मानना है कि ये प्लेटफॉर्म भ्रामक विज्ञापन और गलत तरीकों से लोगों को फंसा रहे हैं।

**ईडी कर रही है जांच –** ईडी की जांच में पता चला है कि ये प्लेटफॉर्म जैसे नामों का इस्तेमाल कर विज्ञापन करते हैं। ये वेब लिंक और क्त्क्र कोड के जरिए यूजर्स को असली अवैध सट्टेबाजी साइटों पर भेजते हैं। श्वष्ठ के अनुसार, यह भारतीय कानूनों का सीधा उल्लंघन है। श्वष्ठ का कहना है कि ये ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म खुद को स्किल-आधारित गेम बताते हैं। लेकिन, एजेंसी का मानना है कि ये रिग्ड एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, ये जुआ के दायरे में आते हैं।

**कई क्रिकेटर्स के नाम भी शामिल –** ईडी की शुरुआती जांच में कई कानूनों के उल्लंघन की बात सामने आई है। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम शामिल हैं। साथ ही, कई सरकारी नियमों का भी उल्लंघन हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, हरभजन सिंह और सुरेश रैना के प्रतिनिधियों ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उर्वशी रौतेला और सोनू सूद के प्रतिनिधियों ने भी कोई जवाब नहीं दिया है। जांच में यह भी पता चला है कि इन विज्ञापन अभियानों को चलाने के लिए विभिन्न कंपनियों को 50 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अवैध सट्टेबाजी ऐप का कारोबार 100 अरब डॉलर से अधिक का है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के बावजूद, यह कारोबार फलफूल रहा है। इन वेबसाइटों पर लगभग 11 करोड़ भारतीय आते हैं, जिनमें स्कूली छात्र भी शामिल हैं। जांच अभी जारी है और श्वष्ठ इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। यह देखना होगा कि इस जांच में और क्या खुलासे होते हैं और किन-किन लोगों पर कार्रवाई होती है। सरकार इन अवैध सट्टेबाजी ऐप्स पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठा रही है। लेकिन, यह कारोबार अभी भी तेजी से बढ़ रहा है।

# स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची



**दुबई, एजेंसी।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाए जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

# आईसीसी ट्रॉफी जीती, कप्तानी में अजेय, फिर भी टेम्बा बावुमा को घर में नहीं मिलेगा दिग्गजों वाला सम्मान !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने चोकर्स के टैग धो दिया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया जैसी धाकड़ टीम को हराया। लॉर्ड्स के मैदान पर चौथी पारी में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 282 रनों का लक्ष्य मिला था। टीम ने बिना किसी परेशानी के इसे हासिल कर लिया। टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा के हाथों में थी। डीन एल्गर के संन्यास के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली थी। उनकी कप्तानी में 10 टेस्ट के बाद भी साउथ अफ्रीका को एक भी हार नहीं मिली है। हालांकि इसके बाद भी टेम्बा बावुमा को साउथ अफ्रीका में वो शायद सम्मान नहीं मिले, जो ग्रीम स्मिथ या एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को मिलती है। इन दोनों के पास ही आईसीसी ट्रॉफी नहीं है।

**बल्ले से खास नहीं टेम्बा का रिकॉर्ड –** टेम्बा बावुमा का बल्ले से इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई खास रिकॉर्ड नहीं है। अभी तक उन्होंने 64 टेस्ट खेले हैं। इसकी 110 पारियों में सिर्फ 38 की औसत से रन बना पाए हैं। उनके नाम 3708 रन दर्ज हैं। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 4 शतक लगाए हैं। साउथ अफ्रीका के लिए 100 या उससे ज्यादा टेस्ट पारियां खेलने वाले प्रमुख बल्लेबाजों में टेम्बा के नाम सबसे कम शतक हैं। 118 पारियों में फाफ डु प्लेसिस के 10 तो 104 पारियों में एश्वेल प्रिंस को 11 शतक हैं। डेरिल कुल्लिनन के नाम तो 115 पारी में 14 शतक हैं।

**वनडे की कप्तानी में भी खास रिकॉर्ड नहीं –** टेस्ट में जरूर टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली है लेकिन वनडे में उनका कप्तानी रिकॉर्ड खास नहीं है। अपने करियर में अभी तक उन्होंने सिर्फ 48 वनडे खेले हैं। इसमें से 42 में तो कप्तानी ही की है। साउथ अफ्रीका को उसमें 22 जीत और 19 हार मिली। उनका विनिंग प्रतिशत 52.38 है। उनके पहले फाफ डु प्लेसिस नियमित कप्तान थे। उनकी कप्तानी में टीम ने लगभग 72 प्रतिशत मैच जीते। शॉन पोलक ने 92 और ग्रीम स्मिथ ने 149 मैचों में कप्तानी की और टीम ने 60 प्रतिशत से ज्यादा जीत हासिल की। हेनसी क्रोनिए की कप्तानी में 138 में से 99 वनडे साउथ अफ्रीका ने जीते।

**अंतिम दौर में क्रिकेटिंग करियर –** टेम्बा बावुमा 35 साल से ज्यादा के हो चुके हैं। उनका करियर अंतिम दौर में हैं। यह जीत भले ही खास है लेकिन उनका पर्सनल रिकॉर्ड ऐसा नहीं है, जो दिग्गजों की श्रेणी में जगह दिला दी। टेम्बा अश्वेत क्रिकेटर हैं। साउथ अफ्रीकी टीम में अश्वेत क्रिकेटर्स के लिए कोटा है। कई बार यह कहा जा चुका है कि कोटा सिस्टम की वजह से ही टेम्बा को टीम में जगह मिल पाई। ट्रॉफी जीतकर उन्होंने आलोचकों को चुप तो करवा दिया है लेकिन एक खराब प्रदर्शन के बाद फिर से सवाल उठने लगेंगे।

## 2023-25 साइकल में हल्की टीमें भी मिलीं

साउथ अफ्रीका ने भले ही टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता है लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि टीम को पिछले साइकल में बड़ी चुनौती नहीं मिल पाई। अपने घर में उसका मुकाबला तीन एशियाई टीम भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका से हुआ। ये पारंपरिक तौर पर पेस के खिलाफ स्ट्रगल करती हैं। घर के बाहर साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज से खेला। ये चुनौतियां मुश्किल नहीं थीं। अगले साइकल में टीम को अपने घर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से खेलना है। वहीं भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका का दौरा करना है, जहां की पिच और परिस्थिति साउथ अफ्रीका के क्रिकेट को फिट नहीं बैठती।

# कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं शुभमन गिल : जोस बटलर



**मुंबई, एजेंसी।** जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे। इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट पर कहा, 'वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे। उन्होंने कहा, 'कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।

बटलर ने कहा, 'गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति होने जैसा है। उन्होंने कहा, 'गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप इसे आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं।

# अश्विन और उनकी टीम को बड़ी राहत, TNPL में गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों से हुए मुक्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग ने पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन को गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों से मुक्त कर दिया है। यह आरोप सीकेम मदुरै पैंथर्स ने उन पर और उनकी टीम डिंडीगुल ड्रैगन्स पर लगाए थे। डिंडीगुल ड्रैगन्स की टीम ने अश्विन के खिलाफ आरोप लगाए थे। मदुरै फ्रेंचाइजी ने डिंडीगुल पर 14 जून को सलेम में खेले गए मैच के दौरान रसायन वाले तौलिए का इस्तेमाल करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। मदुरै के कोच शिजित चंद्रन ने फ्रेंचाइजी की सीईओ पूजा दामोदरन को संबोधित शिकायत में कहा, हमारी पारी के दौरान गेंद की स्थिति तेजी से खराब हुई जिससे हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। आप पावरप्ले के बाद हमारे बल्लेबाजों द्वारा खेले गए हर शॉट की आवाज सुन सकते हैं, जो ऐसा था जैसे वे क्रिकेट की गेंद के बजाय किसी कठोर पत्थर पर मार रहे हों। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि डिंडीगुल ड्रैगन्स की टीम ने गेंद की स्थिति बदलने के लिए विदेशी पदार्थों का इस्तेमाल किया जिसमें पहले से लगाए गए खुरदरे एजेंट वाले विशेष तौलिये का इस्तेमाल करना शामिल है, जो अस्वीकार्य है और खेल की भावना और धोखाधड़ी के बराबर है।

मामले की जांच के बाद टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि गेंद से छेड़छाड़ का कोई सबूत नहीं मिला है। कन्नन ने एक बयान में कहा, संदर्भित तौलिए टीएनपीएल द्वारा जारी किए गए थे और दोनों टीमों के लिए समान रूप से उपलब्ध थे। प्लेइंग कंट्रोल टीम जिसमें अंपायर और मैच रेफरी शामिल थे ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर पूरी निगरानी रखी। खेल के दौरान कोई चिंता नहीं जताई और कोई ऐसा सबूत नहीं दिया जिससे लगे कि गेंद से छेड़छाड़ हुई। उन्होंने कहा, यदि फ्रैंचाइजी के पास विश्वसनीय और सत्यापन योग्य सबूत हैं, तो वे 17 जून को दोपहर 3 बजे तक स्वतंत्र जांच आयोग के लिए औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं, साथ ही सहायक सामग्री (वीडियो, फोटोग्राफिक या साक्ष्य) भी प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि मदुरै अपने आरोपों के लिए सबूत देने में विफल रहता है, तो उसे टीएनपीएल आचार संहिता और परिचालन नियमों के तहत प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। ड्रैगन्स ने शनिवार को सलेम में मदुरै को आसानी से हराया था, जिसमें सलामी बल्लेबाज अश्विन और शिवम सिंह ने उन्हें टीएनपीएल 2025 में अपनी दूसरी जीत के लिए 13 ओवर से कम समय में 151 रनों का पीछा करने में मदद की थी। अश्विन की डिंडीगुल गत चैंपियन है, जिसने पिछले सीजन में अपना पहला खिताब जीता था।

# अब 5 नहीं 4 दिन का होगा टेस्ट मैच

## ICC ने कर ली पूरी तैयारी... जानिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड की टीमें क्या करेंगी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है. एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आईसीसी 2027-29 के वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है. दूसरी तरफ भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे 5 दिवसीय मैच खेल सकते हैं. मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी. 2025-27 की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 5 दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी.

एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए 4 दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था.' इसमें कहा गया है, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए 5 दिवसीय मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने की अनुमति होगी.' आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए 4 दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी. इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ 4 दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी 4 दिवसीय टेस्ट मैच खेला था. रिपोर्ट के अनुसार, 'कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन 4 दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से 3 टेस्ट मैचों की पूरी सीरीज 3 हफ्ते से भी कम समय में खेली जा सकेगी.' इसमें कहा गया है, 'समय को बर्बाद करने से बचने के लिए 4 दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है.'

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैम्पियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई.'

# पेरिस ओलंपिक में पदक से चूकने वाले भारतीय का अब यह है अगला लक्ष्य

## यूटीटी में मिली लय को बरकरार रखना चाहते हैं हरमीत देसाई



नई दिल्ली, एजेंसी। आईटीटीएफ टेबल टेनिस विश्व रैंकिंग में मैं अभी 73वें पायदान पर हूं। सबसे पहले मैं अपनी रैंकिंग सुधारने पर काम करूंगा। इसके लिए मुझे अधिक से अधिक विश्व टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेना होगा। पेरिस ओलंपिक में मैं पदक जीतने से जरूर चूक गया, लेकिन अल्टीमेट टेबल टेनिस के इस सीजन में मेरा शानदार प्रदर्शन रहा। इस लय को मैं आगे विश्व टूर्नामेंट में भी बरकरार रखना चाहूंगा। ये बातें टेबल टेनिस के धुरंधर खिलाड़ी हरमीत देसाई ने 'जनसत्ता' से एक विशेष बातचीत में कहीं।

पेरिस ओलंपिक में अपने अनुभव को साझा करते हुए हरमीत देसाई ने बताया कि पेरिस ओलंपिक मेरे लिए एक बड़ा मंच था। मेरा 2024 में पहला ओलंपिक था और इसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालिफाई किया, जो गर्व की बात है। मैंने एकल और पुरुष टीम स्पर्धा में हिस्सा लिया। एकल में पहला चरण जीता, लेकिन दूसरे में हार मिली। टीम मुकाबले में हम प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। सफर शानदार रहा, लेकिन पदक न जीत पाने का दुख अब भी है। फिर भी, यह अनुभव मुझे अगले ओलंपिक के लिए और मजबूत बनाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### लाहौल-स्पीति में सड़क से नीचे गिरा टेम्पो ट्रेवलर, हरियाणा के दो पर्यटकों की मौत

**लाहौल-स्पीति , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में सोमवार शाम हरियाणा के सोनीपत नंबर का एक टेम्पो ट्रेवलर सड़क से नीचे गिर गया। इस हादसे में हरियाणा के रहने वाले दो पर्यटकों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए मनाली अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गाड़ी का नंबर हरियाणा के सोनीपत का है। जानकारी के अनुसार टेम्पो ट्रेवलर में 21 लोग सवार थे। कोकसर-रोहतांग रोड पर ग्राम्फू के पास टेम्पो ट्रेवलर सड़क से करीब 150 फीट नीचे गिर गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी को गाड़ी से निकाला। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। लाहौल-स्पीति की एसपी इल्मा अफरोज ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए मनाली अस्पताल शिफ्ट किया है। इनमें से 6 घायलों को मनाली के मिशन अस्पताल और कुल्लू रेफर किया जा चुका है। अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में 13 जून को हरियाणा के टूरिस्ट की गाड़ी 60 फीट खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 3 लोग घायल हुए थे। यह हादसा लाहौल स्पीति के गोंदला में हुआ था। ?हरियाणा नंबर की गाड़ी में 3 लोग सवार थे, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, केलांग की तरफ जा रहे थे। ओवरस्पीड की वजह से ड्राइवर स्टेयरिंग पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क से 60 फीट गहराई में जा गिरी थी।

### कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी को धोखा दियाः भूपेंद्र यादव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र द्वारा सोमवार को 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना आयोजित करने की अधिसूचना जारी करने के बाद, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा कमीशन ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई तब मंडल कमीशन को बनाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी कमीशन को दंतविहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला। भाजपा नेता ने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला। वो दिखाता है कि कांग्रेस के लिए सोशल जस्टिस दिखावा है, प्रतिबद्धता नहीं है। ओबीसी समाज को झांसे में लाना कांग्रेस की नीति है, न्याय देना उनका काम नहीं है। 2014 में भारत का नाजुक अर्थव्यवस्था बनने का सबसे बड़ा कारण था कि टैक्सपेयर के पैसों के साथ कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और उनके विश्वास को खोया। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस का रिसर्वे... एक पॉलिटिकल कवर है। जो कांग्रेस, समाज के कुछ लोगों को भरमाने के लिए और कुछ को तुष्टिकरण की राजनीति में लाने के लिए कर रही है। जितनी आबादी-उतना हक, राहुल गांधी का ये झूठा नारा है। हक तो सिर्फ एक परिवार का है।

### दिल्ली सरकार ने नौकरशाही में किया बड़ा फेरबदल, 23 आईएएस अधिकारी इधर से उधर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाही में बड़ा फेरबदल किया है। दिल्ली सरकार ने 23 आईएएस अधिकारियों को स्थानांतरित या नया प्रभार सौंपा है। दिल्ली सरकार द्वारा 2000 बैच की अधिकारी दिलराज कौर को सामान्य प्रशासन विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। उन्हें समाज कल्याण और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग में सचिव 2003 बैच की अधिकारी नंदिनी पालीवाल अब आयुक्त (व्यापार एवं कर) होंगी। शिक्षा विभाग में पांडुरंग के. पोल उनकी जगह लेंगे। नीरज सेमवाल, जो वर्तमान में संभागीय आयुक्त हैं, भूमि एवं भवन के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। परिवहन आयुक्त निहारिका राय को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# पाकिस्तान नहीं जाएंगे सिख श्रृद्धालु, भारत-पाक तनाव को देखते हुए एसजीपीसी का फैसला

**जालंधर, एजेंसी।**
पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर चलाने से दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष चला था। सीजफायर होने के बाद दोनों देशों में अब भी तनाव है। इसी को देखते हुए ??शिरोम?णि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने बड़ा फैसला लिया है। इस बार एसजीपीसी 29 जून को मनाई जा रही शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था नहीं भेजेगी। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान जाने के लिए सिख श्रद्धालुओं ने अपने पासपोर्ट एसजीपीसी कार्यालय के यात्रा विभाग में जमा करवा दिए हैं। एसजीपीसी हर साल महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजती थी लेकिन दोनों देशों में तनावपूर्ण माहौल और भारत सरकार द्वारा यात्रा पर लगाई गई पाबंदियों को देखते हुए इस बार जत्था नहीं भेजने का फैसला किया है।

हालांकि हाल ही में 2 जून को पाकिस्तान ने लाहौर में गुरु अर्जन देव और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि 16 और 29 जून को लाहौर में मनाने के संबंध में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए भारत समेत दुनिया भर से सिख तीर्थयात्रियों को आमंत्रित किया था। लेकिन , तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के कारण भारत द्वारा भारतीय तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान की यात्रा करने के लिए एनओसी जारी करने की संभावना नजर नहीं आ रही थी। बीते वर्ष पाकिस्तान ने महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर



आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए भारत से 509 सिख श्रद्धालुओं को वीजा जारी किए गए थे। पाकिस्तान सरकार ने बैसाखी त्योहार के लिए भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को 6,700 से अधिक वीजा जारी किए थे। यह 50 वर्षों में पहली बार हुआ, जब दोनों देशों के बीच तय संख्या से अधिक वीजा जारी किए गए। पाकिस्तान में बैसाखी पर्व मनाने के लिए एसजीपीसी ने इसी साल 10 अप्रैल को श्रद्धालुओं का जत्था अटारी-वाघा सरहद के रास्ते रवाना किया था। अटारी सीमा से कुल 6600 सदस्य पाकिस्तान रवाना हुए थे। यह जत्था पाकिस्तान के विभिन्न गुरुद्वारा साहब के दर्शन करने के बाद 19 अप्रैल को भारत लौटा था। लेकिन यह सब पहलगाम आतंकी हमले से पहले हुआ था। इस हमले के बाद दोनों देशों में तनाव चरम पर पहुंच गया है।

# द्वारका एक्सप्रेसवे की तरह गुरुग्राम में एसपीआर पर बनेगा एलिवेटेड रोड, डिजाइन फाइनल

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) को द्वारका एक्सप्रेसवे की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे से लेकर वाटिका चौक तक तीन-तीन लेन का एलिवेटिड रोड तैयार किया जाएगा। एसपीआर पर जहां-जहां चौराहे या तिराहे हैं, वहां पर प्रवेश और निकास की व्यवस्था की जाएगी। इसके डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है।

एसपीआर की लंबाई करीब 5.3 किलोमीटर है। ये द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-सोहना हाईवे (एनएच-248) को आपस में जोड़ता है। द्वारका एक्सप्रेसवे से यदि किसी वाहन चालक को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे या सोहना की तरफ जाना होता है तो उसे वाटिका चौक से सर्विस रोड होते हुए भोंडसी तक जाना पड़ता है। वहां से गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर चढ़ना पड़ता है। एसपीआर पर ट्रैफिक दबाव अधिक होने के चलते सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति बन जाती है।

इस समस्या के समाधान के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने द्वारका एक्सप्रेसवे से गुरुग्राम-सोहना हाईवे को एलिवेटिड रोड से जोड़ने की योजना बनाई थी। पिछले साल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद जीएमडीए ने एक सलाहकार कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी थी। इस सलाहकार कंपनी ने तीन डिजाइन तैयार किए हैं। इनमें से फिलहाल एक डिजाइन को जीएमडीए



अधिकारी ने मंजूरी दे दी है।

**इंटरचेंज का निर्माण होगा -** इस डिजाइन के तहत वाटिका चौक पर इंटरचेंज का निर्माण होगा। अगर कोई वाहन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे या सोहना-गुरुग्राम हाईवे की तरफ से आ रहा है तो वह आसानी से द्वारका एक्सप्रेसवे की तरफ एलिवेटिड रोड होते हुए मुड़ जाएगा। यदि किसी को गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड की तरफ जाना है तो वह इंटरचेंज से नीचे उतरकर चला जाएगा। इस तरह यदि कोई वाहन गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड से आ रहा है तो वह इस इंटरचेंज के माध्यम से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम-सोहना हाईवे या द्वारका एक्सप्रेस वे की तरफ आसानी से जा सकेगा।

**सर्विस रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगाः** एलिवेटिड रोड और इंटरचेंज के बनने के बाद गुरुग्राम-सोहना रोड की सर्विस रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। मौजूदा समय में सर्विस रोड पर रोजाना करीब 50 हजार वाहन निकलते हैं। सुबह-शाम के समय सर्विस रोड पर ट्रैफिक जाम लग जाता है। इस जाम का एक कारण सर्विस रोड पर भारी अतिक्रमण होना भी है।

**इंटरचेंज के लिए जमीन का अधिग्रहण होगाः** सदर्न पेरिफेरल रोड को लेकर करीब 150 मीटर चौड़ी जमीन का अधिग्रहण किया हुआ है। वाटिका चौक पर इंटरचेंज तैयार करने के लिए आसपास लगते क्षेत्रों की जमीन की जरूरत पड़ेगी। निर्माण के रास्ते में बादशाहपुर क्षेत्र के कुछ मकान और दुकान आ रहे हैं। इनका अधिग्रहण या खरीद-फरोख्त करना होगा।

**एलिवेटेड रोड बनने से समय की बचत होगीः** मौजूदा समय में सुबह और शाम के समय एसपीआर को पार करने में 25 से 30 मिनट का समय लग जाता है। वाहन चालक को हर चौराहे पर लगी ट्रैफिक बत्ती से होकर निकलना पड़ता है। एलिवेटिड रोड बनने के बाद समय काफी कम लगेगा।

# सऊदी अरब से राजस्थान लौटा हज यात्रियों का जत्था, 164 हाजियों से भरी फ्लाइट आई

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हज 2025 यात्रा से तीर्थयात्रियों की वापसी शुरू हो गई है। मंगलवार को 81 महिलाओं और 83 पुरुषों सहित 164 तीर्थयात्रियों को लेकर एक फ्लाइट जयपुर के सांगानेर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर उतरी। हज यात्रा पूरी करने वाले तीर्थयात्रियों का अधिकारियों, राजस्थान राज्य हज समिति के सदस्यों और परिवार के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

यह पहली उड़ान सऊदी अरब के जेद्दा से आई है, और यह 29 जून तक तीर्थयात्रियों को वापस लाने के लिए निर्धारित 17 उड़ानों का हिस्सा है। प्रत्येक उड़ान की क्षमता 165 यात्रियों की है। एएनआई से बात करते हुए अलवर के तीर्थयात्री फत्तू खान ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा, यह बहुत अच्छा था, यह उत्कृष्ट था। लोग कह रहे हैं कि पहली बार व्यवस्था इतनी अच्छी थी, और पूरी यात्रा के दौरान एयर कंडीशनिंग ने अच्छा काम किया। हमने सुना था कि यह बहुत गर्म है, लेकिन हमें इसका बिल्कुल भी एहसास नहीं हुआ।

अलवर से आए एक अन्य तीर्थयात्री ने कहा, यह बहुत अच्छी यात्रा थी। वहां सभी को अच्छी सुविधाएं मिलीं और यात्रा भी अच्छी रही। यह बहुत खुशी की बात है। कुछ तीर्थयात्रियों ने कहा कि उन्होंने ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष



के कारण दुनिया में शांति के लिए प्रार्थना की। हज यात्री अब्दुल गफूर ने कहा, हमने शांति के लिए प्रार्थना की। खास तौर पर हमारे देश के लिए। हमारे देश और बाकी दुनिया में शांति बनी रहे।

इससे पहले, लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरे सऊदी एयरलाइंस के एक विमान से धुआं निकलने का पता चलने के बाद, विमान बचाव और अग्निशमन (एआरएफएफ) मौके पर पहुंचे और यह सुनिश्चित किया कि धुएं पर काबू पा लिया जाए और विमान को कोई नुकसान होने से बचाया जाए, लखनऊ हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सोमवार को कहा। अधिकारियों के अनुसार, 15 जून की सुबह हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। हवाईअड्डे के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। विमान जेद्दा से लौट रहा था।

सऊदी अरब में हज यात्रियों को लेकर जा रहा विमान। विमान के उतरने के कुछ समय बाद और टैक्सीवे पर खड़े होने के दौरान विमान के पहियों पर धुआँ और चिंगारी देखी गई। इस्लाम में हर व्यक्ति के लिए पाँच कर्तव्य (स्तंभ) निभाना अनिवार्य है, जिनमें से हज एक है। इस साल हज 4 जून से 9 जून के बीच सऊदी अरब में किया गया। भारत से सालाना हज यात्रियों का पहला जत्था मई की शुरुआत में ही शुरू हो गया था। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के अनुसार, कुल 1,22,518 हज यात्रियों ने पवित्र यात्रा की, जिसमें पहली उड़ानें लखनऊ और हैदराबाद से ही रवाना हुईं।

# ट्रंप को एनएएसीपी सम्मेलन में नहीं बुलाया गया, 116 वर्षों में पहले ऐसे राष्ट्रपति

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
नेशनल एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल (एनएएसीपी) ने सोमवार को कहा कि वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने अगले महीने होने वाले सम्मेलन में नहीं बुलाएंगे। यह सम्मेलन उत्तरी कैरोलिना के शार्लोट शहर में होगा। ऐसा पहली बार हुआ है कि 116 साल पुराने नागरिक अधिकार संगठन ने किसी वर्तमान राष्ट्रपति को अपने कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया है।

एनएएसीपी के अध्यक्ष डेरिक जॉनसन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने इस कदम की घोषणा की। उन्होंने ट्रंप पर अपने मिशन के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। जॉनसन ने एक बयान में कहा कि इसका राजनीतिक पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। हमारा मिशन नागरिक अधिकारों को आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान




राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका मिशन नागरिक अधिकारों को खत्म करना है। व्हाइट हाउस से इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

हाल के महीनों में एनएएसीपी ने ट्रंप के खिलाफ कई मुकदमे दायर किए हैं। उदाहरण के लिए, अप्रैल में समूह ने एक मुकदमा दायर किया ताकि शिक्षा विभाग स्कूलों को मिलने वाली फंडिंग न रोके, सिर्फ इसलिए कि उन्होंने विविधता और समानता से जुड़े कार्यक्रम बंद नहीं किए। संगठन का कहना है कि यह अश्वेत छात्रों के लिए बराबरी के अवसर खत्म करने जैसा है।

एनएएसीपी ने एक बयान में कहा, हमारे सम्मेलन में पहले भी रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के नेता शामिल होते रहे हैं। डेमोक्रेट राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन 1947 में एनएएसीपी सम्मेलन में शामिल होने वाले पहले राष्ट्रपति थे। एनएएसीपी अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय महत्वपूर्ण था क्योंकि संगठन ने लंबे समय से ऐसे राष्ट्रपतियों को आमंत्रित किया था, जिनके साथ उसके नीतिगत मतभेद थे।

उल्लेखनीय रूप से, रिपब्लिकन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश 2006 में सम्मेलन में शामिल हुए, हालांकि उनके प्रशासन की 2005 में आए तूफान कैटरीना से निपटने के तरीके की आलोचना हुई थी, जिसने अश्वेत लोगों को खासा नुकसान पहुंचाया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने भी 1981 में सम्मेलन में हिस्सा लिया था, जबकि उन पर वेलफेयर क्वीन जैसे शब्द इस्तेमाल करने के कारण नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप लगे थे।

# गाजा में भोजन वितरण केंद्र के पास गोलीबारी, 37 फलस्तीनियों की मौत

**गाजा , एजेंसी।** गाजा में अमेरिका समर्थित भोजन वितरण केंद्र के पास इस्राइल ने सोमवार को फिर गोलीबारी की। इसमें कम से कम 37 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इस्राइली सैन्य नियंत्रित क्षेत्र से गुजरने के दौरान फलस्तीनियों पर की गई यह हालिया दौर की सबसे भीषण गोलीबारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलीबारी की। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भोजन केंद्र तक पहुंचने की कोशिश में 33 फलस्तीनी मारे गए। चार अन्य जगह मारे गए। इससे पहले, 11 जून को भी कुछ ऐसा ही हुआ था। तब गाजा में राहत सामग्री और खाना पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर इस्राइली सेना ने गोलीबारी की थी। इसमें 36 लोग मारे गए और 207 घायल हो गए थे। इजरायली और अमेरिकी समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित सहायता स्थलों के पास हुई गोलीबारी में अब तक कम से कम 200 से अधिक लोग मारे गए और 1600 से अधिक घायल हो गए। इस्राइल की नाकाबंदी और सैन्य कार्रवाई ने गाजा को अकाल के कगार पर पहुंचा दिया है। गाजा में इस समय मानवीय संकट चरम पर है। महीनों से जारी इजरायल-हमास युद्ध के चलते इलाके में खाद्य सामग्री, दवाओं और बिजली की भारी किल्लत है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही राहत नहीं पहुंची, तो गाजा में भुखमरी और बीमारी से बड़े पैमाने पर मौतें हो सकती हैं। वहीं, इस्राइल और अमेरिका का कहना है कि उन्होंने नई खाद्य वितरण प्रणाली की शुरुआत हमास को मानवीय सहायता चुराने और उसका उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण में करने से रोकने के लिए की है।

# ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री ने कहा- अहमदाबाद एअर इंडिया हादसे पर गहरा दुख, कठिन समय में यूके-भारत एकजुट

**लंदन, एजेंसी।**
अहमदाबाद एअर इंडिया हादसे पर ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रायनर ने गहरा दुख प्रकट किया है। रायनर ने कहा कि इस कठिन समय में यूके और भारत एकजुट हैं। दुख की इस घड़ी में ब्रिटेन सभी पीड़ित परिवारों का दुख साझा करता है। रायनर ने लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, विमान दुर्घटना से प्रभावित सभी लोग कठिन समय का सामना कर रहे हैं। लंदन स्थित इंडिया हाउस द्वारा आयोजित सर्व-धर्म प्रार्थना के दौरान रायनर, उनके साथी सांसदों, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। हादसे में मारे गए लोगों और रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल लोगों के प्रयासों की सराहना भी की गई। इस कार्यक्रम में सभी प्रमुख धर्मों के आध्यात्मिक लोग मौजूद रहे। हताहतों को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। रायनर ने भारतीय उच्चायोग में अपने संबोधन में कहा, पिछले कुछ दिनों में मुझे एक बात सबसे अधिक प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन और भारत भले ही दो ऐसे देश हैं जिनके बीच भौगोलिक रूप से बहुत दूरी है, लेकिन वास्तव में हम बहुत करीब हैं। आज हम साथ मिलकर शोक मना रहे हैं। रायनर ने कहा, मैं आज यहां मौजूद सभी लोगों और उच्चायोग से परे सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहती हूं। ब्रिटेन आपके साथ है और आपका समर्थन करना जारी रखेगा।

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख होने के साथ-साथ गंभीर सदमे की बात कही। उन्होंने कठिन समय में समर्थन के लिए ब्रिटेन का आभार भी प्रकट किया।



दोराईस्वामी ने कहा, इस त्रासदी से हम सभी को एहसास हुआ कि जीवन अचानक समाप्त हो सकता है। उन्होंने कहा, हम 271 लोगों की मौत के बाद उनके पीछे छूटे कई परिवारों और दोस्तों के लिए शोक मना रहे हैं। इतने सारे लोगों की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। पीड़ित परिवार जैसे हालात से जूझ रहे हैं, ऐसे में यह कल्पना करना मुश्किल है कि हम कुछ भी कहें या करें, पीड़ितों को सांत्वना नहीं मिल सकती। इन एवरलास्टिंग मेमोरी नाम से आयोजित कार्यक्रम के तहत ब्रिटिश संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ कॉमन्स में भी चर्चा हुई। इसमें विदेश कार्यालय मंत्री हैमिश फाल्कनर ने संसद को बताया कि त्रासदी से प्रभावित ब्रिटिश नागरिकों की सहायता के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है।

फाल्कनर ने कहा, ब्रिटेन में लगभग 2 मिलियन भारतीय प्रवासी रहते हैं। गुजराती समुदाय के भी लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। हम इस त्रासदी का दर्द एक साथ महसूस करते हैं। हमारे बीच गहरे व्यक्तिगत संबंध हैं। ये भारत के साथ हमारी साझेदारी की ताकत की भी याद दिलाता है। दोनों देशों की साझेदारी संकट के समय विश्वास, साझा मूल्यों और आपसी समर्थन पर आधारित है। उन्होंने परिवारों की पीड़ा और हताशा को भी रेखांकित किया, जो शवों की पहचान और पार्थिव शरीर मिलने के इंतजार अभी तक अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई नहीं दे पाए हैं।

बता दें कि एअर इंडिया का अत्याधुनिक विमान- बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 बीते 12 जून को अहमदाबाद के मेघाणीनगर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड्स बाद क्रैश हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में 12 क्रू के सदस्य थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे के समय मेघाणीनगर में मौजूद कई लोग हताहत हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एअर इंडिया ने एक करोड़ 25 लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। एअर इंडिया विमान संख्या-एआई171 अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। बोइंग 787-8 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी श्रेणी का था। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। फ्लाइट क्यों क्रैश हुई इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129